संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज  समूह संपादक : रवि भारद्वाज  नई दिल्ली, सोमवार, 07 अप्रैल 2025 ₹ 2  www.actionindialive.com  facebook.com/actionindialive



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज और और अन्य योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23  वर्षः 19 अंकः 94 पृष्ठः 12  RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com  राष्ट्रीय संस्करण  दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# नई शिक्षा नीति को लेकर पीएम ने स्टालिन को घेरा

- पीएम मोदी ने रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज और और अन्य योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया, डीएमके सरकार हिंदी को लागू नहीं करना चाहती

**साधा निशाना**

**मोदी रामेश्वरम पहुंचे। इस दौरान सीएम स्टालिन न ही उन्हें रिसीव करने पहुंचे और न ही कार्यक्रम में पहुंचे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नईः** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और केंद्र सरकार के बीच नई शिक्षा नीति और ट्रायलैंग्वेज को लेकर विवाद चल रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री मोदी रविवार को रामेश्वरम पहुंचे। इस दौरान सीएम स्टालिन न ही उन्हें रिसीव करने पहुंचे और न ही कार्यक्रम में पहुंचे। पीएम मोदी ने रामेश्वरम में एशिया के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे ब्रिज और और अन्य योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। जनसभा के दौरान उन्होंने भाषा विवाद का जिक्र किए बिना डीएमके नेताओं और सीएम एमके स्टालिन को नसीहत दे दी। पीएम ने कहा- मैं राज्य सरकार से मांग करता हूं कि वे डॉक्टरी की पढ़ाई तमिल भाषा में कराएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि तमिलनाडु के कई नेताओं की चिट्ठियां मेरे पास आती हैं। आश्चर्य की बात है कि कोई नेता तमिल में सिग्नेचर नहीं करता। तमिल का गौरव बने, इसलिए इन लोगों को स्थानीय भाषा में सिग्नेचर करना चाहिए।





## सरकार के प्रयास से 4 हजार से ज्यादा मछुआरे श्रीलंका से वापस लौटेः मोदी

**पीएम** ने कहा- हमें आपकी रक्षा-सुरक्षा की भी चिंता है। भारत सरकार मछुआरों के साथ खड़ी है। केंद्र सरकार के प्रयास से 4 हजार से ज्यादा मछुआरे श्रीलंका से वापस लौटे हैं। इसमें 600 से ज्यादा बीते साल फ्री हुए। कुछ को फांसी की सजा हुई थी। उन्हें भी श्रीलंका से जिंदा वापस लाए और उनके परिवारों को सौंपा है।

छोटे किसानों को ?12 हजार करोड़ किसान योजना के तहत दिए

पीएम ने कहा- भारत के टैक्सपेयर का दिया हर पैसा गरीब के काम आए, यही गुड गवर्नेंस है। तमिलनाडु के लाखों छोटे किसानों को 12 हजार करोड़ रुपए पीएम किसान योजना के तहत दिए गए हैं। भारत की ग्रोथ में हमारी ब्लू इकोनॉमी का बड़ा रोल होने वाला है। तमिलनाडु की ताकत दुनिया देख सकती है। मछलियों के काम से जुड़ा तमिलनाडु का समाज बहुत मेहनती है। इसके लिए जो मदद चाहिए वो केंद्र सरकार इस समाज को दे रही है। पिछले 5 साल में पीएम मत्स्य संपदा स्कीम के तहत तमिलनाडु को करोड़ों रुपए मिले हैं। हमारी कोशिश है कि मछुआरों को ज्यादा फैसिलिटी मिले, आधुनिक सुविधाएं मिलें। चाहे फिशिंग हार्बर, लैंडिंग सेंटर हो। केंद्र सरकार यहां करोड़ों रुपए इन्वेस्ट कर रही है।

10 साल में देश की इकोनॉमी, 10 गुनी बढ़ी

मोदी ने कहा- पम्बन ब्रिज का सकारात्मक प्रभाव तमिलनाडु के विकास पर पड़ेगा। इससे यहां के लाखों लोगों का विकास होगा। इस ब्रिज के बनने से रामेश्वर से चेन्नई तक नई ट्रेनें चलेंगी। देश के अन्य हिस्सों से रामेश्वरम रेल मार्ग से जुड़ेगा। लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा।साथियों बीते 10 सालों में भारत ने अपनी इकोनॉमी का साइज 10गुना किया है। बीते 10 साल में हमने गैस, पानी, बिजली, पानी जैसी सुविधाओं का बजट 10 गुना बढ़ाया है।

**डीएमके सरकार हिंदी को लागू नहीं करना चाहती**

तमिलनाडु सरकार पिछले दो महीने से नई शिक्षा नीति के तहत राज्य में ट्राय लैंग्वेज पॉलिसी लागू करने का विरोध कर रही है। पॉलिसी के तहत तमिल, अंग्रेजी के अलावा हिंदी को भी शिक्षा के माध्यम में शामिल करने का प्रस्ताव है। डीएमके चीफ और सीएम स्टालिन इसका विरोध कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने रामेश्वरम मंदिर में दर्शन किए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रामनवमी पर तमिलनाडु के रामेश्वरम स्थित रामनाथ स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री 3 दिन के श्रीलंका दौरे से सीधे रामेश्वरम पहुंचे। श्रीलंका से लौटते हुए मोदी ने विमान से रामसेतु देखा। उन्होंने इसका वीडियो भी पोस्ट किया है। मोदी ने लिखा-श्रीलंका से लौटते हुए विमान से रामसेतु के दर्शन किए। यह तभी हुआ, जब अयोध्या के राम मंदिर में रामलला का सूर्य तिलक हो रहा था। यह दिव्य अनुभव था। प्रभु श्रीराम हम सभी को जोड़ने वाली शक्ति हैं। उनकी कृपा सदैव हम पर बनी रहे। मोदी पिछले साल भी रामेश्वरम आए थे। यहां अग्नि तीर्थम पर डुबकी लगाने के बाद रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा की थी। इस दौरान उन्होंने रामायण पाठ और भजन संध्या में भी हिस्सा लिया था।

## आज भाजपा का स्थापना दिवसः मोदी

**पीएम ने कहा**- आज भी देखिए कितना सुखद संयोग है। रामनवमी का पवित्र दिन है, रामेश्वरम की धरती है। यहां पर पम्बन ब्रिज का उद्घाटन हुआ। 100 साल पहले जिसने यह ब्रिज बनाया, वह गुजरात में पैदा हुआ था। आज नए ब्रिज का जिसने उद्घाटन किया उसका जन्म भी गुजरात में हुआ है। साथियों, आज जब राम नवमी है। रामेश्वर की पवित्र भूमि है। तब मेरे लिए भावुक पल भी है। आज भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस है। विकसित और समृद्ध भारत का जो लक्ष्य हम लेकर चल रहे हैं, उसमें एक-एक कार्यकर्ता का काम है। तीन-चार पीढ़ियां इसमें खप गई हैं। भाजपा के इस विचार ने आज हमें ये काम करने का मौका दिया है। आज के देश के लोग भाजपा सरकार में गुड गवर्नेंस देख रहे हैं। आज हर हिंदुस्तानी का सीना चौड़ा हो रहा है। साथियों, देश के हर राज्य, हर कोने में भाजपा कार्यकर्ता जिस तरह जमीन से जुड़कर काम करते हैं।

## तमिलनाडु के नेता तमिल में साइन नहीं करतेः मोदी

**पीएम** ने कहा- मैं तो कभी-कभी हैरान हो जाता हूं, जब तमिलनाडु के कुछ नेताओं की चिट्ठियां मेरे पास आती हैं। कभी कोई नेता तमिल भाषा में सिग्नेचर नहीं करता। तमिल का गौरव हो, कम से कम तमिल में सिग्नेचर तो करो। पीएम ने कहा- आज दुनिया में भारत के प्रति आकर्षण बढ़ा है। लोग भारत आना चाहते हैं, भारत को समझना चाहते हैं। तमिल भाषा और धरोहर दुनिया के कोने-कोने में पहुंचे। इसके लिए सरकार कोशिश कर रही है। मैं मानता हूं 21वीं सदी में इस महान परंपरा को और आगे ले जाना है। मुझे विश्वास है रामेश्वरम और तमिलनाडु की ये धरती हमें नई प्रेरणा देती रहेगी।

## पीएम ने किया वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज का उदघाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**रामेश्वरम ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज और रामेश्वरम -तांबरम (चेन्नई) नई ट्रेन सेवा और एक तटरक्षक जहाज की शुरूआत की। पंबन सी ब्रिज मुख्य भूमि और रामेश्वरम द्वीप के बीच एक रेल लिंक प्रदान करेगा। कार्यक्रम में तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी श्रीलंका के सफल दौरे के बाद वापसी यात्रा में विमान से रामेश्वरम पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री ने विमान से राम सेतु के दर्शन किए। इस दौरान वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री ने अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के भी दर्शन किए। रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीलंका से वापस आते समय आकाश से राम सेतु के दिव्य दर्शन हुए।

## जमीन का मालिक होना अपराध नहीं है- चंद्रशेखर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केरल बीजेपी के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने लोकसभा में विपक्षी नेता राहुल गांधी और केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन द्वारा केंद्र सरकार पर कैथोलिक चर्च की जमीन को निशाना बनाने के आरोपों पर कड़ा पलटवार किया। उन्होंने राहुल गांधी को संविधान पढ़ने की सलाह देते हुए कहा कि उनका राजनीति में झूठ फैलाने का तरीका गलत है।

जमीन का मालिक होना अपराध नहीं है-चंद्रशेखर

चंद्रशेखर ने कहा कि जमीन का मालिक होना अपराध नहीं है, जैसे भारतीय रेलवे, सेना और अन्य बड़ी संस्थाओं के पास जमीन होती है। लेकिन किसी से जमीन हड़पना गलत है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा पारित वक्फ एक्ट ने भारतीयों के संपत्ति अधिकारों का उल्लंघन किया था, जिसे अब वक्फ संशोधन द्वारा बहाल किया जा रहा है। चंद्रशेखर ने पिनाराई विजयन और राहुल गांधी के आरोपों पर कहा कि मुख्यमंत्री , जो राज्य की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर चुके हैं।

## डल्लेवाल ने खत्म किया अनशन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 131 दिन से चली आ रही रविवार को अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल खत्म कर दी। आंदोलनकारी किसानों की विभिन्न मांगों, विशेष रूप से फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर उन्होंने पिछले साल 26 नवंबर को अनशन शुरू किया था। एक दिन पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और रेलवे राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने उनसे अनशन खत्म करने की अपील की थी। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वह किसान संगठनों के साथ पहले से तय 4 मई को सुबह 11 बजे फिर से बैठक करेंगे।

## राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद वक्फ बिल बना कानून




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) बिल को शनिवार देर रात मंजूरी दे दी। सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया। अब नए कानून को लागू करने की तारीख को लेकर केंद्र सरकार अलग से एक नोटिफिकेशन जारी करेगी। यह बिल (अब कानून) 2 अप्रैल को लोकसभा और 3 अप्रैल को राज्यसभा में 12-12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। नए कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अब तक छह याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। नई याचिका केरल के सुन्नी मुस्लिम संगठन केरल जमीयतुल उलेमा ने दायर की है। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 11 अप्रैल से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। इससे पहले कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, अअढ विधायक अमानतुल्लाह खान, सिविल राइट्स संगठन एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स और जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी अलग-अलग याचिका लगा चुके हैं। इस पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों में हो रहे पक्षपात, दुरुपयोग और अतिक्रमण को रोकना है।

**कानून बना**

**लागू होने की तारीख केंद्र तय करेगा; मुस्लिम संगठनों का विरोध, सुप्रीम कोर्ट में 6 याचिकाएं**




रामेश्वरम में एक कार्यक्रम में पीएम मोदी का अभिनंदन करते केंद्रीय मंत्री।

## हमने कभी नहीं किया विचारधारा से समझौताः नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस पर रविवार को दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पर कार्यक्रम में आयोजित किया गया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के दिवंगत नेताओं दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमाओं का माल्यार्पण किया। इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता वहां मौजूद रहे। भाजपा अध्यक्ष ने इस दौरान पार्टी कार्यकताओं को अपने संबोधन में कहा कि



भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने वैचारिक अधिष्ठान को अडिग रखा है। हम वोट के खातिर इधर से उधर डिगे नहीं और सत्ता पाने के लिए हमने विचारधारा के साथ कोई समझौता नहीं किया। इसी की ताकत से आज भाजपा आगे बढ़ रही है।

## भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ न लगाने की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**

**लोंगवाः** नगालैंड के मोन जिले के एक नगा जनजातीय मुखिया ने केंद्र सरकार से भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ (फेंसिंग) लगाने और 'फ्री मूवमेंट रीजीम' (एफएमआर) क्षेत्र को कम करने के फैसले को तुरंत रद्द करने की अपील की है। टोन्येई फावांग, जो कि अंग (राजा) के 10वीं पीढ़ी के मुखिया हैं, ने कहा कि मोन जिले के दोनों ओर रहने वाले लोग कोन्याक नगा जनजाति से हैं और वे आपस में बहुत गहराई से जुड़े हुए हैं। उनके परिवार और रिश्तेदार दोनों देशों में बसे हुए हैं, और उनका रोजमर्रा का जीवन एक-दूसरे पर निर्भर करता है।

## रक्षा मंत्री ने आईएसओ सागर को दिखाई हरी झंडी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कारवार।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कर्नाटक के कारवार नौसैनिक अड्डे से हिंद महासागर पोत 'सागर' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में मुक्त नौवहन, नियम आधारित व्यवस्था और शांति सुनिश्चित करना भारत का सबसे बड़ा उद्देश्य है। भारत किसी भी देश की संप्रभुता से समझौता किए बिना हिंद महासागर में हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। राजनाथ नौसेना कमांडरों के सम्मेलन में भाग लेने और प्रोजेक्ट सीबर्ड के तहत नौसेना बेस पर नए विकसित बुनियादी ढांचे का उद्घाटन करने के लिए कारवार पहुंचे थे।



**बुनियादी ढांचे**

**हिंद महासागर क्षेत्र में शांति सुनिश्चित करना भारत का लक्ष्यः रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह**

**'क्षेत्र को और अधिक शांतिपूर्ण बनाना हमारा लक्ष्य'**

रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कारवार नौसैनिक अड्डे पर लोगों को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा, हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की तैनाती सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि मित्र देशों के लिए भी है। भारत का प्रयास हिंद महासागर क्षेत्र को और अधिक शांतिपूर्ण एवं समृद्ध बनाना है।

**बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया**

हिंद महासागर क्षेत्र में कोई भी देश अपनी विशाल अर्थव्यवस्था या सैन्य शक्ति के आधार पर किसी दूसरे को दबा न सके। रक्षा मंत्री ने नौसैनिक अड्डे पर विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

**खींचतान** पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को राज्य इकाई के प्रमुख के रूप में बनाए रखने का फैसला लिया

## कर्नाटकः प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे उपमुख्यमंत्री शिवकुमार

**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलूरूः** कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस में सत्ता संघर्ष खत्म होता दिख रहा है। कांग्रेस सूत्रों ने रविवार को बताया, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को राज्य इकाई के प्रमुख के रूप में बनाए रखने का निर्णय लिया है बता दें कि पिछले कई महीनों से पार्टी के अंदर शीर्ष पद को लेकर कलह चल रहा था। हाल ही में शिवकुमार मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के साथ पिछले गुरुवार और शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे थे। जहां उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। यह मुलाकात इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि शिवकुमार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने की मुहिम चल रही थी। सिद्धारमैया के खेमे के कई विधायक और मंत्री शिवकुमार को पार्टी के राज्य अध्यक्ष पद से हटने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि पार्टी नीति 'एक व्यक्ति, एक पद' का पालन होना चाहिए।



**डीके को हटाने के मूड नहीं कांग्रेस आलाकमान**

**पद बरकरार**

**पिछले कई महीनों से पार्टी के अंदर शीर्ष पद को लेकर कलह चल रहा था और कयास लगाए जा रहे थे**

बता दें कि डीके शिवकुमार राज्य के उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष दोनों पदों पर हैं, इसलिए पार्टी में उनके विरोधी यह तर्क दे रहे थे कि मंत्री पद का कार्यभार संभालने वाला व्यक्ति पार्टी के कार्यकताओं से मिलकर उचित रूप से पार्टी प्रमुख का कर्तव्य नहीं निभा सकता है। हालांकि आलाकमान डीके शिवकुमार को इस पद से हटाने के मूड में नहीं है। क्योंकि डीके शिवकुमार ने विधानसभा चुनावों फिर लोकसभा चुनावों में पार्टी को मिली जीत और हालिया उपचुनावों में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहा है। इसलिए पार्टी उनके योगदान को देखते हुए, उन्हें उस पद से हटाना नहीं चाह रही है। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया, ह्यह्यपार्टी आलाकमान कम से कम इस साल नवंबर और दिसंबर तक शिवकुमार को बदलने के लिए इच्छुक नहीं है।

## जमीअत ने वक्फ कानून को दी चुनौती

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों से पारित वक्फ संशोधन कानून को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद जमीअत उलमा-ए-हिंद ने इस कानून की संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी का कहना है कि यह कानून भारतीय संविधान पर सीधा हमला है। भारत का संविधान न सिर्फ सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है, बल्कि पूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता भी प्रदान करता है। यह कानून मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता छीनने की साजिश है, जो पूरी तरह संविधान के खिलाफ है। जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हमने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि अगर यह बिल कानून बन गया तो हम इसे देश की सर्वोच्च अदालत में चुनौती देंगे। इसलिए राष्ट्रपति की मुहर लगते ही जमीअत ने आज इस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर दी है। उन्होंने कहा कि जमीअत की राज्य इकाइयां भी इस कानून के खिलाफ संबंधित राज्यों के हाई कोर्ट में याचिकाएं दाखिल करेंगी। उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है कि इस असंवैधानिक कानून पर भी हमें न्याय मिलेगा। तथाकथित सेक्युलर दलों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि हमने इस कानून को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किए, लेकिन खुद को सेक्युलर कहने वाली पार्टियों ने न सिर्फ मुसलमानों के हितों का सौदा किया, बल्कि संविधान को भी अपने पैरों तले कुचल डाला और अपने असली चेहरे को पूरे देश के सामने उजागर कर दिया। मौलाना ने उन सभी सेक्युलर सांसदों का शुक्रिया अदा किया, जो देर रात तक संसद में डटे रहे।



# आसमां का कत्लः गला रेता, हथौड़ी से किए वार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा:** नोएडा के सेक्टर-15 में इंजीनियर महिला की हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे पहले पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने जो कबूल किया, वह हैरान करने वाला है। आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी सोई थी। वह किचन से चाकू लाया और उसकी गर्दन रेत दी। खून तेजी से बहने लगा, फिर कमरे में रखी हथौड़ी से ताबड़तोड़ सिर और चेहरे पर कई वार किए। जब वह आश्वस्त हो गया कि पत्नी मर गई है, तभी कमरे से बाहर निकला।

**10 साल से बेरोजगार है आरोपी नुरुल्लाह :** शनिवार को भी आरोपी के चेहरे पर पछतावा या अफसोस नहीं दिखा। यही कहता रहा कि वह पत्नी से मोबाइल पर ज्यादा लोगों से बात करने से मना करता था। पुलिस ने फेज-1 थाने में बेटे की शिकायत पर पिता के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी नुरुल्लाह हैदर ने बताया कि वह 10 साल से बेरोजगार है।

**आसमां के फोन पर अक्सर आते थे अनजान नंबरः** पत्नी आसमां एमएनसी में प्रोजेक्ट मैनेजर थीं। इस वजह से आसमां हमेशा उससे दुर्व्यवहार करती थीं। इससे वह गुस्से में था। शुक्रवार को जब लड़ाई हुई तो आरोपी ने सोचा कि रोज-रोज की कलह से अच्छा है कि पत्नी को खत्म कर दिया जाए। उसने यह भी कहा कि आसमां के मोबाइल पर अक्सर अनजान नंबर से कॉल आती थी। यह उसे पसंद नहीं था। इसके लिए उसने कई बार पत्नी को मना भी किया था।

**बिस्तर पर खून से लथपथ पड़ी थीं आसमां:** पुलिस के मुताबिक, आसमां का बेटा समद (19) निजी यूनिवर्सिटी से बीटेक कर रहा है। बेटे ने बताया है कि मां-पिता का निकाह 2005 में हुआ था। शुक्रवार को समद, उनकी बहन इनाया और नानी कमरे में थे। शुक्रवार को दोपहर एक बजे जब इनाया ने कमरे का दरवाजा खोला तो देखा कि आसमां बिस्तर पर खून से लथपथ पड़ी थीं। खून से लथपथ तकिया भी था। वह चिल्लाने लगी कि मम्मी मर गई हैं। आरोपी अक्सर आसमां का मोबाइल भी चेक करता था।

**... इनका शक खत्म नहीं हो रहा :** पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आसमां और नुरुल्लाह में अक्सर झगड़ा होता रहता था। आरोपी पत्नी पर शक करता था। एमएनसी में बतौर प्रोजेक्ट इंजीनियर कार्यरत आसमां का यह जवाब होता था कि वह ऑफिस से जुड़े काम के सिलसिले में किसी से फोन पर बात करती हैं। शुक्रवार को दोनों के बीच झगड़े को सुलझाने के लिए बहन और उनके पति व अन्य रिश्तेदार आए थे। तब आसमां ने कहा था कि इनका शक खत्म नहीं हो रहा है। पुलिस पूछताछ के दौरान वह कई बार यह बोला कि पत्नी के मोबाइल पर फोन आते थे।

# जैन किड्स स्कूल में शिक्षक अभिविन्यास कार्यशाला आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** स्कूल के फिर से खुलने के उपलक्ष्य में जैन किड्स स्कूल में प्रिंसिपल मोनिका सहगल के नेतृत्व में शिक्षकों के मार्गदर्शन के लिए एक शिक्षक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। मैनेजर सुभाष जैन ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि स्कूल में समय समय पर ऐसी कार्यशाला का आयोजन होते रहना चाहिए। जिससे शिक्षक नई तकनीक को अपनाकर बच्चों को पढ़ा सकें। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों और प्रौद्योगिकी के उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान करना था। जिससे वे छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकें। फिजिक्स वालाह के विशेषज्ञों ने ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म और अन्य शैक्षिक उपकरणों के उपयोग पर विस्तृत चर्चा की। मैनेजर सुभाष जैन और प्रिंसिपल मोनिका सहगल ने फिजिक्स वालाह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ उन्हें छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में मदद करेंगी।

# दो फैक्टरियों में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने पाया आग पर काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र स्थित हर्ष कंपाउंड औद्योगिक क्षेत्र साइट- 2 में दो फैक्टरियों में भीषण आग लग गई। इसमें करोड़ों रुपए का नुकसान हो गया। इस दौरान फायर ब्रिगेड ने एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियों ने आग पर पर काबू पाया। जिसमें कई घंटे का समय लगा आग बुझाने के लिए न केवल गाजियाबाद बल्कि नोएडा और हापुड़ से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मांगनी पड़ी। इस भीषण अग्निकांड में किसी के हाथ होने की खबर नहीं है। आग लगने के करणों की जांच की जा रही है। मुख्य मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि रात्रि में 3:10 पर कौशांबी फायर स्टेशन पर सूचना मिली कि साहिबाबाद थाना क्षेत्र के हर्षा कंपाउंड में साइट 2 इंडस्ट्रियल एरिया की दो फैक्ट्रियों में देर रात भीषण आग लग गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां घटना स्थल पर रवाना हुई तथा आग बुझाना शुरू किया। भीषण आग होने के कारण फायर स्टेशन कोतवाली, सहिबाबाद, कौशाम्बी व लोनी से भी कुल 12 गाड़ियां बुलायी गयी और रातभर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। राहुल पाल ने बताया कि हापुड़ व नोएडा से भी गाड़ियां बुलानी पड़ी। उन्होंने बताया कि स्थलीय निरीक्षण किया गया तो पाया कि आग 3/21 अजंता कंपाउंड लोनी रोड इंडस्ट्री एरिया साइट 2 में लगी थी आग से नजदीक में स्थित जे पी एस इंजीनियरिंग कंपनी जिसमें लोहे व एल्युमीनियम के फेब्रिकेशन का कार्य किया जाता था उसमे भी आग लग गई थी।

जिसको तुरंत ही कुछ ही समय के अंतराल पर बुझा लिया गया और आग को आगे बढ़ने से रोक दिया गया। अग्निकांड में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई,त्वरित कार्यवाही से आस पास की फैक्ट्री को बचा लिया गया। उन्होंने बताया कि हर्षा कंपाउंड स्थित फैक्टरी में अगरबत्ती के परफ्यूम और तेल फेब्रिकेशन का काम होता है।

**जांच जारी**

**इस भीषण अग्निकांड में किसी के हाथ होने की खबर नहीं है। आग लगने के करणों की जांच की जा रही**

# जननायक ताऊ देवीलाल जी को देश कर रहा है नमन : कुलदीप राठी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** ताऊ देवीलाल पार्क में जननायक चौ.देवीलाल की पुण्यतिथि के पर आज श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें इनेलो जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी सहित अन्य इनेलो नेताओं व कार्यकताओं ने महान शख्सियत को नमन किया। ताऊ देवी लाल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कुलदीप राठी ने कहा कि जनता के दिलों में बसने वाले नेता थे ताऊ देवीलाल। इसलिए, उनको जननायक कहा जाता है और लोगों का प्रेम उनके प्रति आदर एवं अपनेपन का था। जिसके कारण उन्हें ताऊ जैसे सम्मानित शब्द से आज भी याद किया जाता है। जननायक ताऊ देवीलाल जी का जीवन सदैव संघर्ष भरा रहा। उन्होंने राजनैतिक रूप से बड़े-बड़े नेताओं को खड़ा किया जो आज देश और बहुत से प्रदेशों में राजनीति करते हैं।



# महीपाल ढांडा, काजल शर्मा व की जीत पर जागरण 8 को

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा , वार्ड न.2 से भाजपा पार्षद काजल शर्मा व वार्ड न.6 से भाजपा पार्षद कोमल पांचाल के विजयी होने की मन्नत पूरी होने पर उनके खास समर्थ सतेन्द्र कुमार कश्यप उर्फ चव्वनी द्वारा 8 अप्रैल को मां भगवती का जागरण कराया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए सतेन्द्र कश्यप उर्फ चव्वनी ने बताया कि उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान माता रानी से मन्नत मांगी थी की उनके क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी महीपाल ढांडा के चुनाव जीतने पर वह माता रानी का जागरण करायेंगे। माता रानी की कृपा से महीपाल ढांडा न केवल अच्छे वोट से चुनाव जीते बल्कि प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री भी बने । जिसके बाद उन्होंने जागरण की तैयारी शुरू की ही थी की नगर निगम के चुनाव की घोषणा हो गई। भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा होने पर वार्ड 2 से काजल शर्मा तथा वार्ड 6 से कोमल पांचाल की जीत के लिए माता रानी से मन्नत मांगी तथा माता रानी ने उनकी यह मन्नत भी पुरी कर दी। इसलिए, अब वह 8 अप्रैल को मां भगवती का जागरण करा रहे हैं। जिसमें मुख्य अतिथि एवं उद्घाटनकर्ता प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा होंगे। जबकि ज्योत प्रचण्ड पार्षद काजल शर्मा, छत्र भेंटकर्ता पार्षद कोमल पांचाल पुत्रवधु ईसम पांचाल होंगी।

# होप फॉर यू टीम ने राम नवमी पर किया भण्डारे का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** होप फॉर यू टीम के सदस्यों और विभिन्न समाज सेवी महानुभावों के तत्वाधान में होप फ ॉर यू संस्था ने राम नवमी के उपलक्ष्य में जीटी रोड पर भण्डारे का आयोजन किया। संस्था के प्रधान दीपक मित्तल ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करना एक नेक काम है। इससे न सिर्फ उन्हें जरूरी संसाधन मिलते हैं बल्कि इससे समाज का भी विकास होता है। राम नवमी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज के दिन भक्त भगवान राम के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और उनके जीवन के सिद्धांतों का अनुसरण करने का संकल्प लेते हैं। होप फॉर यू संस्था भगवा- राम के इसी रूप से अभिभूत होकर इस प्रकार के मानवीय कार्य करती है।

# श्रीमद् भागवत सभी ग्रंथों का सार : श्रीमान साक्षी गोपाल दास

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** इस्कॉन कुरुक्षेत्र व इस्कॉन प्रचार समिति पानीपत के संयुक्त तत्वाधान में पानीपत में श्रीमद् भागवत कथा व भगवान श्री कृष्ण बलराम रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आज श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष श्रीमान साक्षी गोपाल दास जी का इस्कॉन प्रचार समिति के अध्यक्ष सुंदर लाल चुघ व चेयरमैन राम निवास गुप्ता ने फूल माला से स्वागत किया। इस्कॉन प्रचार समिति के सभी सदस्यों ने श्रीमद् भागवत कथा की शुरूआत कथाव्यस पीठ के अध्यक्ष श्रीमान साक्षी गोपाल दास जी द्वारा करवाई। श्रीमान साक्षी गोपाल दास ने बताया कि श्रुत गोस्वामी जी से सभी मुनियों से कहा की आप आप हमें सभी कथाओं का सार सुना दो। जिसके द्वारा हमारी तड़पती आत्मा सुखी हो जायेगी। श्रुत गोस्वामी जी ने कहा की अरे मुनीश्वरों सभी कथाओं का सार श्रीमद् भागवत कथा है। भगवान श्री कृष्ण के नाम, रूप और सभी लीलाओं का वर्णन श्रीमद् भागवतम में किया गया है। भागवत गीता के दसवें अध्याय के आठवें श्लोक में भगवान श्री कृष्ण अर्जुन से कहते हैं की इस सृष्टि में जो कुछ भी प्रकट हुआ है।



# 36 बिरादरी के मसीहा ताऊ देवीलाल हमेशा दिलों में रहेंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** ताऊ देवीलाल की पुण्यतिथि पर थर्मल बाईपास पर इनेलो के प्रधान महासचिव हरियाणा किसान सैल चौ. प्रेम सिंह भालसी व युवा इनेलो के प्रधान महासचिव डॉ.नवीन नैन भालसी व जिला के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ हवन यज्ञ कर-के श्रद्धांजलि अर्पित की। चौ. प्रेम सिंह भालसी ने कहा कि स्व.ताऊ देवीलाल 36 बिरादरी के नेता थे। उन्होंने हर वर्ग के लिए काम किए। आज के समय बुजुर्ग की आंखें नम हो जाती हैं जब उनके किए हुए कार्यों को याद करते हैं। डॉ.नवीन नैन भालसी ने कहा कि आज के समय ताऊ देवीलाल की बनाई हुई नीतियों के कारण हर घर में आर्थिक मदद पहुंच रही है। चाहे वो बुजुर्गों की पेंशन हो, बेरोजगारी भत्ता या खिलाड़ियों को सम्मान रूप में हो।

# गर्मियों में बढने लगे योग साधक

**पानीपत, (कमाल हुसैन )** भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति द्वारा आज विभिन्न स्थानों पर राम जन्मोत्सव मनाया गया। ई ब्लॉक अंसल के पार्क में सुबह सभी योग साधक, शिक्षक कार्यकर्ता शामिल हुए। पहले योग और प्राणायाम किया उसके बाद कविताएं , भजन कीर्तन आदि से इस त्यौहार को धूमधाम से मनाया। पतंजलि जिला प्रभारी अशोक अरोड़ा ने बताया कि सभी ने इस अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने तथा योग शिविर लगाने का संकल्प लिया। योग शिक्षक सुभाष बजाज ने बताया कि अब ज्यादा लोग पार्कों में योग करने के लिए आ रहे हैं। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान के प्रभारी शीशपाल, अशोक अरोड़ा, सुभाष बजाज, भारत बुद्धिराजा, सतीश, गिरीश, कुलभूषण बाली, तरुण, रमेश छुग, रेखा सैनिया, सुमन कक्कड़, ललिता झांब, सुनीता छुग, प्रीति, राकेश बाली, सरला, सरोज बजाज, कावेरी, मोनिका सेठी, वीणा छुग, किरण, नीलम, कमलेश बंसल, मीनू मंजू, कांता सचदेवा, सोमा, वानी, उमा, सपना व वैशाली आदि उपस्थित रहे।

# चित्रपट अवलोकन कार्यक्रम आयोजित

**संचरित**

**इस चित्रपट के माध्यम से विद्यार्थियों के मध्य संचरित हो। इस उद्देश्य से बच्चों को यह फिल्म दिखाई गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** आईबी कॉलेज के संगीत गायन और वादन विभाग द्वारा मराठी नाट्य पर आधारित फिल्म कट्यार काळजात घुसली का अवलोकन कार्यक्रम किया गया। विद्यार्जन और साधना एक साधारण जीवन को किस प्रकार असाधारण बना देते हैं तथा कला साधना के साथ-साथ अहंकार रहित जीवन की प्रेरणा इस चित्रपट के माध्यम से विद्यार्थियों के मध्य संचरित हो। इस उद्देश्य से बच्चों को यह फिल्म दिखाई गई। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक, डॉ.भगवंत कौर, डॉ. मोनिका सोनी, डॉ.सुनीता ढांडा, अश्विनी गुप्ता, विशाल, ललित कुमार व अमन कुमार आदि उपस्थित थे।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीज़ा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रुद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधु महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## PUBLIC NOTICE

My client Smt. Asha Jayant W/O Rajesh Jayant, R/O WZ-B12, CHOKIDHANI ROAD, MUKHARJEE PARK, TILAK NAGAR, WEST DELHI, DELHI 110018, aged about 55 Years, have debarred/ disowned her son, Shri Arpan Jayant, S/O RAJESH JAYANT R/O WZ-B12, CHOKIDHANI ROAD, MUKHARJEE PARK, TILAK NAGAR, WEST DELHI, DELHI 110018 aged about 27 Years from all his movable and immovable properties due to his callous attitude and behaviour and my clients have severed up all their relations and connections with him.In case anyone deal with the said son of my clients in future, he or she shall be doing so at his/her own risk and my clients shall not be held liable and responsible for the same.

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।









# हमारे लिए देश हमेशा प्रथम रहा: सीएम रेखा गुप्ता

## हमने हमेशा देश प्रथम, पार्टी द्वितीय और अपने आप को आखिर में रखकर इस सिद्धांत की अनुपालना की है: सीएम रेखा गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर आज दिल्ली भाजपा कार्यालय में जश्न का माहौल देखने को मिला। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भाजपा स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुईं। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत सांसद भाजपा कार्यालय में मौजूद रहेंगे। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, "हमने हमेशा देश प्रथम, पार्टी द्वितीय और अपने आप को आखिर में रखकर इस सिद्धांत की अनुपालना की है। हमारे लिए देश हमेशा प्रथम रहा है और हमेशा रहेगा। आज सरकार के माध्यम से हम दिल्ली और देश की तरक्की के लिए काम करने जा रहे हैं। सरकार दिल्ली में रहने वाले समाज के सभी वर्गों के हित में काम करेगी।" वहीं, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भाजपा के स्थापना दिवस पर कहा, "मेरा पार्टी से बहुत पुराना जुड़ाव है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा न केवल दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, बल्कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सामाजिक परिवर्तन के लिए लोगों की सेवा में हमने जो काम किए हैं, वे भी उल्लेखनीय हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विकसित करने का जो संकल्प लिया है, मैं मानता हूं कि उसमें भाजपा का बहुत बड़ा सहयोग होगा। मेरा मानना है कि आने वाले समय में भारत और आगे बढ़ेगा और इसमें भाजपा की बड़ी भूमिका होगी।"





**संकल्प**

▶▶ भारत को विकसित करने का जो संकल्प लिया है, मैं मानता हूं कि उसमें भाजपा का बहुत बड़ा सहयोग होगा

## प्रवेश वर्मा ने कस्तूरबा नगर में की पुलिया के काम की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल को चुनाव में हराकर विधायक बने कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने कस्तूरबा नगर विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से लंबित पड़ी मांग को पूरा करते हुए रतन लाल साहदेव मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य की औपचारिक शुरूआत से की है। यह पुलिया क्षेत्र के मुख्य नाले पर बनाई जा रही है, जिसकी लंबाई 25 मीटर और चौड़ाई 18 मीटर (2 2 लेन) होगी। 7.29 करोड़ की लागत से होगा काम परियोजना पर कुल 7.29 करोड़ रुपये की लागत आएगी और इसका कार्य आगामी 11 महीनों में पूरा कर लिया जाएगा। इस पुलिया के निर्माण से हजारों स्थानीय निवासियों को सीधी राहत मिलेगी और क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा।



'डबल इंजन सरकार की ताकत से हो सका काम'
इस मौके पर उन्होंने कहा, "यह सब कुछ डबल इंजन सरकार की ताकत से संभव हो सका है। जहां केंद्र और राज्य दोनों सरकारें मिलकर जनता के हित में कार्य कर रही हैं।"
प्रवेश वर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली के हर कोने तक विकास पहुंचे और ऐसी तमाम परियोजनाएं इसी संकल्प का हिस्सा हैं। इस मौके पर नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज और क्षेत्र के विधायक नीरज बसोया भी उपस्थित थे।

## दिल्ली के स्कूलों में रोहिंग्या के बच्चों को मिला दाखिला: आप



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के विधायक अनिल झा ने कहा कि करावल नगर में दिल्ली सरकार के स्कूलों में करीब दस रोहिंग्या स्टूडेंट्स को एडमिशन दिया गया है। हमारे पास इसकी पुख्ता जानकारी और सबूत हैं। वहां से विधायक जो मंत्री भी हैं, वे बताएं कि इन अवैध विदेशियों को क्यों एडमिशन दिया गया है। उन्होंने कहा, 'करावल नगर के एक स्कूल में भारतीय बच्चों का हक मारकर 10 रोहिंग्या बच्चों को एडमिशन दिया गया है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी रोहिंग्या को एहर फ्लैट में बसाने की बात कह चुके हैं। भाजपा को भारत के गरीबों, दलितों और अल्पसंख्यकों की चिंता नहीं है, उन्हें केवल रोहिंग्याओं की चिंता है। देश की सभी सेनाएं, सुरक्षा और खुफिया एजेंसी केंद्र सरकार की हैं लेकिन इसके बावजूद हजारों की संख्या में रोहिंग्या दिल्ली-एनसीआर में रह रहे हैं। दिल्ली में हजारों लोग बेघर हैं लेकिन केंद्र सरकार रोहिंग्या को एहर फ्लैट्स देने की बात कह रही है। अब दिल्ली सरकार के स्कूलों में रोहिंग्या बच्चों को एडमिशन दिया गया है।'
आप विधायक ने कहा कि अपनी दोहरी नीतियों के कारण केंद्र सरकार, दिल्ली और देश को अस्थिर कर रही है। दिल्ली में रह रहे जो हमारे बच्चे हैं, बीजेपी सरकार में उनके हक को मारकर रोहिंग्या घुसपैठियों को प्राथमिकता दी जा रही है। ट

# पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का किया भंडाफोड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कई राज्यों में सक्रिय एक नार्को-सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन नेपाली नागरिकों सहित सात प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इस अभियान में 17 किलोग्राम से अधिक चरस (हशीश) जब्त की गई। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 8.75 करोड़ रुपये है। यह सिंडिकेट नेपाल और कसोल (हिमाचल प्रदेश) से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में चरस की सप्लाई करता था।



दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के विशेष पुलिस आयुक्त देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि 20 नवंबर को दिल्ली के मजनू का टीला इलाके में हशीश की सप्लाई के बारे में एक गुप्त सूचना मिलने के बाद अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीम ने दो संदिग्धों प्रेम थापा और मोहम्मद जमील को गिरफ्तार किया। उनके पास से 1.192 किलोग्राम चरस बरामद की। इसके बाद एक प्राथमिकी दर्ज की गई और आगे की जांच शुरू की गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार संदिग्धों से पूछताछ के बाद अन्य प्रमुख गुर्गों की पहचान और गिरफ्तारी हुई। नेपाली नागरिक गंगा गुरुंग थापा को वजीराबाद में 712 ग्राम चरस के साथ पकड़ा गया। उसके आवास पर आगे की तलाशी में 13.766 किलोग्राम अतिरिक्त ड्रग बरामद हुई।

# वायु प्रदूषण कम करने के लिए कृत्रिम बारिश कराएगी दिल्ली सरकार

**मंथन**

▶▶ आईआईटी कानपुर की टीम ने बताते हुए कहा कि इससे वायु प्रदूषण को कम करने में मदद मिल सकती है



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार कृत्रिम बारिश कराने की दिशा में प्रयास कर रही है। इसी उद्देश्य को लेकर पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अंतर्गत ट्रॉपिकल मौसम विज्ञान संस्थान, पर्यावरण मंत्रालय, आईआईटी कानपुर, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्लाउड सीडिंग के माध्यम से आर्टिफिशियल रेन की संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक में आईआईटी कानपुर की टीम ने पूरी प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि इससे वायु प्रदूषण को कम करने में मदद मिल सकती है। आईआईटी कानपुर ने पहले भी क्लाउड सीडिंग में सफलता प्राप्त की है और बारिश कराने की इस तकनीक के पिछले सात में से छह प्रयोग सफल रहे हैं। बैठक में इस पहल को लागू करने के लिए जरूरी नियमों और अनुमतियों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने नियामक मंजूरी, उड़ान स्वीकृतियों और विभागों के बीच तालमेल पर विचार किया, ताकि यह योजना आसानी से लागू हो सके। इस मौके पर सिरसा ने कहा कि सरकार वायु प्रदूषण के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ रही है। यह सिर्फ एक प्रयास नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देने का हमारा कर्तव्य है। दिल्ली सरकार वायु प्रदूषण को कम करने के लिए लगातार आधुनिक तकनीकों को अपना रही है। रियल टाइम एयर क्वॉलिटी मॉनिटरिंग, स्मॉग टावर और पराली प्रबंधन के लिए बायो डीकंपोजर सहित अन्य पहल इसकी भविष्य की रणनीति का अहम हिस्सा हैं, जो स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अधिकारियों ने मंत्री को एक ऑनलाइन पोर्टल के बारे में जानकारी दी, जो निर्माण गतिविधियों से होने वाले डस्ट पॉल्यूशन को रोकने और 14 सूत्रीय कार्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में मदद करेगा। इसके अलावा मंत्री ने निर्माण स्थलों पर सेल्फ ऑडिट और सेल्फ असेसमेंट को बढ़ावा देने, पीटीजेड कैमरों के साथ वीडियो फेंसिंग लगाने और पीएम 2.5 स्तर की निगरानी के लिए सेंसर लगाने पर जोर दिया।

# 17 देशों में छिपे 34 गैंगस्टर्स पर नकेल कसने की तैयारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस पूरी तरह सक्रिय हो गई है। दिल्ली पुलिस अब उन जेलों पर नजर रखेगी, जिनमें इंटरनेट व मोबाइल फोन का इस्तेमाल हो रहा है। खासकर उन जेलों पर नजर रखी जाएगी, जहां देश विरोधी वारदात में लगे आरोपी व दोषी बंद हैं। इसके अलावा दिल्ली पुलिस ने विदेश में बैठे गैंगस्टर्स को भारत लगाने की कवायद जोरशोर से शुरू कर दी है। विदेश में बैठे गैंगस्टर्स के खिलाफ एलओसी, ब्लू-रेड नोटिस जारी किया जाएगा। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस ने अपनी जो टॉप-10 प्रमुखताएं तय की हैं, उनमें स्पेशल सेल की प्रमुखता में जेलों पर नजर रखने और गैंगस्टर्स को भारत लाना प्रमुख है। दिल्ली पुलिस की ओर से सभी अधिनस्थ अधिकारियों को जारी किए गए पत्र में कहा है कि दिल्ली पुलिस उन जेलों पर नजर रखेगी, जिनमें इंटरनेट का इस्तेमाल हो रहा है और इन जेलों में कट्टरपंथी व चरमपंथी बंद हैं।

**चौकस**

▶▶ दिल्ली पुलिस अब उन जेलों पर नजर रखेगी, जिनमें इंटरनेट व मोबाइल फोन का इस्तेमाल हो रहा

आरोप है कि ये लोग जेलों में इंटरनेट का इस्तेमाल कर देश विरोधी ताकतों को बढ़ावा देते हैं। दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त (अपराध शाखा) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि विदेश में बैठे संदिग्धों व भगोड़ों के विरुद्ध एलओसी, ब्लू-रेड नोटिस खोला जा रहा है।
अगर कोई वांछित या भगोड़ा बदमाश देश से बाहर भाग जाता है तो सबसे पहले उसका सबसे पहले पासपोर्ट रद्द किया जाता है, ताकि वह उस देश से दूसरे देश न जा सके। पासपोर्ट विदेश मंत्रालय द्वारा रद्द किया जाता है। इसके बाद इमिग्रेशन विभाग की ओर से एलओसी खोली जाती है। इसमें उस देश को सूचित किया जाता है।

# संदिग्ध हालात में नवविवाहिता की मौत

## फंदे से लटकी मिली; मायकेवालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रेम नगर में सुबह एक नवविवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। महिला अपने ससुराल में फंदे से लटकी हुई मिली है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करने के बाद महिला के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसडीएम के मृतका के परिवार वालों से बयान दर्ज करने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। मृतका की शिनाख्त 29 साल की रविका के रूप में हुई है। ससुराल वालों ने खुदकुशी करने की बात कही हैं, वहीं मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। रविका अपने पति मोहित और ससुराल वालों के साथ बी ब्लॉक कटारिया रोड, प्रेम नगर में रहती थी। त्रिपाठी एन्कलेव की रहने वाली रविका की मां सरस्वती देवी ने बताया कि एक साल पहले उन्होंने अपनी बेटी की शादी प्रेम नगर निवासी मोहित से की थी। उनका आरोप है कि शादी के दो माह बाद से ही पति रविका को के साथ मारपीट करने लगा था जिसकी वजह से वह अपने मायके आ गई थी। उसके बाद पति माफी मांगकर रविका को अपने साथ ले गया था, लेकिन बाद में फिर मारपीट शुरू कर दी। उनलोगों ने मोहित व उनके परिवार वालों को समझाने की कोशिश की थी। इसके बावजूद रविका के साथ मारपीट जारी रही। रविका कुछ दिन पहले ही ससुराल गई थी। परिवार वालों का आरोप है कि रविका के ससुराल वालों ने उसकी मौत की सूचना नहीं दी। शनिवार सुबह उसके बेटे का दोस्त रविका के ससुराल के पास से गुजर रहा था। भीड़ देखकर उसने लोगों से पूछताछ की। उसके बाद पता चला कि रविका की मौत हो गई है। परिवार वाले मौके पर पहुंचे तो रविका अपने कमरे में फंदे से लटकी हुई मिली।



## जामिया के छात्र नेताओं ने बिल का किया विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** संसद में वक्फ संशोधन बिल पास किये जाने के विरोध में दिल्ली में कई जगह प्रदर्शन हुए। पुलिस ने भी इसको लेकर पहले से ही तैयारी कर रखी थी। जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय परिसर से लेकर जामा मस्जिद के बाहर तक पुलिस का सख्त पहरा रहा। जामिया मिल्लिया में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के छात्र नेताओं ने 'हम वक्फ संशोधन विधेयक को अस्वीकार करते हैं' लिखी तख्तियां लेकर बिल का विरोध किया। विरोध में कहा कि यह सरकार एक धर्म के खिलाफ काम कर रही है।

# कैदियों और कर्मियों पर नजर रखेगी खुफिया सेल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की सभी जेलों में खुफिया सेल बनेगी, जो जेलों के अंदर चल रहीं संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मुख्यालय में तैनात खुफिया विभाग के अधिकारियों को देगी। यह जेलों में बंद कैदियों पर ही नहीं, बल्कि संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त जेल के अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी निगरानी रखेगी। गुप्त जानकारी पर मुख्यालय में तैनात अधिकारी ऐसे कैदियों, अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई करेंगे। दिल्ली की तिहाड़ जेल में खुफिया सेल की शुरूआत की जा रही है। इसका नेतृत्व जेल अधीक्षक स्तर के अधिकारी करेंगे। साथ ही इस टीम ने उप अधीक्षक, सहायक अधीक्षक, तीन-चार हेड वार्डर और 6 वार्डर शामिल होंगे। इसके अलावा हर जेल की गुप्त सूचना के लिए कैदियों और कर्मचारियों को इस खुफिया सेल से जोड़ा जा रहा है, जो जेल में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देने के लिए मुखबिर का काम करेंगे। जेल के अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि जेल में इस टीम के साथ काम करने वालों की जानकारी गुप्त रखी जाएगी। अधिकारी का कहना है कि टीम जेल के अंदर हथियारों, नशीले पदार्थों और मोबाइल फोन की आपूर्ति के बारे में गुप्त रूप से जानकारी एकत्र करेगी। फिलहाल टीम ने ट्रायल के तौर पर काम करना शुरू कर दिया है। इसकी अहम बात यह है कि टीम में कौन लोग शामिल हैं, इस बात की जानकारी किसी भी जेल में कार्यरत कर्मचारी को नहीं होगी। जेल के अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि जेल में अक्सर छापे के दौरान नशीले पदार्थ, हथियार और मोबाइल फोन मिलते हैं। प्रतिबंधित सामान जेल के भीतर कैदियों तक कैसे पहुंचता है, इसकी जांच में एक बात सामने आई कि इसमें जेल के कर्मचारी भी शामिल होते हैं। ऐसे में जेल अधिकारियों की ओर से फैसला लिया गया है कि ऐसे लोगों को चिन्हित करने के लिए जेल का अपना खुफिया विभाग स्थापित किया जाए, जो कैदियों के साथ-साथ ऐसे लोगों की पहचान करे, जो कैदियों को प्रतिबंधित सामान सप्लाई करने में लिप्त है।



**निगरानी**

▶▶ बंद कैदियों पर ही नहीं, बल्कि गतिविधियों में लिप्त जेल के अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी निगरानी रखेगी

# आईपीयू और आईजीडीटीयूडब्ल्यू के नरेला कैंपस बनने का रास्ता साफ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आईपीयू) व इंदिरा गांधी दिल्ली तकनीकी महिला विश्वविद्यालय (आईजीडीटीयूडब्ल्यू) के नरेला में बनने वाले कैंपस का रास्ता साफ हो गया है। दिल्ली सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दिल्ली के कई विश्वविद्यालयों में विभिन्न योजनाओं के लिए बड़ा बजट आवंटित किया है। इसका इस्तेमाल विश्वविद्यालय अपने परिसर के निर्माण और नए कोर्स शुरू करने पर करेंगे। फंड आवंटित नहीं होने से अब तक विश्वविद्यालय काम शुरू नहीं कर पा रहे थे। आईपीयू को कैंपस के निर्माण के लिए नरेला में 22 एकड़ जमीन आवंटित हो चुकी है। यह नया कैंपस दिल्ली-2047 ग्लोबल नॉलेज एजुकेशन हब के विजन पर तैयार होगा। दिल्ली सरकार ने विश्वविद्यालयों को नरेला में अपने परिसरों की स्थापना या विस्तार के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 500 करोड़ का बजट आवंटित किया है।



आईपीयू के कुलपति प्रो. डॉ. महेश वर्मा ने कहा कि यह बजट अभी सभी विश्वविद्यालयों के लिए संयुक्त बजट है। जल्द ही पता चल जाएगा कि हमारे विश्वविद्यालय को कितना बजट आवंटित किया गया है। इस बजट से हमारे नरेला कैंपस बनने का रास्ता साफ हो गया है। जमीन और पैसा मिलते ही कैंपस के निर्माण कार्य को शुरू कर दिया जाएगा।
हालांकि विश्वविद्यालय ने नरेला कैंपस से संचालित होने वाले दो कोर्सेज के लिए फरवरी से ही आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। जैसे ही कैंपस का काम पूरा होगा, इन कोर्सेज को वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। हॉस्टल भी तैयार होना है उसका काम भी शुरू कर देंगे। आईपीयू के अभी दो कैंपस हैं, जिसमें से एक द्वारका में वेस्ट ओर सूरजमल विहार में ईस्ट कैंपस है। नरेला में नया कैंपस बनने से कैंपस की संख्या तीन हो जाएगी। यहां शिक्षण और रिसर्च पर फोकस किया जाएगा। इस कैंपस में नौ स्कूल (विभाग) बनाने का प्रस्ताव है। इंदिरा गांधी तकनीकी महिला विश्वविद्यालय को बजट में 21.50 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इन पैसों से इस विश्वविद्यालय के भी नरेला में बनने वाले कैंपस का रास्ता साफ हो गया।
यहां विश्वविद्यालय के अलग तरह के कोर्सेज शुरू करने की तैयारी है। अभी इस विश्वविद्यालय का कैंपस कश्मीरी गेट में है।

**आवंटित**

▶▶ दिल्ली के कई विश्वविद्यालयों में विभिन्न योजनाओं के लिए बड़ा बजट आवंटित किया है

# पुलिस के एक और पिट में लगी भीषण आग

## चपेट में आई 345 गाड़ियां; 260 स्कूटी और बाइक जली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में गर्मी के बीच आग लगने का सिलसिला लगातार जारी है। नेहरू प्लेस स्थित ट्रैफिक पुलिस की पिट के अब वजीराबाद के पास दिल्ली पुलिस के पिट का है। जहां आग लगने का बड़ा हादसा हुआ। जिसमें काफी संख्या में गाड़ियां जलकर खाक हो गई। फायर कंट्रोल रूम को 4:30 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर अलग-अलग फायर स्टेशन से आग बुझाने वाली सात गाड़ियां पहुंची और 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि आग बुझाने के बाद फिर कर्मियों की टीम ने लगातार कूलिंग का काम किया। जिससे कि दोबारा आग ना भड़क सके। स्टेशन ऑफीसर मनोज त्यागी की टीम ने आग को सुबह साढ़े छह बजे के आसपास बुझाया। पूरी तरह कूलिंग करने के बाद फायर की गाड़ियां मौके से लौटी। लेकिन इस आग की चपेट में आकर 345 गाड़ियां जल गई। जिनमें से 260 स्कूटी और बाइक बाकी 85 कार शामिल है। राहत की बात यह रही कि इसमें कोई हताहत या घायल नहीं हुआ। 2 दिन पहले नेहरू प्लेस स्थित में आग पिट लग गई थी।



# डा. श्यामा प्रसाद के सपनों को आगे बढ़ा रहे हैं पीएम मोदी: नायब

**स्थापना दिवस**

**देश के 140 करोड़ लोगों को वट वृक्ष रूपी भाजपा छांव देने का काम कर रही : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी**

**भाजपा की यात्रा दो सांसदों से शुरू हुई और अब पीएम मोदी के नेतृत्व में तीन बार नॉन स्टॉप सरकार बनी**





टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश स्तरीय 46वां स्थापना दिवस पंचकूला में धूमधाम से मनाया गया। पार्टी के स्थापना दिवस के शुभ मौके पर रविवार को भाजपा का प्रदेश कार्यालय रोहतक से पंचकूला शिफ्ट हो गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने विधिवत हवन-यज्ञ कर नए कार्यालय का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश के कोटि-कोटि कार्यकर्ताओं सहित प्रदेशवासियों को भाजपा के स्थापना दिवस और राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी और प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य जीवन की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अटल चौक, अटल पार्क की आधारशिला रखी और पंचकूला कार्यालय में अटल सभागार का उद्घाटन भी किया।

अटल सभागार में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पहले अध्यक्ष बने। अटल जी के नेतृत्व में जनसंघ के बाद भाजपा की यात्रा दो सांसदों से शुरू होकर इतनी तेज गति से आगे बढ़ी कि पीएम मोदी के नेतृत्व में लगातार तीन बार जनता ने भाजपा को समर्थन दिया और आज नॉन स्टॉप भाजपा की सरकार देश में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने एनडीए का गठन किया जिसे आज प्रधानमंत्री मोदी भी साथ लेकर चल रहे हैं और देश को आगे बढ़ाने और विकसित करने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए गर्व और गौरव की बात है कि पार्टी के प्रदेश कार्यालय पंचकमल से संगठन को मजबूती मिलेगी। प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज अटल पार्क का शिलान्यास हुआ है, इस पार्क में अटल जी की स्मृतियां देखने को मिलेगी और अटल जी की एक बड़ी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा आज एक वट वृक्ष बनी है और इसे वट वृक्ष बनाने में कई पीढ़ियां खपी है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और तपस्या का परिणाम है कि देश के 140 करोड़ लोगों को वट वृक्ष रूपी भाजपा छांव देने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को आगे बढ़े। पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी डा. मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को गति देते हुए देश को आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश गति से बदला है। आष्युमान कार्ड से गरीबों को इलाज हो रहा है। देश में प्रधानमंत्री जन औषधालय खुले हैं जहां सस्ती दवाईयां लोगों को मिल रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने गरीब व्यक्ति को मजबूत करते हुए मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है। नायब सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। सड़क मार्ग द्वारा चंडीगढ़ एयरपोर्ट से दिल्ली एयरपोर्ट का सफर दो ढाई घंटे में पूरा हो रहा है। श्री सैनी ने कहा कि भारत के विकसित राष्ट्र बनने में हम सभी कार्यकर्ताओं की बड़ी भूमिका रहने वाली है। हमारा नेता अगर कोई बात बोलता है तो उसकी जिम्मेदारी पूरी टीम की होती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की पांचवी आर्थिक ताकत बना और जल्द ही 2029 से पहले विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति भारत बन जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को भारत रत्न भीम राव अंबेडकर की जयंती के मौके पर हरियाणा आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी हरियाणा को पहला महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट देंगे और साथ ही यमुनानगर में चौधरी दीनबंधु छोटूराम थर्मल पॉवर की 800 मेगावाट क्षमता की एक युनिट की आधारशिला रखेंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया



सांसद जय प्रकाश को भी पीएम मोदी के कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा की विचार धारा सभी को साथ लेकर चलने की है। हिसार एयरपोर्ट के उद्घाटन के मौके पर सांसद जय प्रकाश को भी आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सांसद जय प्रकाश जल्द ही आवेश में आ जाते हैं और ऐसा इसलिए होता है कि पीएम मोदी काम कर रहे हैं और देश को आगे बढ़ा रहे हैं, जबकि कांग्रेस में यह प्रचलन नहीं है। नायब सैनी ने कहा कि जय प्रकाश हिसार के सांसद हैं और उन्हें कार्यक्रम में आना चाहिए और हिसार एयरपोर्ट से भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या भी जाना चाहिए।

**किसी कर्मचारी को हटाया नहीं जा रहा, विपक्ष युवाओं को गुमराह कर रहा है:** भाजपा के मुख्यालय शिफ्ट होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे कार्यकताओं को बड़ा लाभ मिलेगा। कार्यकताओं और लोगों के चंडीगढ़ में काम होते हैं तो इस कार्यालय से काफी मदद मिलेगी। एक अन्य सवाल पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने एचकेआरएन के 1 लाख 20 हजार युवाओं का जॉब सुरक्षित किया है। किसी भी कर्मचारी को हटाया नहीं जा रहा है। विपक्ष खाली गुमराह करने का काम कर रहा है। सीएम ने यह भी कहा कि अगर कहीं कोई शिकायत है तो वह जांच का विषय है।

**वक्फ संशोधन बिल से कांग्रेस की दाल रोटी बंद हो गई :** एक अन्य सवाल पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों में बुक पहुंचाने का टैंडर हो चुका है। जल्द ही किताबें बच्चों तक पहुंच जाएगी। वक्फ संशोधन बिल पर श्री सैनी ने कहा कि हमने विधानसभा में भी घोषणा की थी और एक कमेटी भी बनाई है। हरियाणा में कोई मामला है तो उसकी जांच की जाएगी। वक्फ संशोधन बिल मुस्लिम समाज के हित में है।

## कार्यकर्ताओं के परिश्रम से भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना: पंडित मोहन लाल बड़ौली

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से भाजपा पूरी दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक पार्टी बनी है। हम सभी एकजुट होकर भाजपा परिवार के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज 21 राज्यों में भाजपा व एनडीए की सरकार है। नगर निगम, नगरपरिषद, नगरपालिका या फिर जिला परिषद सभी जगह भाजपा के कार्यकर्ता नजर आ रहे हैं यह कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है। पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि जिस विचार को लेकर पार्टी का गठन हुआ आज उसी विचार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लेकर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विकसित देश और विश्व गुरु बनाने की दिशा में लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश कांग्रेस की विचारधारा से मुक्त हो रहा है। कांग्रेस व अन्य दलों के नेता भाजपा की विचारधारा से जुड़ रहे हैं। श्री बड़ौली ने कहा कि हमें एकजुट होकर पार्टी की सेवा करनी है, अब जल्द ही पंजाब में परीक्षा की घड़ी आने वाली है, हमें मिलकर काम करना है।

श्री बड़ौली ने कहा कि दिल्ली में जब बैठकें होती है और हमारा राष्ट्रीय नेतृत्व हरियाणा के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करता है तो हमें गर्व होता है। दिल्ली में एक चैनल के उद्घाटन पर फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की और कहा कि हमें भी भाजपा के कार्यकर्ताओं से ट्रेनिंग लेनी होगी और काम करने का तरीका सीखना होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमें कमल के फूल के लिए काम करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाना है। मंच पर राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, विधायक शक्ति रानी शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, मेयर कुलभूषण गोयल, चेयरमैन कृष्ण लांबा सहित कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने श्री माता मनसा देवी मंदिर में सपरिवार की पूजा



टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने रविवार को श्री माता मनसा देवी मंदिर में सपरिवार माथा टेक पूजा अर्चना की व महामायी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने हवन यज्ञ में आहुति डालकर माता रानी से प्रदेशवासियों के संकटों को दूर करने और सभी के जीवन में सुख, समृद्धि व शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। राज्यपाल ने शक्ति की उपासना के महापर्व नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी के अवसर पर माता मनसा देवी के मंदिर में 21 कन्याओं को भोजन करवाकर माता रानी का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों को रामनवमी की बधाई व शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेशवासी भाईचारे के साथ रहें और प्रदेश की उन्नति में अपना सहयोग देकर हरियाणा को देश का नंबर एक राज्य बनाने में अपना योगदान दें।

## भाजपा का कार्यकर्ता, कार्यपद्धति और नेतृत्व सर्वश्रेष्ठ: धनखड़

**बधाई दी**

**हमारा लक्ष्य हर घर तक पहुंचे भाजपा की विचारधारा : धनखड़**

**रामनवमी और पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस पर दी बधाई**



टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औम प्रकाश धनखड़ ने रामनवमी और पार्टी के 46 वें स्थापना पर झज्जर में कार्यकर्ताओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए पार्टी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विकास बाल्मिकी को पदभार ग्रहण कराया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए, कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता,कार्य पद्धति और नेतृत्व सर्वश्रेष्ठ है। अटल जी से लेकर मोदी जी तक हमें सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व मिला है। हमारा सभी का लक्ष्य पार्टी की विचारधारा को हर घर तक पहुंचाना है। यह आपके परिश्रम से ही संभव होगा। इसलिए आगे बढ़ें, संगठित रहें, और राष्ट्र के लिए समर्पित रहें। उन्होंने कहा कि अंत्योदय के सिद्धांत को आत्मसात कर, सेवा ही संगठन के मंत्र को सदैव अग्रसर रखने वाला और भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनाने वाला हर कार्यकर्ता मेरे लिए भगवान का रूप है। विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा का सम्माननीय सदस्य होने के नाते बधाई का पात्र है।

**पीएम का हरियाणा आगमन ऐतिहासिक:** धनखड़ ने कहा कि यह क्षण गौरवशाली है, प्रदेश में ट्रिपल इंजन सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी हरियाणा में बाबा साहेब अंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल को दो दो कार्यक्रमों में आ रहे हैं। हिसार में प्रदेश को अपना पहला एयरपोर्ट मिलने जा रहा है। साथ ही यमुनानगर में थर्मल पावर प्लांट की नई इकाई का शिलान्यास भी करेंगे। हम सभी मिलकर अपने जिले से भारी संख्या में हिसार पहुंचकर इस ऐतिहासिक अवसर को अविस्मरणीय बनाएंगे। पीएम मोदी सुबह हिसार और दोपहर बाद यमुनानगर आएंगे।कार्यक्रम अनुसार झज्जर जिले के कार्यकर्ताओं को हिसार पहुंचने की जिम्मेदारी मिली है। झज्जर जिले से पांच हजार कार्यकर्ता हिसार कार्यक्रम में पहुंचेंगे।

**प्रदेशभर में बाबा साहेब की प्रतिमा पर दीपोत्सव और माल्यार्पण:** धनखड़ ने कहा कि भाजपा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को धूमधाम से मनाने जा रही है। प्रदेश और जिले में जहां कहीं भी बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित है।

## विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन भाजपा: डॉ अरविंद शर्मा



टीम एक्शन इंडिया

बलराम: गोहाना (सोनीपत)। सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं के राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव की बदौलत और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा और मजबूत नेतृत्व की बदौलत भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन बना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हमें मिलकर राष्ट्र विरोधी ताकतों का सामना करते हुए अपने देश और संगठन को सशक्त बनाना है।

भारतीय जनता पार्टी के 45वें स्थापना दिवस के मौके पर सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने अपने गोहाना सेक्टर 7 स्थित आवास पर पार्टी झंडा फहराया व कार्यकर्ताओ भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। अपने संबोधन में सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के 45वें स्थापना दिवस अवसर पर संगठन की मजबूत नींव के आधार कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव, सामाजिक ताने-बाने को सशक्त बनाने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। वर्ष 1984 में भाजपा 2 सीटों के साथ देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंची थी और आज सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व के साथ भाजपा विश्व में भारत को गौरवान्वित कर रही है।

भाजपा के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर वर्तमान में जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व तक संगठन ने जो विस्तार प्राप्त किया है, वह देश की जनता की निरंतर उम्मीदों पर खरा उतरने के फलस्वरूप संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि लाखों कार्यकर्ताओं के बलिदान, संघर्ष की बदौलत भाजपा आज देश को अंदरूनी और बाहरी मोर्चे पर मजबूत बनाने में कामयाब रही है। मुझे खुशी है कि हम एक ऐसे संगठन के कार्यकर्ता हैं।

**सहकारिता**

**गोहाना में अपने आवास पर सहकारिता मंत्री ने किया ध्वजारोहण**

**लगाए भारत माता की जय के नारे**

## पंचकूला के सेक्टर- एक में बनेगा भव्य अटल पार्क

चंडीगढ़- रामनवमी के पावन अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूलावासियों को दो बेहतरीन सौगात देने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने माता मनसा देवी काम्प्लेक्स सैक्टर- एक में आज अटल चौंक व अटल पार्क के निर्माण का शिलान्यास किया। अटल चौंक व पार्क पर लगभग 16 करोड रुपए की राशि खर्च होगी। अटल चौंक माता मनसा देवी काम्प्लेक्स से सुखना लेक जाने वाले मार्ग पर बनाया जा रहा है। इस चौंक का कुल 40 फीट का डायमीटर होगा। चौंक को भव्य बनाने के लिए फव्वारे व लाईटें लगाई जाएगी।

## अब न कहीं विपक्ष, न कहीं विपक्ष के पास कोई मुद्दा: नायब

**दावा**

**राखी से हो रहे नुकसान के सवाल पर को उन्होंने कहा कि अब आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल हो रहा है**



टीम एक्शन इंडिया

यमुनानगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल को 800 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट की आधारशिला कार्यक्रम में यमुनानगर पहुंचेंगे और विशाल रैली को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के आगमन कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यमुनानगर में रैली स्थल पर पहुंचे। इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा और पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवर पाल सहित अन्य नेता भी मौजूद रहें। रविवार को पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत विकसित, हरियाणा विकसित को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल को जहां एक और हिसार में हवाई अड्डे का उद्घाटन करने आ रहे है। वे यमुनानगर में 800 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट की आधारशिला भी यहां पहुंचकर रखेंगे। उन्होंने कहा कि यहां की जनता में प्रधानमंत्री की रैली को लेकर भारी उत्साह है। आने वाली जनता को यहां पानी, टैंट, पार्किंग जैसी सभी व्यवस्था अच्छे ढंग से मिलें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में तिहरे इंजन की सरकार तीन गुना गति से विकास कार्य कर रही है। आज के समय में बिजली की बहुत ज्यादा मांग है और इसके लिए हम पहले से ही तैयार है। आने समय में बिजली से सम्बंधित उत्पादों की भी ज्यादा मांग होगी।

वहीं थर्मल पावर प्लांट से सटे गांव रतनपुर के लोगों के थर्मल प्लांट से उड़ने वाली राखी से हो रहे नुकसान के सवाल पर को उन्होंने कहा कि अब आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल हो रहा है। इसलिए इसके अधिक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## गजेंद्र फोगाट का गाया गाना भी बैन

चंडीगढ़। हरियाणा के सीएम नायब सैनी के ओएसडी व हरियाणवी सिंगर गजेंद्र फोगाट का गाना तड़के पावेगी लाश नहर में सरकार ने यूट्यूब पर बैन कर दिया है। गजेंद्र फोगाट हरियाणा सरकार की पब्लिसिटी सेल के चेयरमैन और मुख्यमंत्री के ओएसडी हैं। सिंगर मासूम शर्मा ने खुद के गाने बैन किए जाने के बाद गजेंद्र फोगाट के गाने को लेकर सवाल उठाए थे। इस पर कार्रवाई करते हुए सरकार अब तक गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले 30 से अधिक गाने बैन कर चुकी है। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने सबसे पहले गन कल्चर को बढ़ावा देने वाले 9 गानों को बैन कर दिया था।

## हरियाणा में अग्निवीरों को राज्य पुलिस भर्ती में दिया जाएगा 20 प्रतिशत आरक्षण: मुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य है जिसने अग्निवीरों को सेना की सेवाअवधि के बाद नौकरी देने का प्रावधान कर उनका भविष्य सुरक्षित किया है और उन्हें सुरक्षा कवच प्रदान किया है। राज्य पुलिस की भर्ती में अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा। इसी तरह से वन विभाग में फोरेस्ट गार्ड, जेल वार्डर और खनन गार्ड की नौकरी में भी अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री आज यहां पंचकूला स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अग्निवीरों को नौकरी में आरक्षण प्रदान को लेकर की गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर सेना की सेवा अवधि के बाद हरियाणा में नौकरी पा सकेंगे, इसको लेकर उनके लिए अलग से पोर्टल बनाया जाएगा, जिस पर वे अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके बाद उन्हें शैक्षणिक योग्यता के आधार पर नौकरियों में वरीयता दी जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2022 से आरंभ की गई अग्निपथ नामक योजना के तहत सेना के तीनों अंगों थल, जल व वायु सेना में अग्निवीरों की भर्ती की गई है। अग्निवीरों का पहला बैच जुलाई 2026 में पूरा होना है, जबकि हरियाणा मंत्रिमंडल ने इससे पहले ही हरियाणा अग्निवीर नीति 2024 क्रियान्वित कर अग्निवीरों को सुरक्षा कवच प्रदान कर दिया है। बैठक में जानकारी दी गई कि हरियाणा से वर्ष 2022-23 के दौरान 2227 तथा 2023-24 के दौरान लगभग 2893 अग्निवीर के रूप में थल, जल व वायु सेना में भर्ती हुए थे। हरियाणा में अग्निवीरों को खनन गार्ड, जेल वार्डर तथा एसपीओ की भर्ती में 10 प्रतिशत होरिजेंटल आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा ग्रुप सी की भर्ती में 5 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा।

## मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के पथ पर आगे बढ़ रहे: कृष्णलाल

टीम एक्शन इंडिया

चंडीगढ़। भाजपा का 46वां स्थापना दिवस रविवार को गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में धूमधाम से मनाया गया। कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय में ध्वजारोहण कर विकसित भारत, विकसित हरियाणा बनाने का संकल्प लिया। श्री पंवार ने सभी देवतुल्य कार्यकर्ताओं को भाजपा के स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र सर्वोपरि का संकल्प लेकर भारत को विकसित एवं विश्व गुरू बनाने के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। इस मौके पर श्री पंवार ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भारतीय राजनीति में उनके योगदान को भी याद किया। इससे पहले पार्टी कार्यालय पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी और कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री कृष्णलाल पंवार का जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने मोदी जिंदाबाद, नायब सैनी जिंदाबाद और मोहन लाल बड़ौली जिंदाबाद के नारे लगाए। श्री पंवार ने कहा कि भारतीय जनसंघ के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में कश्मीर एवं राष्ट्रीय अखंडता के मुद्दे पर आंदोलन छेड़ा तथा कश्मीर को



किसी भी प्रकार का विशेषाधिकार देने का विरोध किया। नेहरू के अधिनायकवादी रवैये के फलस्वरूप डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को कश्मीर की जेल में डाल दिया गया, जहां उनकी रहस्यपूर्ण स्थिति में मृत्यु हो गई। 1967 में पहली बार भारतीय जनसंघ एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नेतृत्व में भारतीय राजनीति पर लम्बे समय से बरकरार कांग्रेस का एकाधिकार टूटा, जिससे कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की पराजय हुई। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना हुई। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पहले अध्यक्ष बनें। 1984 के लोकसभा चुनाव पार्टी को केवल दो सीटों पर जीत हासिल हुई थी। 1989 में पार्टी ने 85, 1991 में 120 सीटों पर जीत दर्ज की। भाजपा की जीत का सिलसिला आगे बढ़ता गया और 1996 में 161, 1999 में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला और बीजेपी को 183 सीटें हासिल हुईं।

अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार पांच साल तक चली थी। फिर 2014 के लोकसभा चुनाव में जनता ने ऐतिहासिक बहुमत दिया और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। अटल बिहारी के नेतृत्व में विकास के अनेक नये प्रतिमान स्थापित किये। पोखरण परमाणु विस्फोट, अग्नि मिसाइल का सफल प्रक्षेपण, कारगिल विजय जैसी सफलताओं से भारत का कद अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर ऊंचा हुआ।

**विकास पथ पर**

**पीएम मोदी के नेतृत्व में सुशासन का नया युग शुरू हुआ, पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार ने देश में विकास के अनेक कीर्तिमान स्थापित किए: पंवार**

# विधायक कृष्णा के नेतृत्व में उत्साहपूर्वक मनाया भाजपा का स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई (सोनीपत), ०६ अप्रैल। सेक्टर-सात स्थित भारतीय जनता पार्टी** के जिला कार्यालय में राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत के नेतृत्व में भाजपा का स्था पना दिवस धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने भारतमाता को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भाजपा को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामाप्रसाद मुखर्जी की तस्वीरों पर भी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पार्टी का ध्वज लहराया। विधायक कृष्णा गहलावत के नेतृत्व में भाजपा के पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक पार्टी का स्था पना दिवस मनाते हुए जोरदार नारे लगाये। सबने मिलकर भारतमाता तथा राष्ट्रवादी



विचारधारा के संवाहक रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय और भारतीय जनसंघ के संस्थासपक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित की। सभी ने संकल्प लिया कि वे संगठन की मजबूती के लिए समर्पित भाव से प्रयासरत रहेंगे। संगठन की ओर से मिलने वाले हर दा?यित्व का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी व कर्मठता के साथ पूर्ण करेंगे। कार्यकताओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि भाजपा का स्थालपना दिवस आज पूरे देश में बड़े ही हर्ष एवं उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। भाजपा का मूल भारतीय जनसंघ है, जिसकी स्थाकपना श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने १९५१ में की। इसके पश्चात ६ अप्रैल १९८० को देश के प्रखर राष्ट्रवादियों एवं विचारशील नेताओं द्वारा भाजपा

**पहचान बनाई**

**▶▶ भाजपा ने सशक्त, समर्पित और राष्ट्रहित में कार्य करने वाली राजनीतिक ताकत के रूप में पहचान बनाई**

की स्थीपना की गई। भाजपा ने आज एक सशक्त, समर्पित और राष्ट्रहित में कार्य करने वाली राजनीतिक ताकत के रूप में अपनी पहचान बनाई है। भाजपा मात्र एक राजनीतिक दल नहीं अपितु एक विचारधारा है जो सबका साथ सबका विकास की भावना से देश के प्रत्येक नागरिक के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि भारत को एक सम?र्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य साथ भाजपा का गठन किया गया, जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। अपनी स्था पना के साथ ही भाजपा ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं जनहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की। साथ ही भारतीय राजनी?ति को नये आयाम दिए। देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपा नीत राजग शासन के दौरान रखी।

दशकों उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसी एक पार्टी को देश की जनता ने पूर्ण बहुमत दिया। आज भी भारी बहुमत से भाजपानीत राजग सरकार केंद्र में शासित है।

## मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम जन्मोत्सव यज्ञ किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। रविवार को वेद** प्रचार मंडल एवं आर्य समाज के संयुक्त राष्ट्र में आर्य समाज मुख्यालय महेंद्रगढ़ के पावन यज्ञशाला में डॉक्टर प्रेम राज आर्य के राष्ट्रपति के रूप में भारत के प्राण, मानव के आदर्श, धर्म के सर्वोत्कृष्ट स्वरूप, हमारे संप्रदाय के आदर्श, प्रभु श्री राम के पावन जन्मोत्सव 'श्री राम नवमी' पर्व यज्ञ एवं सत्संग का बड़ा आयोजन किया गया। डॉ. सुरसुरा कुमार कार्यशाला मुख्य यजमान रहे, पंडित भूपेन्द्र सिंह आर्य एवं वेद प्रकाश आर्य ने वैदिक विधि विधान से यज्ञ किया।

डॉ. सुरसुरा कुमार कार्यशाला ने बताया कि राम को मयार्दा और आदर्श के रूप में जाना जाता है, जो आदर्श चरित्र और आदर्श का पालन करने वाले व्यक्ति का प्रतीक हैं। भारत की आस्था, मयार्दा और दर्शन में राम हैं। भारत की 'अनेकता में एकता' के



सूत्र हैं। राम बन तो नहीं सकते लेकिन राम भगवान ने हमारे लिए जो रास्ता बनाया है उसे चलाने की कोशिश की जा सकती है। डॉक्टर विक्रांत डागर ने कहा कि हमें मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र के चित्रों की नहीं, चरित्र की पूजा करनी चाहिए, चित्रों का सम्मान करना चाहिए। भूपेन्द्र सिंह आर्य ने कहा कि भगवान श्री राम की अच्छाइयां आपके जीवन में उतरती हैं। मयार्दा पुरूषोत्तम श्री राम जी नित्य, सात्विक रहते थे। हम भी उनकी अनुगामी बने। वरिष्ठ बौद्ध धर्मवीर सिंह आर्य ने यज्ञ की महिमा और 16 संस्कारों की विस्तृत जानकारी दी बृहस्पति शास्त्री ने भगवान श्री राम जी का सुन्दर भजन गाया है। डॉ. प्रेम राज आर्य ने कहा, हम सबके जीवन पुरूषोत्तम श्री राम की तरह मर्यादित हो। हम अपने स्वरूप में रह कर अपने स्वधर्म का, अपने राष्ट्र धर्म का, अपने विश्व के प्रति जो दायित्व धारण करने में सक्षम हैं। इस अवसर पर अधिवक्ता मानव आर्य, रवि कुमार आर्य जेई, महेंद्र दीवान, बाबू रंगराव आर्य, अनिल आर्य, किरोड़ी लाल आर्य, दीपक आर्य आदि ने यज्ञ में दी।

## नपा प्रधान रमेश सैनी ने किया शहर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । नगरपालिका** प्रधान रमेश सैनी द्वारा आज शहर महेंद्रगढ़ में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया जिसमें मुख्य रूप से चौधरी देवीलाल पार्क के पास 3 करोड़ रू की लागत से निमार्णाधीन सामुदायिक केंद्र ,विश्वकर्मा चौक पर 38 लाख की लागत से बनाए जा रहे सड़क मार्ग, मौहल्ला सैनीपुरा में पानी की निकासी के लिए बनाए जा रहे नाले व विभिन्न वार्डों में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने सभी संबंधित ठेकेदारों को उच्च क्वालिटी के साथ तय समय के अंदर अंदर ही निर्माण कार्य पूरा करने के दिशा निर्देश भी दिए और बताया कि नगर के अंदर विकास कार्यों की कमी नहीं रहने दी जाएगी और जल्द ही मसानी चौक से 11 हट्टा बाजार होते हुए कॉलेज मोड तक, भाई रामसिंह की कोठी से सराय मोहल्ला होते हुए नारनौल रोड़ तक ,भाई रामसिंह की कोठी से मौदाश्रम मंदिर तक, राव बहादुरसिंह की कोठी से सब्जीमंडी गेट तक ,11 हट्टा बाजार से मौहल्ला वाल्मीकि तक, अनाज मंडी गेट से संजय मित्तल के मकान तक आदि आदि सड़कों का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जा रहा है ।इन सभी सड़कों के वर्क आर्डर संबंधित ठेकेदारों को दे दिए गए हैं। नगर में रात्रि के समय अंधेरा ना रहे इस बात के मद्देनजर 2300 नई स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य जारी है ।नगर की साफ सफाई के लिए भी 23 करोड़ का टेंडर जल्द से जल्द किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आमजन को किसी भी तरह की मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा ।जन स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सीवर व पानी की उचित व्यवस्था के प्रयास भी किए जा रहे हैं और जल्द ही इस कार्य में भी अच्छे नतीजे सामने आएंगे।

## सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। मंदिर श्री ठाकुर** जी महाराज मौहल्ला ढाणी के प्रांगण में शनिवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलशयात्रा से किया गया। इस कार्यक्रम के यजमान वैध मातादीन शर्मा एवं उनकी बेटी ललिता सहित सहपरिवार थे। विशिष्ट अतिथि सुरता गिरी आश्रम के नाम बाबा इतवार रहे। श्रीमद् भागवत ग्रंथ को अपने सिर पर रखकर कलश यात्रा के दौरान अपनी भागीदारी निभाई और आचार्य त्रिलोक शर्मा के द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण से श्रीमद् भागवत पूजन करवाया गया। पूर्व प्रधान पतराम यादव ने बताया कि आज शनिवार को कथा से पूर्व प्रातःकाल के समय एक कलश यात्रा



निकाली गई जो मंदिर श्री ठाकुर जी महाराज मौहल्ला ढाणी से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों में होती हुई वापस कथा स्थल पहुंची। इस कलश यात्रा में 211 महिलाएं अपने सिर पर कलश उठाकर ढ़ोल-नगाड़ों के साथ श्रीकृष्ण भक्ति में झूमती हुई चल रही थी, जबकि वृन्दावन धाम से पधारे कथाव्यास योगेश महाराज भी सभी भक्तों को आशीर्वाद देते हुए उनके साथ साथ चल रहे थे। धार्मिक प्रवक्ता घीसाराम सैनी ने बताया कि यह सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा मंदिर श्री ठाकुर जी महाराज प्रांगण में पांच अप्रैल से 12 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर दो बजे से सायं 5-30 बजे तक चलेगी, जिसमें कथा व्यास योगेश महाराज व्यास गद्दी पर विराजमान होकर सभी भक्तों को अपनी अमृत वाणी से कथा का रसपान करवाएंगे। इस दौरान कॉलोनी के बच्चों द्वारा कथा प्रसंग से संबंधित भव्य झांकियां भी पेश की जाएंगी। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल को प्रातः 8-15 बजे हवन पूजन एवं गुरू पूजा से इस सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन समारोह मनाया जाएगा। इस मौके पर पंडित गोविंद राम, वार्ड पार्षद अशोक सैनी, साधुराम सैनी, हरिराम सैन, लालाराम, मुरारीलाल शर्मा, सोहन टैनी, जगदीश प्रसाद, महावीर यादव, मदन सैनी, राकेश शर्मा, संजय टोनी, गोलु, शिव, पूर्व पार्षद कृष्णा जांगड़ा, लाली देवी, लीला देवी, पिंकी, रितु, अंकिता अरोड़ा, पायल, बिमला, निशा, कमली, बिरण सहित सैंकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

## तिरंगे में लपेटकर राष्ट्रीय पक्षी मोर को दी अंतिम विदाई



**गन्नौर। रविवार की सुबह** तहसील के सामने करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी मोर घायल हो गया। सूचना पर होमगार्ड कर्मी अजीत, कुलदीप मौके पर पहुचे, लेकिन तब तक मोर ने दम तोड़ दिया। जानकारी देते हुए दीपक कुमार ने बताया कि सुबह राष्टीय पक्षी मोर तहसील के सामने सर्विस स्टेशन पर बैठे थे। इस दौरान मोर को करंट लग गया। जिस कारण मोर की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगो के साथ मिलकर होमगार्ड कर्मियों ने राजकीय सम्मान के साथ तिरंगा में लपेटकर मोर का अंतिम संस्कार किया गया।

## कादियान ने किया सीएचसी पुरखास में निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। हलका विधायक** देवेंद्र कादियान ने शनिवार दोपहर बाद पुरखास गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी रजिस्टर और ओपीडी रजिस्टर की जांच की। स्वास्थ्य उपकरणों, दवाओं की उपलब्धता और वार्ड की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। अस्पताल में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और उनके क्रियान्वयन की स्थिति को परखा। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल कर्मचारियों और मरीजों से



बातचीत की। उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि मरीजों और उनके तीमारदारों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। विधायक के अस्पताल पहुंचते ही अफरा-तफरी मच गई।

## प्रदेशाध्यक्ष सुशील गुप्ता के आभार से आम आदमी पार्टी ने जिले में भरी हुंकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**जिले के सबसे बड़े** गांव सिवाह में गांव के गणमान्य व मौजूज व्यक्तियों की उपस्थिति में गांव के ही युवा नेता जसबीर कादियान (जस्सा) को आम आदमी पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर गांव द्वारा आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुशील गुप्ता जी का आभार व्यक्त करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिवाहा गांव के बस अड्डे से सैकड़ों की संख्या में गांव के युवाओं द्वारा मोटर साइकिल के काफिले के साथ पुष्प वर्षा करते हुए आम आदमी पार्टी के नेताओं को पंचायत घर तक ले जाया गया। सैकड़ों ग्रामीणों ने पगड़ी एवं फूल मालाओं से आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता, वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र अहलावत, लोकसभा सचिव अजय सिंगला, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जेसिया, जिला सचिव योगेश कौशिक, ग्रामीण अध्यक्ष सूरजभान राठी, शहरी अध्यक्ष एडवोकेट जयगोपाल वधवा, ओबीसी सेल अध्यक्ष एडवोकेट राजपाल कश्यप, जितेंद्र जुनेजा एवं अन्य नेताओं का स्वागत किया। श्री चतर सिंह कादियान, रामकुमार फौजी, धर्मवीर



कादियान, संदीप , चंद्रभान, अमर सिंह, राजपाल कादियान, पप्पा पंडित द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का जसबीर जस्सा को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर आम आदमी पार्टी का आभार व्यक्त किया तथा आश्वाशन दिया कि पूरा गांव आम आदमी पार्टी को पूरा सहयोग देगा। वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र अहलावत ने अपने धन्यवाद उद्बोधन में कहा कि आम आदमी पार्टी आम आदमी के हितों के लिए सदा तत्पर रहती है तथा जिला की पूरी टीम आपकी आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने अपना संघर्ष जिले के सबसे बड़े राजनीतिक गांव से शुरू किया है और उसमें सबके सहयोग की आवश्यकता है। ग्रामीणों ने विश्वास दिलाया कि वे कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी के साथ है। प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने उपस्थित जन समूह का आभार व्यक्त करते हुए तथा राम नवमी पर भगवान राम की जन्म दिन की शुभ कामनाएं देते हुए आवाहन किया कि आम आदमी पार्टी ही पूरे भारत वर्ष में केवल एक मात्र पार्टी है जो भगवान राम के आदर्शो को पूरा करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली , पानी आदि पर जनता के लिए कार्य करती है , बाकी दल तो धर्म और जाती के नाम पर राजनीति कर रहे है। अगर हरियाणा का विकास चाहिए तो अपना समर्थन एवं विश्वास आम आदमी पार्टी को दीजिए। हम आपके विश्वास पर खरा उतरेंगे। उन्होंने पूरे गांव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने हरियाणा की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की तथा बढ़ाए गए बिजली के रेट पर हरियाणा सरकार की आलोचना की।

## श्रीराम की पूजा करने से शांति और समृद्धि भी आती है: अंकित मलहोत्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर । श्याम मंदिर** वार्ड न 8 कोट मोहल्ला में श्री राम मस्त मंडल द्वारा रामनवमी पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में माता के भजनों का गुणगान (श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मनमोहक झांकियां श्री राम प्रभु, बाहुबली हनुमान, कलाकार रवि महादेव के भजन आकर्षण का केंद्र बने । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी अंकित मल्होत्रा व वशिष्ठ अतिथि पूर्व पार्षद हरीश मदान ने शिरकत की । अंकित मल्होत्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि राम नवमी का दिन भगवान श्रीराम के जन्म का



प्रतीक है, जो त्रेतायुग में अयोध्या के राजा दशरथ और रानी कौशल्या के पुत्र रूप में अवतरित हुए थे। राम को मयार्दा पुरुषोत्तम कहा गया है, क्योंकि उन्होंने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आदर्श स्थापित किया- चाहे वह पुत्रधर्म हो, पातिव्रत्य, राज्य संचालन या भ्रातृ प्रेम। इस दिन को धार्मिक रूप से अत्यंत शुभ माना जाता है। पूर्व पार्षद हरीश मदान ने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना करने से न केवल पापों का नाश होता है, बल्कि जीवन में

**मनोकामनाएं**

**▶▶ मनमोहक झांकियां श्री राम प्रभु, बाहुबली हनुमान, कलाकार रवि महादेव के भजन आकर्षण का केंद्र बने**

सुख, शांति और समृद्धि भी आती है। रामनवमी पर श्रीराम का चित्र या मूर्ति उचित दिशा में स्थापित करने से विशेष मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस मौके पर मनोज अरोड़ा,नवीन झा, भीम यादव, विक्की,अंकित शर्मा,सचिन डूडेजा ,कुलदीप शर्मा ,सत्यम ,सावन आदि मौजूद थे ।

## यातायात पुलिस ने छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया


**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । यातायात पुलिस** महेंद्रगढ़ द्वारा मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल महेंद्रगढ़ में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूल के विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे भविष्य में सुरक्षित यातायात सुनिश्चित कर सकें। कार्यक्रम में यातायात पुलिस निरीक्षक नरेश कुमार और उनकी टीम ने विद्यार्थियों को सरल और रोचक तरीके से सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने



विद्यार्थियों को पैदल चलते समय, साइकिल चलाते समय और स्कूल बस में यात्रा करते समय ध्यान रखने योग्य महत्वपूर्ण नियमों के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों को बताया गया कि सड़क पार करते समय हमेशा सुनिश्चित करें कि दोनों तरफ से कोई वाहन नहीं आ रहा है। साइकिल चलाते समय सड़क के बाईं ओर चलने, अचानक ब्रेक न लगाने और यातायात संकेतों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया गया। विद्यार्थियों को स्कूल बस में चढ़ते और उतरते समय सावधानी बरतने और अपने हाथ या सिर खिड़की से बाहर न निकालने की सलाह दी गई।

## अम्बेडकर जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाने के लिए समिति की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। संत गुरु रविदास** सेवा समिति के तत्वावधान में समाज के सहयोग से संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर नगरपालिका रोड में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा । जयंती महोत्सव की तैयारी को लेकर सेवा समिति के प्रधान दयानंद अहलावत की अध्यक्षता में एक बैठक हुई । बैठक में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती महोत्सव के आयोजन को लेकर तैयारियां को अंतिम रूप दिया गया । समिति के प्रधान दयानंद इलाहाबाद ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि



गन्नौर के विधायक एवं मन्नत ग्रुप आफ होटल के चेयरमेन देवेंद्र कादियान शिरकत करेंगे । समाज के बच्चों द्वारा बाबा साहब के प्रेरणादाई जीवनवृत व महान कार्यों को आगे बढ़ाने पर प्रस्तुती दी जायेगी तथा उन्हें प्रोत्साहन स्वरुप ट्रॉफी भी दी जाएगी। अहलावत ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक कादियान अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति , समाज के गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) परिवारों के कक्षा 5वीं व उससे उपर के विद्यार्थियों को संत गुरु रविदास सेवा समिति द्वारा दस कापियां व दस पैन वितरित करेंगे । उन्होंने समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे मेधावी बच्चों के प्रमाण पत्र व अन्य संबंधित कागजात समिति के पास भेज दे ताकि जरूरतमंद छात्र

**खाका तैयार**

**▶▶ अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती महोत्सव के आयोजन को लेकर तैयारियां को अंतिम रूप दिया गया**

का सम्मान किया जा सके । प्रधान अहलावत ने बताया कि समिति द्वारा कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन किया जाएगा । इस मौके पर मोहिंद्र सिंहमार उप प्रधान , जितेन्द्र तूर , जय नारायण सिंहमार, रामदिया रंगा कोषाध्यक्ष , विजेन्द्र अहलावत कार्यकारिणी सदस्य, पालेराम, मुखबीर सिहमार, कृष्ण लाल रंगा आदि मौजूद थे।

## संपादकीय

# अमेरिकन टैरिफ नीति में भारत को मिलता लाभ

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लागू किए गए नए 'पारस्परिक टैरिफ' का दुनिया की अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ना सुनिश्चित है। लेकिन इस टैरिफ के बारे में भारत को लेकर जितनी चिंता जताई जा रही है, वास्तव में उतनी चिंता कम से कम भारत के लिए तो नहीं है। इसे अब आप राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति झुकाव मान सकते हैं या अमेरिकन अर्थव्यवस्था को गति प्रदान कर रहे प्रवासी भारतीयों के प्रति अमेरिका की वर्तमान सरकार का सकारात्मक दृष्टिकोण, जो भी हो; इसमें कुल मिलाकर भारत का हित प्रभावित होता हुआ नहीं दिखता, बल्कि इसके उलट भारत के लिए अनेक क्षेत्रों में इस टैरिफ नीति ने नए अवसर अवश्य खोल दिए हैं।देखा जाए तो अमेरिका के टैरिफ वार से 60 से अधिक देश प्रभावित हो रहे हैं। चीन के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा काफी अधिक है। इसलिए चीन पर उसने सबसे अधिक टैरिफ लगाया है। अमेरिका में सभी चीनी आयातों पर 54 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है। वस्तुतः ट्रंप की घोषणा से अमेरिका में चीन से आयातित सभी वस्तुओं पर मौजूदा 20 प्रतिशत टैरिफ में 34 प्रतिशत तथाकथित "रेसिप्रोकल टैरिफ" जुड़ गया है। अमेरिका ने कंबोडियाई वस्तुओं पर 49 प्रतिशत, वियतनाम पर 46 प्रतिशत, श्रीलंका पर 44 प्रतिशत, बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड पर 31 प्रतिशत, दक्षिणी अफ्रीका पर 30 प्रतिशत, थाईलैंड पर 36 प्रतिशत, इंडोनेशिया और ताईवान पर 32 प्रतिशत, पाकिस्तान पर 29, भारत पर 26 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया पर 25 प्रतिशत, मलेशिया पर 24 प्रतिशत से लेकर अन्य देशों पर न्यूनतम 10 प्रतिशत की दर से टैरिफ लगाया है। इसके साथ ही कई उत्पाद ऐसे भी हैं, जिन्हें अमेरिका ने अपनी नई टैरिफ नीति से दूर रखा है और पूरा लाभ कमाने का अवसर कई देशों के लिए खुला छोड़ दिया है। जिन वस्तुओं पर टैरिफ का असर पड़ भी रहा है, तो वह इसलिए कि उनकी मांग अमेरिका में ज्यादा है, जिसकी कि अधिकांश पूर्ति अभी चीन एवं अन्य देशों से होती है। अब इन्हीं क्षेत्रों में भारत के लिए कई नए अवसर खुल गए हैं। भारत के संदर्भ में थोड़ा पीछे जाकर अध्ययन करें तो भारत का चीन के साथ बड़ा व्यापार घाटा (ट्रेड डेफिसिट) रहा है, जो 2018-19 में लगभग 52 अरब डॉलर था। जिसे कम करने का भारत सरकार पर बहुत दबाव रहा, ऐसे में देखा गया कि मोदी सरकार ने अपनी आयात निर्भरता को कम करने के लिए स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देना शुरू किया। कई क्षेत्रों में एक साथ काम शुरू किया गया, जिसमें कि आत्मनिर्भर भारत अभियान, इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्युटिकल और मेडिकल उपकरणों जैसे क्षेत्रों में स्वदेशी उत्पादन को प्रोत्साहन, मोबाइल फोन, ऑटोमोबाइल और सौर पैनल में हुए प्रयासों को देखा जा सकता है। जिसका कि अब बड़े स्तर पर परिणाम भी दिखाई दे रहा है। नए अवसरों में यदि देखें तो इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी में भारत अपनी विनिर्माण क्षमता को बढ़ाकर अमेरिकी डॉलर का एक बड़ा भंडार अपने यहां ला सकता है। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यातकों को फायदा इसलिए भी है, क्योंकि वियतनाम जैसे देशों पर उच्च टैरिफ लगाए जाने के बाद व्यापारियों की एक बड़ी उम्मीद भारत ही है।

# हिटलर के रास्ते पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प

**आचार्य श्रीहरि**

> "दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान यूरोप के बडे देशों जैसे ब्रिटैन, फ्रांस के लिए अमेरिका एक संरक्षक के तौर सामने आया था। ब्रिटैन और फ्रांस एक तरह से पराजित ही हो गये थे, सिर्फ हार यानी की आत्मसर्पण की घोषणा बाकी थी। इसी दौरान अमेरिका ने ब्रिटेन और फ्रास की रक्षा करने का काम किया, इन्हें हिटलर से लडने के लिए हथियार दिया, आर्थिक सहायताएं दी थी। हिटलर की पराजय के बाद यूरोप की सुरक्षा के लिए नाटो जैसा संगठन बनाया। नाटो में रूरोपीय देश के साथ ही साथ अमेरिका भी शामिल है। लेकिन यूरोप के बडे देश ही नहीं बल्कि छोटे देश भी अमेरिका को लेकर नकरात्मक नीतियां स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। यूरोपीय देश भी टैरिफ वार के शिकार है"

**विश्व** में एक और हिटलर की आहट सुनी जा रही है। एक और हिटलर की आहट को अनसुनी करने वाले घोर संकट को आमंत्रण दे रहे हैं। विश्व मंदी के संकट को जन्म देने वाले डोनाल्ड ट्रम्प आगे भी इसी तरह के हिटलरी कारनामे को अंजाम देते रहेंगे, ऐसी आशंका को खारिज करना मुश्किल है। शायद वह हिटलर के रास्ते पर चल रहे हैं। हिटलर ने युद्ध को अपनी अराजक शक्ति बनायी थी और दुनिया को चैपट करने का काम किया था, असंख्य लोगों का लहू बहाया था। मारे जाने के पूर्व हिटलर ने दुनिया की मानवता को ऐसी चोट पहुंचायी थी जिसकी कीमत दुनिया आज तक भुगत रही है, नागाशाकी और हिरोशिमा में आज भी बच्चे भयंकर विकृत जन्म लेते हैं। डोनाल्ड ट्रम्प युद्ध और हथियार को अपनी अराजक शक्ति नहीं बना रहे हैं पर उनकी अराजक शक्ति तो आर्थिक हथकंडे हैं। आर्थिक हथकंडों के माध्यम से दुनिया के बाजार को अस्थिर ही नहीं करना चाहते हैं बल्कि तहस-नहस करना चाहते हैं। उनकी आर्थिक सुधार की नीतियां बहुत ही खतरनाक है, अमानवीय है और दुनिया के देशों की अस्मिाएं और संप्रभुत्ताओ को रौंदने वाले हैं। वह कैसे टैरिफ एक ऐसा हथियार है जो बहुत ही घातक है और जानलेवा है। डोनाल्ड ट्रम्प से टैरिफ हथियार से न केवल बडे देश मर्माहत है बल्कि छोटे देश भी मर्माहत हैं और जो संकट ग्रस्त हैं, जिनकी अर्थव्यवस्था धाराशायी हो सकती है, जिनकी उत्पादक ईकांइयों में मंदी का प्रकोप फैल सकता है, फलस्वरूप ताला लगने का संकट खडा हो सकता है। जब निर्यातक इंकाइयां मंदी की शिकार होगी और उन्हें क्रेता नहीं मिलेंगे तो फिर उनके सामने बेमौत मरने की स्थिति उत्पन्न होगी, इस सच्चाई से इनकार नहीं किया जा सकता है। सबसे बडी बात यह है कि अमेरिका के मित्र देश भी इस संकट के भागीदार बन रहे हैं। दुष्परिणम अभी से सामने आने लगे हैं। विश्व मंदी की आहट भी सुनाई देने लगी है। शेयर मार्केट को दुनिया की अर्थव्यवस्था का आईना समझा जाता है, मेरूदंड समझा जाता है। शेयर मार्केट अगर उपर जा रहा है तो यह समझा जाता है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था मजबूत है और गतिशील है, समृद्धि का प्रतीक है, लोग शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए जोखिम लेने से नहीं झिझकेगे। लेकिन शेयर मार्केट अगर लुढकेगा तो फिर दुनिया की अर्थव्यवस्था में हाहाकार मचना अनिवार्य है। शेयर मार्केट का लुढकने का




अर्थ यह है कि दुनिया आर्थिक मंदी की दौर से गुजर रही है, निवेशकों का विश्वास डगमगा गया है, निवेशक अपनी पूंजी मार्केट मे ढकलने और हानि होने का दांव नहीं खेलेंगे, जोखिम लेने के लिए तैयार नहीं होंगे। सबसे बडी बात यह है कि अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार देने वाली कृषि और औद्योगिक इंकाइयों पर पडेगा जो किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का मेरूदंड होते हैं। भारत, चीन और ब्राजील जैसे देश जो अपनी कृषि और औद्योगिक इंकाइयों की समृद्धि के बल पर दुनिया के उपभोक्ता मार्केट पर कब्जा जमाते हैं और अपनी अर्थव्यवस्था का मजबूत करते हैं, इतना ही नहीं बल्कि आर्थिक विकास की सीढियां चढते हैं। लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा उदय इन सबके लिए एक संकट और परेशानी का पर्याय बन गया है। दुनिया को हाहाकार करने के लिए डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी खतरनाक और जानलेवा नीतियां बार-बार लागू करने का काम किया है। खासकर शेयर मार्केट का धाराशायी होना यह प्रमाणित करता है कि डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीतियां बहुत ही खतरनाक और जानलेवा है। अमेरिका, फ्रांस, जापान, चीन और जर्मनी जैसे देशों के शेयर मार्केट में गिरावट देखी गयी है। अमेरिका के शेयर मार्केट में गिरावट को आश्चर्यजनक घटना मानी जा रही है। पिछले सप्ताह अमेरिकी और ब्रिटेन के बाजारों में शेयर सूचकांक पांच प्रतिशत से ज्यादा गिर गये। कोविड माहामारी के बाद अमेरिकी बाजार में सबसे ज्यादा गिरावट नोट किया गया है। दुनिया के अन्य शेयर बाजारों के गिरावट भी चिंता के कारण हैं। नुकसान भयानक हुआ है। निवेशकों के अरबों-खरबों डालर डूब गये, निवेशक अर्श से फर्श पर आ गये। इससे अमेरिकी बाजार भी खासे प्रभावित होंगे। जानकर यह बताते हैं कि अमेरिका में भी आर्थिक महंगाई बढेगी और बैरोजगारी का खतरा उत्पन्न होगा। अमेरिका का उपभोक्ता बाजार आयात पर ज्यादा निर्भर है। आयपित वस्तुएं जब महंगी होगी तो फिर अमेरिकी लोगों को उन आयातित वस्तुओं तक पहुंच निर्धारित और सुनिश्चित करने के लिए अधिक पूंजी खर्च करनी पडेगी। इस कारण अमेरिकी नागरिकों को भी अपने बैंक एकांउट की गरीबी का सामना करना पड सकता है।

दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान यूरोप के बडे देशों जैसे ब्रिटैन, फ्रांस के लिए अमेरिका एक संरक्षक के तौर सामने आया था। ब्रिटेन और फ्रांस एक तरह से पराजित ही हो गये थे, सिर्फ हार यानी की आत्मसर्पण की घोषणा बाकी थी। इसी दौरान अमेरिका ने ब्रिटेन और फ्रास की रक्षा करने का काम किया, इन्हें हिटलर से लडने के लिए हथियार दिया, आर्थिक सहायताएं दी थी। हिटलर की पराजय के बाद यूरोप की सुरक्षा के लिए नाटो जैसा संगठन बनाया। नाटो में रूरोपीय देश के साथ ही साथ अमेरिका भी शामिल है। लेकिन यूरोप के बडे देश ही नहीं बल्कि छोटे देश भी अमेरिका को लेकर नकरात्मक नीतियां स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। यूरोपीय देश भी टैरिफ वार के शिकार है। यूरोपीय देश प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं और प्रतिक्रिया में अमेरिकी वस्तुओं और अमेरिकी विजनों का बहिष्कार करने की घोषण भी कर रहे हैं। यूरोपीय यूनियन के ट्रेड कमिशनर मारोस सपकोविक ने कहा कि हमनें अमेरिकी अधिकारियों से दो घंटे तक बात की है, अपनी प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि प्रतिक्रिया का इंतजार करना होगा। यूरोपीय देश भी डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ युद्ध का जवाब देंगे, इसकी नीतियां वे बना रहे हैं। अमेरिका के दोस्त ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया भी डोनाल्ड ट्रम्प की इस नीति से खफा है और अमेरिका का पक्ष लेने के लिए तैयार नहीं है।

ऐशिया महादेश में तीन देश प्रमुख हैं जो डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ युद्ध की गर्दन मरोड सकते हैं। पहला चीन है, दूसरा जापान है और तीसरा भारत है। चीन, जापान और भारत की अर्थव्यवस्था बहुत ही समृद्ध है। चीन भी आक्रमकता छोडने के लिए तैयार नही है। जवाबी कार्रवाई चीन ने शुरू कर दी है। चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर 34 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। चीन के साझेदार कुछ यूरोपीय देश भी है, अफ्रीकी देशों में चीन की अच्छी पहुंच हैं। इधर जापान भी अपने हितों की रक्षा करने के लिए जवाबी कार्रवाई कर सकता है। जहां तक भारत की बात है तो भारत अभी भी तेल देखो, तेल की धार देखो की नीति पर चल रहा है। अमेरिका से आपसी बातचीत का रास्ता अपनाया है। फिर भी भारत का आतंरिक रोजगार और समृद्धि के अवसरों पर जो नकारात्मक प्रभाव पडा है उसे खारिज नहीं किया जा सकता है, उसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। खासकर कृषि और औद्योगिक क्षेत्र में भीषण प्रभाव पडा है। भारत भी डोनाल्ड ट्रम्प को जवाब देने के लिए आज न कल कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। हिटलर की तरह डोनाल्ड ट्रम्प भी दुनिया को तहस-नहस करने और संहार करने का सपना देखते-देखते खुद भी आत्मघात कर सकते हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी, अमरिकी लोगों के सपने कब्र बन सकते हैं। खासकर दुनिया में अमेरिका का प्रभुत्व कमजोर होगा, संयुक्त राष्ट्रसंघ में अमरिकी भूमिका कमजोर होगी। कमजोर और मित्र देशों को टैरिफ हथकंडे से मुक्त करना चाहिए। हिटलर ने जिस तरह से अपने मित्र सोवियत संघ और स्तालिन पर हमला कर अपनी कब्र खोदी थी उसी प्रकार से डोनाल्ड ट्रम्प भी अपनी अराजक और हिंसक टैरिफ वार से अमेरिकी प्रभुत्व की कब खोद रहे हैं। खासकर भारत, जापान और ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसे देशों के प्रति डोनाल्ड का टैरिफ रवैया सहनशीलता की श्रेणी में होना चाहिए।

## कविता

नई सदी के शब्द
आते-आते हवा में
आए थे कुछ शब्द
अप्रवासी पंछियों की तरह
पर शायद ओझल हो गए।

बसंत के आते ही
किसी गहरी सोच की तलाश में
किसी मसीहा की राह तकते
तार-तार हवा में या
फिर
संपूर्ण ब्रह्म में
शब्दों का विलुप्त होना
कोई नई घटना नहीं है
नई सदी में ऐसा
यदा-कदा होता ही रहता है।

सभी शब्द मिलकर
एक जाल बुनते हैं
और खुद ही उलझ जाते हैं
या टूट कर बिखर जाते हैं
और विचारों में खो जाते हैं
या फिर अनंत या आदि
में बिखर जाते हैं।
शब्दों का
कुछ न बन पाने की
उलझन एक घटना होती है,
शब्दों की आपस में
बातचीत ना होना
एक दूसरे में उलझ जाना
एक बड़ी त्रासदी है,
और गहरी व्यथा होती है

**संजीव**

## जंगलों पर छाया इंसानों का आतंक

**प्रियंका सौरभ**

हाल ही में एक अखबार की प्रमुख हेडलाइन पढ़ी—"शहर में बंदरों और कुत्तों का आतंक"। यह वाक्य महज एक खबर नहीं, बल्कि हमारे सोचने के तरीके का प्रतिबिंब था। हमने जानवरों के शहर में आने को "आतंक" करार दिया, लेकिन कभी यह सवाल नहीं पूछा कि वो शहर में आए ही क्यों जब कोई बंदर किसी कॉलोनी की छत पर उछलता है, या कोई कुत्ता कूड़े के ढेर में भोजन तलाशता है, तो वह कोई स्वाभाविक प्रक्रिया नहीं होती। यह उस संकट का संकेत होता है जिसे हम—मनुष्य—ने स्वयं गढ़ा है। जंगल, जो कभी इन जीवों का घर थे, अब रियल एस्टेट की परियोजनाओं, खनन कार्यों, सड़कों और डैमों की बलि चढ़ चुके हैं। आज अगर कोई सच में आतंक फैला रहा है, तो वह है इंसानी लालच और विकास का अंधा मॉडल।

**प्राकृतिक आवासों पर हमला**

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में है जहाँ जैव विविधता की अद्भुत संपदा है। लेकिन यही भारत आज अपने ही जंगलों को खा रहा है। 2021 की ऋ्क्षश१२३ र४१५ीट ड्ढा क्ल्र्ा रिपोर्ट बताती है कि भारत ने पिछले चार वर्षों में 1,100 वर्ग किलोमीटर से अधिक वनक्षेत्र खो दिया है। हरियाणा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा जैसे राज्यों में यह गिरावट विशेष रूप से चिंताजनक रही है। वन कटान केवल पेड़ों का नुकसान नहीं है। यह पूरी एक पारिस्थितिकी व्यवस्था का ध्वंस है। जब हम पेड़ काटते हैं, हम न सिर्फ ऑक्सीजन के स्रोत मिटाते हैं, बल्कि हजारों पशु-पक्षियों के घर उजाड़ देते हैं। यही कारण है कि आज हमें गाँवों और शहरों के आसपास बाघ, हाथी, भालू और यहाँ तक कि तेंदुए भी दिखने लगे हैं।

**शहरों में जानवरों की बढ़ती उपस्थिति: एक चेतावनी**

बंदरों का शहरों में आना आज एक आम दृश्य बन गया है। दिल्ली, वाराणसी, जयपुर, और देहरादून जैसे शहरों में बंदरों की आबादी तेजी से बढ़ी है। कारण स्पष्ट हैं—कम होती हरियाली, अधिक होता कूड़ा, और बिगड़ता पारिस्थितिक संतुलन। इसी तरह, आवारा कुत्तों की संख्या भी शहरों में नियंत्रण से बाहर हो चुकी है। अनुसार भारत में लगभग 3.5 करोड़ आवारा कुत्ते हैं, और हर साल हजारों लोग कुत्तों के काटने के शिकार होते हैं। मगर यह समस्या केवल स्वास्थ्य या सुरक्षा की नहीं है; यह समस्या हमारे कुप्रबंधन और लापरवाह विकास की है। हमने कूड़ा फेंकने के तरीकों को सुधारा नहीं, सार्वजनिक पशु-नियंत्रण कार्यक्रमों को प्राथमिकता नहीं दी, और अब जब जानवर हमारी बस्तियों में दिखते हैं, तो उन्हें "संकट" कह कर खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश करते हैं। जब कोई अखबार लिखता है कि "बंदरों का आतंक", तो वह केवल सूचना नहीं दे रहा होता, बल्कि एक धारणा गढ़ रहा होता है। यह धारणा कि जानवर आक्रमणकारी हैं। और हम पीड़ित।
मीडिया की यही भाषा यह छिपा लेती है कि

## विचार

# भ्रष्टाचार रोकेगी न्यायधीशो की सहमति

**प्रेम शर्मा**

**भारत** में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी कोई ताकत नही है। जब सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीशों ने अपनी सम्पत्ति का ब्यौरा देना तय कर लिया है तो निश्चित तौर पर यह कहा जाए कि अब केन्द्र एवं राज्य सरकार के अफसरानों से लेकर मुलाजिमों तक को अपनी सम्पत्ति का ब्यौरा देना ही पड़ेगा। हालांकि अभी सम्पत्ति का ब्यौरा अफसर और मुलाजिम अपनी जानकारी के अनुसार दे रहे है लेकिन देर सबेर उस ब्यौरे की क्रास चेकिंग या जॉच का निर्णय भी सरकार द्वारा लिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने पर जो सहमति जताई है, उसके पीछे कारण चाहे जो भी हो, वह सही दिशा में उठाया गया वाजिब कदम है। इससे न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलेगी और आम लोगों का उस पर भरोसा मजबूत होगा।निश्चित तौर पर सुप्रीम कोर्ट को ऐसी संस्था के रूप में देखा जाता है, जो आम लोगों के लिए न्याय की आखिरी उम्मीद है। फिर भी जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कथित तौर पर जली हुई नोटों की गड्डी मिलने जैसी घटनाओं और उनसे उपजे विवादों से कहीं न कहीं कुछ संदेह भी बनता है। जस्टिस वर्मा के मामले में आंतरिक समिति बनाई गई है। जांच से सारी बातें साफ हो जाएंगी, लेकिन यह भी जरूरी था कि इस घटना के चलते जो संदेह पैदा हुआ, उसे दूर किया जाए। यह विषय बहुत पुराना है कि न्यायधीशों को भी अपनी संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा करनी चाहिए। 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसके अनुसार हर न्यायाधीश को अपनी प्रॉपर्टी और देनदारियों के बारे में चीफ जस्टिस को बताना होता है। बाद में, एक और प्रस्ताव आया कि न्यायाधीश चाहें तो अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक कर सकते हैं। लेकिन अब मामला बिलकुल साफ है। ऐसे में नौकरशाहो, कतिपय न्यायधीशो, नेताओ, जनप्रतिनिधियो के साथ इंजीनियर, मीडिया आदि से जुड़े ऐसे व्यक्ति विशेष जिन्होंने आकूत सम्पत्ति विभिन्न गैरवाजिब तरीके से जुटा रखी है उन पर शिकंजा कसना तय है। यह बात अलग है कि इसके परिणाम कुछ देर से आएगें क्योकि भ्रष्टाचार अभी भी चरम पर है। सभी जानते है कि पिछले लगभग तीन दशक में, यह मामला कई बार उठा है। सूचना का अधिकार लागू होने के बाद यह बहस भी हुई कि न्यायपालिका इसके दायरे में क्यों नहीं। इसके पीछे यही तर्क रहा कि किसी निजी जानकारी को तब तक साझा करने की जरूरत नहीं, जब तक उससे सार्वजनिक हित न जुड़े हों। 2010 और 2019 में जब सुप्रीम कोर्ट में यह केस आया था, तब इसी नुक्ते को आधार बनाकर कहा गया कि जानकारी सार्वजनिक करना न्यायाधीशों की इच्छा पर है।सरकार की एक संसदीय समिति ने 2023 में सिफारिश की थी कि न्यायाधीशों के लिए संपत्ति की घोषणा अनिवार्य की जाए। हालांकि सरकार इस मामले में आगे नहीं बढ़ी और बाद में कहा कि उसका ऐसा कोई इरादा भी नहीं है। यह रुख गलत नहीं कहा जा सकता। सरकार की तरफ से किया गया कोई भी प्रयास यह संदेश देता कि न्यायपालिका में अनावश्यक राजनीतिक दखल हो रहा है। न्यायपालिका की साख के लिए उसका स्वतंत्र होना और दिखना भी उतना ही जरूरी है। हालांकि यह कदम काफी नहीं है। न्यायपालिका के कामकाज में कई तरह की गड़बड़ियां हैं। कई स्तरों पर न्यायिक सुधार के प्रयास आगे बढ़ाने की जरूरत है। लेकिन इस कदम से एक पॉजिटिव संदेश जरूर गया है कि सर्वोच्च अदालत के जज खुद को भी उन कसौटियों पर कसने में नहीं हिचकते जिन्हें वे दूसरों के लिए जरूरी मानते हैं। ज्ञात हो कि 15 फरवरी 2018 को चुनाव सुधार को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक बडा फैसला सुनाया था. सुप्रीम कोर्ट ने कानून मंत्रालय से इस बात के लिए नाराजगी जताई है कि उसने आदेश के बावजूद पिछले कुछ वर्षों में उम्मीदवारों की संपत्ति में आय से अधिक वृद्धि को ट्रैक करने के लिए एक स्थायी तंत्र क्यों नहीं बनाया सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी जारी कर दो हफ्ते में विधायी विभाग के सचिव से जवाब देने के लिए कहा था।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# टैरिफ और वैश्विक व्यापार में परिवर्तन

**प्रियंका सौरभ**

**कल्पना** कीजिए कि दुनिया में हर चीज पर टैक्स लग जाए—आपका स्मार्टफोन, आपकी जींस, आपकी सुबह की कॉफी, और यहां तक कि आपके जूते भी। और नहीं, यह कोई डायस्टोपियन साइंस फिक्शन फिल्म नहीं है, बल्कि हमारी मौजूदा व्यापार नीति की वास्तविकता है! टैरिफ, यानी व्यापार शुल्क, कभी सरकारों के लिए आर्थिक संतुलन का साधन हुआ करता था, लेकिन अब यह बड़े देशों के बीच शक्ति प्रदर्शन का अखाड़ा बन चुका है। टैरिफ, यानी व्यापार शुल्क, वैश्विक व्यापार को सीधे प्रभावित करते हैं। जब किसी देश द्वारा आयातित वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाया जाता है, तो इससे उस देश के व्यापारिक संबंधों, उद्योगों और उपभोक्ताओं पर प्रभाव पड़ता है। हाल के वर्षों में अमेरिका और अन्य देशों के बीच टैरिफ विवादों ने वैश्विक व्यापार को अस्थिर कर दिया है। टैरिफ व्यापार नीति का एक महत्वपूर्ण साधन है जिसका उपयोग देश अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा, घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहित करने और राजस्व बढ़ाने के लिए करते हैं। हाल के वर्षों में, विशेष रूप से ट्रम्प प्रशासन के दौरान, टैरिफ युद्धों ने वैश्विक व्यापार को अस्थिर कर दिया।

टैरिफ किसी देश द्वारा आयातित वस्तुओं पर लगाया जाने वाला शुल्क होता है। इसका मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हो सकते हैं; उच्च टैरिफ लगाकर सरकारें घरेलू उत्पादकों को सस्ते आयात से बचाती हैं। टैरिफ से सरकार को कर के रूप में आय प्राप्त होती है। आयात को नियंत्रित करने के लिए टैरिफ का उपयोग किया जाता है, ताकि व्यापार घाटा कम किया जा सके। ट्रम्प प्रशासन के दौरान अमेरिका ने चीन, यूरोप, भारत और अन्य देशों पर व्यापार शुल्क बढ़ाए। इस नीति का उद्देश्य अमेरिकी उद्योगों को बढ़ावा देना और व्यापार घाटे को कम करना था। हालांकि, इस नीति से कई देशों में अस्थिरता उत्पन्न हुई और अंतरराष्ट्रीय व्यापार संतुलन बिगड़ गया। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक तनाव 2018 से शुरू हुआ, जब अमेरिका ने चीन से आयातित विभिन्न उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाए।

## दिशाहीन भीड़ की मानसिकता से समाज को सर्वाधिक खतरा

**संजीव**

**सामाजिक** सरोकार के परिवर्तन और उसके विरोध से उठे सवालों से सहमति और असहमति से उपजे असंतोष से भिड़ तंत्र द्वारा हिंसक अहिंसक प्रदर्शन से मानवता और सामाजिक एकरसता को सबसे बडा खतरा जन्म लेता जा रहा है यह राष्ट्रीय स्तर पर गंभीर चिंतन का विषय बन चुका है। आज देश के लगभग अधिकतर राज्यों में चुनाव की प्रतिस्पर्धा और धार्मिक उन्माद से जल रहे हैं। मानवता चीत्कार कर रही है और आम नागरिक अपने जलते हुए घरों और परिजनों के मृत शव को देखकर भयभीत हो रहे हैं। मणिपुर, पश्चिम बंगाल और संभल की हिंसात्मक घटनाओं को देखकर धीरे-धीरे सामाजिक न्याय पर विश्वास उठता जा रहा है जब मंत्रियों और अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों के घरों में आग लगाई जा सकती है तो आम आदमी कि कोई अहमियत नहीं रह गई है। राज्य सरकारें हाथ में हाथ धरे बैठी केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है बड़ी विभीषिका के दृश्य सामने आ रहे है । भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग। वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10% लोगों के पास देश की 58% संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70% भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है।

## न्यूज फ्लैश

### फैक्ट्रीनुमा घर से लाखों की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शहर के पॉश इलाके** सेक्टर-13 में एक फैक्ट्रीनुमा घर में चोरों ने सभी सुरक्षा इंतजामों को धता बताते हुए 3 लाख 8 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। वारदात रात करीब 1 बजे की है, जब एक कार में सवार होकर दो चोर आए और लोहे की ग्रिल और शीशे तोडकर घर में घुस गए। पूरी वारदात घर में लगे 13 सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। जिस घर में चोरी हुई, वहां महिला सूट बेचने व बनाने का काम किया जाता है। मकान के मालिक गगन ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे परिसर में 13 सीसीटीवी कैमरे और लोहे की ग्रिल लगवाई हुई थी। घर के दरवाजों पर ताले भी लगे हुए थे, लेकिन चोर ऐसी तैयारी से आए थे कि उन्होंने सारी सुरक्षा को चकमा दे दिया। मालिक गगन के अनुसार रात करीब 1 बजे चोर कार में सवार होकर आए और ऑफिस एरिया के ताले और शीशे तोडकर अंदर घुसे। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि दो चोर मुंह पर मास्क लगाए हुए ऑफिस के दरवाजे का शीशा तोड़ते हैं और फिर अंदर दाखिल होकर वहां से कैश लेकर फरार हो जाते हैं। चोरों ने केवल नकदी को निशाना बनाया। घर मालिक ने बताया कि वे महिला सूट का बिजनेस करते हैं और घर में तैयार माल भी रखा हुआ था, लेकिन चोरों ने किसी भी सूट या अन्य सामान को हाथ नहीं लगाया। इसका मतलब है कि चोरों को पता था कि पैसा कहां रखा है और वे सीधे वहीं पहुंचे। मकान मालिक ने बताया कि चोर जिस गाड़ी में आए थे, उसकी फुटेज भी कैमरे में कैद हुई है। कैमरों में चोर आते हुए भी दिखे हैं और वारदात के बाद जाते हुए भी। उनके चेहरों पर मास्क था, लेकिन हाव-भाव और मूवमेंट से कुछ जानकारी निकल सकती है। सिविल लाइन थाना पुलिस का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की जा रही है और चोरों की पहचान के लिए तकनीकी टीम भी लगाई गई है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### मां अन्नपूर्णा का भंडारा 7 अप्रैल को

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद गुर्जर**

**नांगल चौधरी। नांगल सोडा** में सिद्ध शक्तिपीठ मां अन्नपूर्णा का विशाल भंडारा और अभयारण्य 7 अप्रैल को होगा। जिसमें भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा द्वारा सुंदर भक्ति पूर्ण प्रस्तुति की प्रस्तुति दी जाएगी। हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी रावत ने ऊंची जानकारी देते हुए बताया। माँ अन्नपूर्णा शक्तिपीठ की सारस भक्ति पूर्ण सम्राट होगी व विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

### एचएमएसआई ने मिड-साइज प्रीमियम मोटरसाइकिल लाइन-अप को और मजबूत किया

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने 2025 सीबी 350, सीबी 350 H'ness और सीबी 350RS को लॉन्च कर अपने मिड-साइज प्रीमियम मोटरसाइकिल लाइन-अप को और मजबूत किया है। इन मोटरसाइकिलों को शानदार नए रंगों के साथ अपडेट किया गया है, जो राइडिंग अनुभव को बेहतर बनाते हैं। इन मॉडलों में बोल्ड नए रंगों के साथ आधुनिक स्टाइलिंग दी गई है, जिससे इनका प्रीमियम आकर्षण बढ़ता है। सीबी 350 और सीबी 350 H'ness में रेट्रो चार्म और आधुनिक तकनीक का बेहतरीन मिश्रण है, जबकि सीबी 350RS स्पोर्टियर और डायनेमिक लुक प्रदान करता है। इन मोटरसाइकिलों की कीमत 2,10,500 रुपये से लेकर 2,18,850 रुपये तक है, जो मॉडल के अनुसार अलग-अलग है। ये अब भारत के सभी बिगविंग डीलरशिप पर उपलब्ध हैं। नई सीबी 350, सीबी 350 H'ness और सीबी 350फ्र में 348.36cc, एयर-कूल्ड, 4-स्ट्रोक, सिंगल-सिलेंडर, इश्क OBD2B कंप्लायंट PGM-FI इंजन है। ये अब ए20 ईंधन के अनुकूल हैं, जिससे सरकारी स्थिरता नियमों का पालन किया गया है। यह इंजन सीबी 350 H'ness और सीबी 350 RS में 5,500 RPM पर 15.5 kW की पावर और 3,000 RPM पर 30 ठे का अधिकतम टॉर्क देता है, जबकि सीबी 350 में 3,000 RPM पर टॉर्क आउटपुट 29.5 ठे है। ट्रांसमिशन के लिए इसमें 5-स्पीड गियरबॉक्स दिया गया है।

# आध्यात्मिक और धार्मिक क्षेत्र कुरुक्षेत्र संगीत, योग और मेडिटेशन के लिए उत्तम स्थान: डॉ. वीरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि रामनवमी के पावन अवसर पर जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय संगीतकारों द्वारा धार्मिक और आध्यात्मिक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आध्यात्मिक और धार्मिक क्षेत्र कुरुक्षेत्र संगीत, योग और मेडिटेशन के लिए उत्तम स्थान है। वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के कुशल मार्गदर्शन में रामनवमी के अवसर पर रविवार को जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के मिनी ऑडिटोरियम में इंटरएक्टिव सेशन के ह्यअंतर्राष्ट्रीय म्यूजिक कंसर्ट ह्यबरीधी ऐनसेंबलह्य कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। बुल्गारिया के बरीधी के नेतृत्व में ऑस्ट्रिया और इटली के संगीतकारों ने ह्यगायत्री मंत्रह्न के उच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने ह्यअंतर्राष्ट्रीय म्यूजिक कंसर्ट ह्यबरीधी ऐनसेंबल के सभी संगीतकारों को अपनी यात्रा के दौरान 40 कोस दूरी पर स्थित धार्मिक और आध्यात्मिक केंद्रों का अवश्य ही भ्रमण करने के लिए प्रेरित किया।

गीता की पावन भूमि कुरुक्षेत्र जोकि योग और अध्यात्म का मुख्य केंद्र रहा है और वर्तमान में भी है, वहां पर आध्यात्मिक संगीत अच्छे से फल-फूल सकता है। बुल्गारिया के संगीतकार बरीधी ने विद्यार्थियों को आत्मिक शांति के लिए दैनिक जीवन में मेडिटेशन करने पर जोर देते हुए कहा कि आंतरिक शांति से ही बाहरी शांति संभव होती है। उन्होने कहा कि अगर जीवन में ठान लिया जाए तो जीवन में मुश्किल दौर से भी निकल कर मेडिटेशन की राह पर चला जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय म्यूजिक कंसर्ट संगीतकारों ने अपने जीवन के पूर्व अनुभवों और वर्तमान चुनौतियों को भी विद्यार्थियों के समक्ष रखा और विद्यार्थियों द्वारा पूछे गये आध्यात्मिक प्रश्नों का जवाब दिया। चिन्मय कुमार घोष के जीवन दर्शन पर वृत्तचित्र का भी दिखाया गया। अंतर्राष्ट्रीय म्यूजिक कंसर्ट कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने ह्यबरीधी ऐनसेंबलह्न के संगीतकारों को पवित्र गीता और अंगवस्त्र देकर स्वागत और सम्मानित किया।

## कैंट के फारुका खालसा स्कूल में कवि सम्मेलन आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: फा**रूका खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अंबाला छावनी के प्रांगण में भावांजलि कला एवं साहित्य मंच, अंबाला और अखिल भारतीय सांस्कृतिक चेतना मंच, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शानदार कवि सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें दिल्ली, मधुबनी, देवरिया, चंडीगढ़, कुरुक्षेत्र और इस्माईलाबाद से पधारे कवि-कवयित्रियों के साथ अंबाला की भी जानी मानी हस्तियां उपस्थित रहीं। कवियों ने हिन्दी, पंजाबी और उर्दू की रचनाओं और गजलों से समां बांध दिया। दीप प्रज्वलन से शुरू हुआ कार्यक्रम हंसराज माही जी के सुंदर गीत और अतिथियों को मंच और विनय मल्होत्रा जी के सौजन्य से स्मृति चिह्न और उपहार भेंट करने पर खत्म हुआ। विद्यालय के प्राचार्य श्री के. पी. सिंह , भावांजलि के मार्गदर्शक ओम बनमाली और दिल्ली से आशीष द्विवेदी, बबली गुज्जर , प्रतापगढ़ से श्रद्धा त्रिपाठी और मधुबनी से नीलमणि झा, चंडीगढ़ से करण सहर और मुसव्विर फिरोजपुरी विशिष्ट अतिथियों में शामिल रहे।

## मंदिर में जागरण का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गांव भांडोर** ऊंची में मां दुर्गा देवी मंदिर में हर वर्ष नवरात्र में विशाल मेले और जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव रहे। विधायक कंवर सिंह यादव ने मां दुर्गा मंदिर में मत्था टेककर दर्शन किए। नवरात्र में दुर्गा मंदिरों के दर्शन का महत्व और बढ़ जाता है। भारत में कई प्राचीन और प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर हैं, जहां नवरात्र के दौरान भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

## मानसून से पहले नालों और नहरों की सफाई सुनिश्चित करें

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त नेहा** सिंह ने आगामी मानसून के मौसम में जिले में जलभराव रोकने के लिए सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कि वे अपने क्षेत्रों में नालों की सफाई और नहरों की डिसिल्टिंग करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रही परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा करें और समयबद्ध तरीके से उन परियोजनाओं को पूरा करवाना सुनिश्चित करें। यदि किसी परियोजना में कोई कमी पाई जाती है या परियोजना में किसी प्रकार की देरी होती है, संबंधित अधिकारियों की जिम्मेवारी तय करते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला में स्टोन स्टड, स्टोन स्टीनिंग, नालों की रीमॉडलिंग, स्थायी पंप हाउसों के निर्माण, निचले इलाकों में पाइपलाइन बिछाने और बाढ़ के पानी को नालों में गिराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी नदी के जो तटबंध गांवों की तरफ लगते हैं, उन तटबंधों की मजबूती पुख्ता की जाए। इसके अलावा, भूमि कटाव को रोकने के लिए पत्थर के स्टड बनाएं जाएं। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़ी संख्या में बनाए गए स्टोन स्टड की समीक्षा करने के निर्देश दिए ताकि जरूरत के अनुसार समय पर मरम्मत की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि सरस्वती नदी में सीवेज का पानी या प्रदूषित नाला नहीं गिरना चाहिए क्योंकि सरस्वती नदी को साफ करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमें सीवेज के पानी के बहाव के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वे जिले में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित करें ताकि प्रदूषित पानी को सरस्वती नदी में जाने से रोका जा सके। उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी का समान व समुचित वितरण सुनिश्चित किया जाए।

## अपराधियों के खिलाफ स्पेशल कार्रवाई



**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) पुलिस महानिदेशक** हरियाणा शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार अपराधों पर अंकुश लगा आरोपियों की धरपकड़ के लिए रविवार 6 अप्रैल को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलाए गए ऑपरेशन आक्रमण अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह की अगुवाई में पानीपत पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ स्पेशल कार्रवाई की। इस दौरान जिला पुलिस की टीमों ने अलग-अलग स्थान पर दबिश देकर अवैध शराब की तस्करी करते 10 आरोपियों को व सट्टा खाइवाली करते 4 आरोपियों को काबू किया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 122 बोतल अवैध देसी शराब, 9 लीटर कच्ची शराब और जुआ सट्टा खाइवाली में प्रयुक्त 3 मोबाइल, 1 कंप्यूटर व दाव पर लगी 10367 रुपए की नगदी बरामद की। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाना में एक्साइज एक्ट तहत 10 अभियोग व गेम्बलिग एक्ट के तहत 3 अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई।

## सेवा से साधना व साधना से सेवा में निखार आता है: गुलशन ग्रोवर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : आज भारतीय** योग संस्थान पंजीकृत के गांव मिजार्पुर स्थित योगाश्रम में संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के श्री कृष्ण योग जिला, अंबाला के 5 कार्यकर्ता जिला उप प्रधान राम नाथ कपूर के नेतृत्व में प्रातः 9:00 बजे पधारे । दोपहर लगभग 12:45 बजे तक योगाश्रम में दरवाजों व खिड़कियों के शीशे गीले कपड़े से साफ किये तथा कुछ अन्य सेवा कार्य किए । कुरुक्षेत्र में प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा, प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर, सेवा सिंह, नाहर सिंह, योगाश्रम केयरटेकर सुधीर कुमार व माली पंकज कुमार ने भी सेवा भाव से कार्य किया और अंबाला से पधारे सेवाभावी कार्यकताओं का स्वागत व अभिनंदन किया । बाद में अंबाला के सभी कार्यकर्ता रामनाथ कपूर, डॉ एस एन जायसवाल, नरेंद्र ओबेरॉय, रामकिशन व परमजीत ने स्थानीय साधकों गुलशन कुमार ग्रोवर, सेवा सिंह व नाहर सिंह के साथ महाभारत कालीन श्री स्थानेश्वर महादेव मंदिर में भगवान श्री स्थाणु महाराज के दर्शन करने के पश्चात श्री रामनवमी उत्सव में भाग लिया व भंडारा प्रसाद ग्रहण किया । शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर में दर्शन के पश्चात लगभग अढाई बजे सभी वापिस अंबाला के लिए प्रस्थान कर गये । इस अवसर पर गुलशन कुमार ग्रोवर ने कहा कि सेवा से हमारी साधना व साधना से सेवा में निखार आता है । उन्होंने कहा कि मैं ऐसे सेवा भावी कार्यकताओं के पुरुषार्थ को नमन एस करता हूं । प्रभु इन सब की सेवा और साधना दोनों में निरंतर वृद्धि करें । ऐसी शुभकामना ।

## रामनवमी के पावन पर्व पर गौमाताओं को चारा, गुड, दलिया खिलाया

**टीम एक्शन इंडिया**



**रामनवमी** के पावन पर्व पर गौमाताओं को चारा, गुड, दलिया खिलाया व नवरात्रों के अंतिम दिन कन्याओं को भोजन कराया ,पाठ्य सामग्री भेंट की।सोनीपत रामनवमी के पावन पर्व पर दिलबाग सिंह को गौभक्त ने कामी रोड पर स्थित गौशाला में जाकर सर्वप्रथम गौमाताओं के बाड़े में से गोबर उठाया, झाड़ू लगाया, गौमाताओं को पानी पिलाया, चारा खिलाया ,खुर्रा फेरा जिससे कि गौमाताएं अच्छी तरह से साफ सफाई में रह सके। इसके उपरांत नवरात्रों के अंतिम दिन अपने निवास पर नौ कन्याओं को तिलक लगाया ,चरण लिए, भोजन कराया व सप्रेम पाठ्य सामग्री भेट प्रदान की । विकास कुमार गौभक्त ने बताया कि इस पावन पर्व पर गौमाताओं को 21 कट्टे चारा ,5 किलोग्राम गुड़ व 5 किलोग्राम दलिया खिलाया । अर्पित सिंह व संजय कुमार ने महसूस किया कि गौमाताओं की सेवा करने में बहुत आनंद आता है।

## सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता में है: अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**




**अम्बाला: हरियाणा के** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी तथा सरकार की प्राथमिकता में है। इसी कडी में उनके द्वारा चंद्रपुरी, बोह, बब्याल में सिटी बस की सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ चंद्रपुरी व अन्य स्थानों पर जल्द ही बस क्यू शैल्टर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही वहां पर पंखों की सुविधा भी होगी ताकि किसी को भी धूप में बस का इंतजार न करना पड़े। इसके अलावा, विज ने कहा कि धर्मशालाएं जीवन, सभ्यता और समाज के लिए बेहद जरूरी हैं क्योंकि इन धर्मशालाओं के बनने से सामाजिक काम के साथ-साथ आमजन अपने दूसरे कार्यक्रमों जैसे शादी व अन्य कार्यक्रमों को भी कर सकते हैं। यह बात उन्होंने अंबाला के चंद्रपुरी वार्ड नम्बर 22 में 25 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित धर्मशाला का उदघाटन करने के उपरांत उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कही। इससे पहले, शिव-पारवती धर्मशाला के पदाधिकारियों व चंद्रपुरी के गणमान्य लोगों ने परिवहन मंत्री का यहां पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने धर्मशाला की सौगात मिलने पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि मैं आपको दो तरह से बधाई देता हूं, एक तो इस धर्मशाला का उदघाटन एवं श्री गणेश हुआ है और दूसरा यह धर्मशाला बहुत ही सुंदर एवं भव्य बनी है। उन्होंने कहा कि मैं चाहता हूं कि मेरे शहर के लोगों को सभी सुविधाएं मिले और इस दिशा में मैने अपना सारा जीवन भी लगा दिया है। मैंने चंद्रपुरी के साथ-साथ शाहपुर में, मच्छौंडा में, शिवाला में तथा कई जगहों पर धर्मशालाएं बनवाकर दी हैं ताकि लोग यहां पर अपने पारिवारिक कार्य व सामाजिक कार्य अच्छी प्रकार से कर सकें। इन सभी धर्मशालाओं में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि चंद्रपुरी में अनेकों विकास कार्य करवाए गए हैं। आज से पहले यहां पर किसी ने भी विकास कार्यों को नहीं करवाया। इस मौके पर उन्होंने शिव-पारवती धर्मशाला को 20 लाख रुपए और देने की घोषणा की ताकि यहां पर एक भव्य भवन बन सकें। उन्होने कहा कि इस धर्मशाला के बनने से क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा और वे अपने सामाजिक व पारिवारिक कार्य यहां पर आसानी से कर सकेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रोपर्टी डीलरों द्वारा यहां पर लोगों को मकान बेच दिए गए लेकिन उन्हें सुविधाएं नहीं दी और अगर जब भी मौका लगा तो इनका हिसाब करूंगा।

## स्वस्थ व्यक्ति जीवन के हर लक्ष्य को सहजता से कर सकता है पूरा: सुनील

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : भारतीय खेल** प्राधिकरण की तरफ से साई कुरुक्षेत्र से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत पुलिस प्रशासन के सहयोग से साइकिल रैली निकाली गई। इस साइकिल रैली को डीएसपी मुख्यालय सुनील कुमार ने हरी झंडी देकर रवाना किया। उन्होंने ने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति अपने जीवन के हर लक्ष्य को सहजता से पूरा कर सकता है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य और फिटनेस की तरफ विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके साथ ही अपने खान-पान की आदतों को भी ठीक रखना होगा। उन्होंने कहा कि फिटनेस केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ और ऊजार्वान जीवनशैली की कुंजी है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि नियमित शारीरिक गतिविधियां न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। डीएसपी ने कहा कि पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र के नशा मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। इस रैली के माध्यम से लोगों को नशा से दूर रहने का संदेश दिया गया है। जब युवा नशे से दूर रह कर साइकिल रैली जैसे कार्यक्रम में भाग लेंगे तो युवा हमेशा फिट रहेंगे। उन्होंने फिट इंडिया फिटनेस मूवमेंट के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि फिटनेस केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ और ऊजार्वान जीवनशैली की कुंजी है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि नियमित शारीरिक गतिविधियां न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि फिटनेस केवल एक शब्द नहीं है बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध जीवन का आवश्यक स्तंभ होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वास्थ्य सिर्फ रोग या दुर्बलता की अनुपस्थिति ही नहीं बल्कि एक पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक खुशहाली की स्थिति होती है। एक स्वस्थ व्यक्ति रोजमर्रा की गतिविधियों से निपटने के लिए और किसी भी परिवेश के मुताबिक अपना अनुकूलन करने में सक्षम होता हैं। उन्होंने कहा कि पहले एक व्यक्ति कई किलोमीटर की दूरी पैदल अथवा साइकिल से तय करता था, लेकिन आज हम मोटर गाडि?ों का प्रयोग आवश्यकता से अधिक कर रहे हैं। ऐसे में फिट इंडिया का महत्व भारत के लिए बढ़ जाता है। आज प्रौद्योगिकी ने हमारी शारीरिक क्षमता कम कर दी है और हमारी फिटनेस की आदत भी छीन ली है।

## सांसद नवीन जिन्दल जनसेवा के लिए समर्पित हैं: ऋषि गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद मारकंडा: सांसद** नवीन जिन्दल जनसेवा के लिए समर्पित हैं। जनकल्याण की भावना उन्हें संस्कारों में मिली है। नवविवाहित कन्याओं के लिए विशेष रूप से भेजा गया शगुन सांसद जिन्दल द्वारा किया गया एक सराहनीय कार्य है। यह व्यक्तव्य सांसद नवीन जिन्दल की जनकल्याणकारी योजनाओं के उपर प्रकाश डालते हुए ऋषि मारकंडेय मंदिर शाहाबाद के प्रधान ऋषि गंभीर ने दिया।

रामनवमी के पावन अवसर पर ऋषि मार्कंडेय मंदिर में आयोजित भव्य समारोह में 21 कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने अपने जनसेवा भाव का परिचय देते हुए प्रत्येक कन्या के लिए विशेष शगुन भेजा। नवविवाहित कन्याओं के लिए यह तोहफा विशेष महत्व रखता है। सांसद नवीन जिन्दल की इस पहल से समाज की हर बेटी का ख्याल रखने की उनकी भावना स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

## न्यूज फ्लैश

### संदिग्ध हालात में फंदे से लटककर की जीवन लीला समाप्त

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव बंदेपुर में संदिग्ध हालत में युवक ने फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। गांव बंदेपुर निवासी रोहताश ने बताया कि उसका बेटा साहिल (21) निजी कंपनी में काम करता था। उसने फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सदर थाना पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। जहां वारदात स्थल से नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने मृतक के पिता के बयान पर भारतीय न्याय संहिता की धारा-194 के तहत कार्यवाही अमल में लाते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### विधायक निखिल मदान ने राम नवमी के पर्व पर सोनीपत वासियों को दी शुभकामनाएं



**सोनीपत** : बुधवार को राम नवमी के पावन पर्व पर विधायक निखिल मदान ने शहर के विभिन्न हिस्सों में निकाली गई रामनवमी शोभायात्रा में हिस्सा लिया और सभी भक्तों को रामनवमी के पर्व की शुभकामनाएं दी और प्रभु श्री राम का आशीर्वाद लिया। विधायक निखिल मदान ने श्री राम मंदिर अग्रवाल सेवा समिति, गुड़ मंडी, श्री रघुबीर हनुमंत सेना, मॉडल टाऊन,द्वारा निकाली गई रामनवमी शोभायात्रा में हिस्सा लिया और सभी शहरवासियों को भगवान श्री राम के जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। यह शोभायात्रा राम मंदिर अग्रवाल धर्मशाला प्रांगण से शुरू होकर गुड मंडी, काठ मंडी, मिशन रोड, रोहतक रोड से होते हुए वापस अग्रवाल धर्मशाला पहुँच कर संपन्न हुई। साथ ही मयार्दा पुरूषोतम राम मंदिर, जीवन विहार मुरथल रोड, राम मंदिर जीवन नगर, रेलवे रोड, बस स्टैंड के नजदीक मुखी अस्पताल में आयोजित भंडारों में भी हिस्सा लिया। विधायक निखिल मदान ने अपने सम्भोदन में कहा कि आज हमे मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर समाज मे व्याप्त बुराइयों को खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए। इसी वर्ष 22 जनवरी के दिन लगभग 500 वर्षो के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम अयोध्या धाम में राम जन्मभूमि पर बने भव्य राम मंदिर में विराजमान हुए है, हम सब देशवासी इस ऐतिहासिक और गौरवमयी पल के साक्षी बने यह हम सबके लिए सौभाग्य की बात है । इस मौके पर सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यातिथि विधायक निखिल मदान को स्मृति चिन्ह देकर भी सम्मानित भी किया गया। इससे पूर्व विधायक निखिल मदान ने चार मरला हनुमान मंदिर में बाल महावीर दल द्वारा निकाली गयी शोभायात्रा में हिस्सा लिया और मंदिर प्रांगण में मौजूद श्रद्धालुओं को राम नवमी की शुभकामनाएं दी। साथ ही गत रात्रि मिशन चौक पर माँ भवानी मित्र मंडल द्वारा आयोजित तीसरे विशाल जागरण में बतौर मुख्यातिथि ज्योति प्रज्ज्वलित कर शहरवासियों को नवरात्रि की शुभकामनाएँ दी।

# भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा मासिक हवन यज्ञ आयोजित

## भगवान से प्रार्थना की गई की अंबाला कैंट के आसपास सुख शांति व आनंदमय माहौल रहे

**आहुतियां**

▶▶ योगेश शर्मा और उनके धर्मपत्नी दीपा शर्मा ने परिवार सहित भगवान परशुराम जी की 108 मंत्र की आहुतियां दी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** भगवान परशुराम सेवा समिति रजि1069 अंबाला कैंट का मासिक हवन यज्ञ अप्रैल महीने के पहले रविवार 6 अप्रैल को भगवान परशुराम मंदिर नगल करधान मंदिर मे पंडित शंभू दयाल द्वारा विधि विधान से कराया गया। इस हवन यज्ञ में मुख्य जजमान योगेश शर्मा और उनके धर्मपत्नी दीपा शर्मा ने परिवार सहित हवन यज्ञ में भगवान परशुराम जी की 108 मंत्र की आहुतियां दी गई और भगवान से प्रार्थना की गई की अंबाला कैंट के आसपास सुख शांति व आनंदमय माहौल रहे समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने बताया कि समिति 29 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव भगवान परशुराम मंदिर नंगल करधन में शाम को 6 बजे भगवान परशुराम संध्या करवाएगी। उसके बाद भंडारा किया जाएगा। जिसमें मंदिर के आसपास के सभी लोगों को निमंत्रण दिया जाएगा और जितने भी सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं हैं उनको भी निमंत्रण दिया जाएगा। समिति के उप प्रधान रविंद्र बिल्ला शर्मा ने बताया कि 29 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर अंबाला के ब्राह्मण समाज के बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। जिन्होंने अपने पढ़ाई में खेलों में उच्च स्थान प्राप्त किया है समिति के खजांची शशिकांत ने बताया कि इस परशुराम संध्या और भंडारा में भगवान परशुराम सेवा समिति के सभी सदस्यों का वार्षिक योगदान लिया जाएगा और बहुत ही रंगारंग धार्मिक कार्यक्रम किया जाएगा। समिति के सचिव राजेश गोल्डी शर्मा ने बताया कि आज हवन यज्ञ में अंबाला कैंट की नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्ण कोर, पार्षद भूपेश शर्मा, पार्षद संजीव अत्रि,पार्षद रितु शर्मा,नारयणगढ़ से पार्षद नरिंदर देवी शर्मा, राजीव शर्मा को ओबीसी का प्रधान बंनाने पर सभी को सम्मानित किया गया और उन्होंने बताया कि समिति ऐसे धार्मिक सामाजिक कार्यक्रम हर महीने किया करेगी। समिति के हवन इंचार्ज सतीश शर्मा ने बताया कि समिति हर महीने के पहले रविवार को हवन यझ करती है अब मंदिर में पूर्णमासी को कथा की जाएगी। इस हवन यज्ञ में सुरेंद्र राजू शर्मा राजेंद्र कौशिक तरसेम शर्मा नीतीश शर्मा कपिल बाबाहेरी, सोहन शर्मा, अमर पाल शर्मा, अशोक शर्मा, नवीन शर्मा,सुनीता पाराशर सुषमा शर्मा डॉक्टर राकेश भारद्वाज डॉक्टर श्याम शर्मा संदीप शर्मा संदीप शर्मा जोगिंदर कौशल सुरेश कौशिक सुधीर लम्बा रश्मि शर्मा कुणाल शर्मा पुण्य शर्मा रेनू शर्मा, सुनीता शर्मा, कुमुद शर्मा, मीनू लाम्बा और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# राजीव जैन ने विकास में तेजी लाने का आग्रह किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** नगर निगम महापौर राजीव जैन ने सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य सलाहकार (शहरी विकास) दीपेंद्र सिंह ढेसी के साथ अनौपचारिक बैठक करके विकास में तेजी लाने का आग्रह करते हुए कहा कि गांव राठधना में 30 टछऊक्षमता का नया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य जल्द शुरू किया जाये ताकि शहर की सीवरेज समस्या का समाधान हो सके। राई विश्राम गृह में हुई अनौपचारिक बैठक में राजीव जैन ने कहा कि सोनीपत की आबादी लगातार बढ़ती जा रही है, इसलिए जुलाई 2024 की बैठक में पास हुए कार्यों को शुरू किया जाये। उन्होंने कहा कि सबसे जयादा जरुरी सोनीपत एवं कुंडली में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण है, क्योंकि गंदे पानी की निकासी विकराल रूप धारण करती जा रही है। बैठक में प्राधिकरण की अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी वीना हुड्डा, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, मुख्य अभियंता याजेश मोहन मेहरा, अधीक्षण अभियंता जगदीश शर्मा, निगम के कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग उपस्थित रहे। राजीव जैन ने निगम क्षेत्र में आने वाले लेजर वैली पार्क तथा देवीलाल पार्क का पुनर्निर्माण करवाने की मांग रखते हुए देवीलाल पार्क के एक हिस्से को बड़े चिल्ड्रन पार्क के रूप में भी विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में सीवरेज की मास्टर लाइन प्राधिकरण को बिछानी हैं, इस पर भी जल्दी काम शुरू हो ताकि नई बसी कालोनियों में सीवरेज की ब्रांच लाइन डाली जा सके। मेयर राजीव जैन ने शहर में पीने के पानी की बढ़ती मांग के मध्य नजर जाजल रैनीवेल के अतिरिक्त चार कुएं और बनाने की मांग भी रखी। मुख्य सलाहकार ढेसी ने आश्वासन दिया कि अब प्राधिकरण का कार्य सुचारु रूप से शुरू हो गया है।

# लड़की से छेड़छाड़ करने की वारदात में शामिल एक महिला सहित दो आरोपित गिरफ्तार

**वारदात**

▶▶ छेड़छाड़ करने की वारदात में शामिल महिला सहित दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: मुरथल** थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने की वारदात में शामिल महिला सहित दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुखबीर निवासी खांडा जिला हिसार हाल में न्यू कृष्ण कॉलोनी व जींद निवासी एक महिला है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। एक व्यक्ति ने गत 27 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी बहन के साथ पवन नाम के युवक ने छेड़छाड़ की है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने लड़की का मेडिकल करवाकर अदालत में बयान दर्ज करवाएं। वहीं पुलिस ने आरोपित पवन को पहले काबू कर लिया था।

# भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस पार्टी कार्यालय में उत्साह से मनाया

**समरसता**

▶▶ पार्टी ने भारतीय संस्कृति, आर्थिक सशक्तिकरण और समाजिक समरसता को बढ़ावा दिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत ( संजीव कौशिक )**
जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से झंडा फहराकर मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उत्साह और समर्पण के साथ भाजपा की नीति और सिद्धांतों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने की।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री नवीन मंगल ने की किया जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल एक अवसर नहीं है, बल्कि यह हमारे आत्मसमर्पण और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हमेशा भारतीय संस्कृति, आर्थिक सशक्तिकरण और समाजिक समरसता को बढ़ावा दिया है। उनकी बातों से स्पष्ट था कि भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि समाज की सेवा करना और भारतीयता को प्रबल बनाना है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा देश के विकास, सांप्रदायिक सद्भाव, और राष्ट्रवाद की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि भाजपा ने हमेशा जनता की भलाई के लिए काम किया है और आने वाले समय में पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर देश को और अधिक प्रगति की ओर ले जाएगी।

इस कार्यक्रम के माध्यम से विधायक कृष्णा गहलोत, विधायक निखिल मदान शीर्ष नेताओं ने अपने-अपने विचार रखें और कार्यकताओं ने अपनी नीतियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से व्यक्त किया और आने वाले चुनावों में और अधिक जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री नवीन मंगला, डॉ ओमप्रकाश आत्रे, देवेंद्र कौशिक,अनिल ठक्कर आजाद नेहरा, रविंद्र दिलावर, निशांत छोकर, हरिओम शर्मा, मण्डल अध्यक्ष आरती शर्मा, शेखर आंतील, वेद पाल शास्त्री, श्रवण कौशिक, शशि कांत भारद्वाज,तरुण देवीदास, मुकेश बत्रा साहित्य सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# हत्या प्रयास के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रिमांड पर भेजा**

▶▶ आरोपित देवी लाल कॉलोनी का है। पुलिस ने आरोपित अदालत में पेश किया। पुलिस रिमांड पर भेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: शहर** थाना सोनीपत पुलिस ने चाकू से हमला कर युवक को घायल करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सौरव निवासी देवी लाल कॉलोनी का है। पुलिस ने आरोपित अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। सेक्टर-23 निवासी तेशांत ने गत 16 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह दुकान पर सामान लेने के लिए गया था। जहा अनुरांग व शक्ति, सिंदू नाम के युवक खड़े हुए थे। उसी दौरान एक लडका जिसका नाम गौरव के पास सोहीत व अंशुमन आए और गौरव के साथ मिलकर इन्होंने शक्ति के भाई ईशु से मारपीट करनी शरू कर दी जो मैने शक्ति, अनुराग व सिद्धू ने मिलकर शक्ति के भाई को उनसे छुड़ाया जो गौरव और उसके दोस्त वहां से गालियां देते हुए चले गए। उसके बाद अनुराग, शक्ति व सिध्दू मोटरसाईकिल पर बैठकर रेलवे स्टेशन के पास जा रहा था। जब वह शिवा स्कूल की गली में पहुंचा तो समय तकरीबन आठ बजे सौरव, गौरव सोहीत, अंनशुमन व मनीष उर्फ खन्ना, पांन्डु सहजादपुर इनके अन्य साथी मोटरसाइकिलों पर आए जो गौरव के हाथ में चाकु, सौरव के हाथ में बैल्ट, खन्ना के हाथ में चाकु व अन्य लड़को के पास डन्डे, बिट्टे व दाव थे। उन्हें रोक कर गौरव ने कहा कि हमारे साथ झगड़ा करने का मजा चखाते है। इतना कहते ही सौरव ने मुझे बैल्ट मारी व मुझे पकड़ लिया और गौरव व खन्ना ने मेरी कमर पर चाकू से वार किए व इनके अन्य साथियों ने अपने-2 हाथ में लिए हथियारों उसे चोट मारी। राहगीरों ने उसे छुड़वाया। हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचा। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे निजी अस्पताल में ले गए। पर पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# श्री सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर के सौजन्य से राम नवमी पर निकली विशाल कलश यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**श्री** सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर के प्रांगण मे आयोजित होने वाली साप्ताहिक श्रीराम कथा से पहले विशाल कलश यात्रा निकाली गई। राम नवमी पर निकाली गई कलश यात्रा मे लाल पीले परिधान मे सज धज कर आई सैकडो महिलाओ ने अपने सिर पर पवित्र कलश धारण किया। निरंजनी अखाड़ा के महामण्डलेश्वर एवं भारत माता मंदिर हरिद्वार के महंत स्वामी ललिता नंद गिरी महाराज ने बतौर मुख्य अतिथि भव्य व विशाल कलश यात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर स्वामी ललिता नंद गिरी ने श्रद्धालुओ को संबोधित करते हुए समाज उत्थान के लिए धर्म प्रचार मे ज्यादा से ज्यादा लोगो को शामिल होकर बढ चढ़कर काम करने का आह्वान किया। भाजपा शहरी मंडल की अध्यक्षा रेखा संजय गोयल की अध्यक्षता मे निकली कलश यात्रा दुर्गा माता मंदिर से शुरू होकर ब्लू जे रोड,माडल टाऊन व रेलवे रोड से होते हुए वापिस मंदिर प्रांगण मे सम्पन्न हुई। इससे पहले कलश यात्रा के संयोजक एवं पार्षद मनीष बेनीवाल,दुर्गा माता मंदिर के प्रधान अनिल बैनीवाल व मंदिर पुजारी ॉ सुभाष शास्त्री ने महामण्डलेश्वर स्वामी ललिता नंद गिरी महाराज का समालखा पहुंचने पर फूल मालाओ से स्वागत किया।

## मादक पदार्थ तस्करी का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट कुंडली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित भरत उर्फ भरथू निवासी किसान कॉलोनी गोहाना का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। सहायक उप निरीक्षक प्रदीप की टीम गश्त के दौरान बरोदा फाटक गोहाना में मौजूद थी। उसी दौरान मादक पदार्थ तस्कर की सूचना मिली। टीम ने आरोपित को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास मादक पदार्थ मिला। जिसका वजन करने पर एक किलो 510 ग्राम चरस मिली।

# श्री राम के आचरण की तुलना करके प्रगति संभव है: जौन






**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन एवं नगर निगम मेयर राजीव जैन ने राम नवमी के अवसर पर दो दर्जन से ज्यादा हवन यज्ञ, भंडारे, शोभा यात्राओं एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भाग लेकर धर्म प्रेमियों को बधाई दी और कहा कि भगवान श्री राम के आचरण एवं चरित्र की तुलना करके मानव का कल्याण तथा प्रगति संभव है।
कुम्हार धर्मशाला, जटवाड़ा, सरकारी स्कूल धानकान बस्ती, राम मंदिर जीवन नगर, शिव मंदिर तारा नगर, मॉडल टाउन, मशद मोहल्ला, हनुमान मंदिर कोर्ट रोड, गीतांजलि गार्डन, वसुंधरा गार्डन, राम शरणम, जीवन विहार, गुरूजी धाम बहालगढ़ में आयोजित कार्यकर्मों में कविता जैन ने कहा कि सभी त्यौहार अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देते हैं, इसलिए मनुष्य को मानव जीवन सार्थक करने के लिए हमेशा धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। राजीव जैन ने कहा कि केवल भगवान श्री राम की पूजा से काम नहीं चलेगा बल्कि उनके गुणों को धारण करके जन-जन तक पंहुचायें। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण से साबित हो गया है कि राम सबके हैं और सब राम के है, इसी कारण सनातन धर्म की पताका पूरे विश्व में लहरा रही है।

# नागरिक अस्पताल में स्टेट हेड क्वार्टर अधिकारी का औचक निरीक्षण

**जांच की**

▶▶ अधिकारी द्वारा एक-एक गाड़ी को स्टार्ट करके उसमें खुद जरूरी उपकरणों की जांच की

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: लोगों** का जीवन बचाने वाली जीवन वाहिनी की खस्ता हालत की खबरों को लेकर एनएचएम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत रेफरल ट्रांसपोर्ट के डिप्टी डायरेक्टर ने शनिवार को नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी ने गाड़ियों में मिलने वाली सुविधाओं को जांचा। अधिकारी द्वारा एक-एक गाड़ी को स्टार्ट कर-के उसमें खुद जरूरी उपकरणों की जांच की। निरीक्षण के दौरान वर्दी में न मिलने वाले चालक व ईएमटी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश अधिकारी द्वारा दिए गए है। साथ ही जिला फ्लीट मैनेजर का चार्ज बदलने व ईमएटी सहित चालक को ट्रेनिंग करवाने के निर्देश प्रबंधन को दिए गए है। सर्विस सेंटरों से गाड़ियों में करवाएं कार्य का एक साल तक का रिकॉर्ड तलब करने के निर्देश दिए गए है। बता दें कि जिला स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूदा समय में अलग-अलग सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के लिए 30 एंबुलेंस गाड़ियां है। उक्त गाड़ियों की सर्विस को लेकर प्रबंधन की तरफ से उच्च अधिकारियों को पत्राचार किया जाता है। जिला स्तर पर दस हजार से कम खर्च को करने की अनुमति है। जबकि ज्यादा खर्च को लेकर उच्च अधिकारियों से अनुमति लेनी होती है। जानकारी मिली है कि पांच गाड़ियों में सर्विस व पार्ट खराब होने के चलते ज्यादा खर्च होना है। जिसकी अनुमति नहीं मिल पा रही थी। शनिवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत तैनात (आरटी) रेफरल ट्रांसपोर्ट के डिप्टी डायरेक्टर डा. यादवेंद्र सिंह अस्पताल में पहुंचे। जहां उन्होंने परिसर में खड़ी गाड़ियों में सुविधाओं व उपकरणों की जांच की। निरीक्षण के दौरान जिला एनएचएम अधिकारी डा. सुभाष, आरएमओ डा. मंजीत राठी, फ्लीट मैनेजर, सहित एंबुलेंस पर तैनात कर्मचारी मौजूद रहे।

**कर्मचारी वर्दी में नहीं मिले, एक दिन का वेतन काटने के निर्देश-** एंबुलेंस गाड़ियों की जांच के दौरान अधिकारी ने खुद गाड़ी स्टार्ट करके देखी। उसके बाद गाड़ी में ऑक्सीजन की सुविधा, स्ट्रेचर का रखरखाव व उसमें मौजूद उपकरणों की जांच की। गाड़ियों में सफाई को लेकर उन्होंने चालक व ईएमटी को कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एंबुलेंस चालक व ईएमटी वर्दी में नहीं मिले।

जिसके चलते अधिकारी ने दोनों कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही डयूटी के दौरान वर्दी न पहने वाले कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की बात कही।

**दान में दी गाड़ी फांक रही धूल, अपने नाम नहीं करवा पा रहे गाड़ी-** आमजन को आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस की सुविधा मिल सके उसके लिए निजी कंपनियों व सोसाइटी की तरफ से गाड़ी दान दी गई थी। जोकि गत नवंबर माह में जिला उपायुक्त को गाड़ी को सौंपा गया था। स्वास्थ्य विभाग में पहुंचने के बाद कई माह से गाड़ी परिसर में खड़ी धुल फांक रही है। जिसे देखकर डिप्टी डायरेक्टर लाल हो गए। उन्होंने गाड़ी जांच करने के साथ उसके कागजात जांचे। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से अब तक गाड़ी को जिला स्वास्थ्य अधिकारी के नाम नहीं करवा पाने की बात सामने आई। कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद गाड़ी आमजन के लिए उपलब्ध हो सकेगी।

# मण्डियों में अब तक की जा चुकी है 3356.47 मीट्रिक टन सरसों की खरीद

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने बताया कि रबी सीजन के तहत जिले में सरसों की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार किसानों की उपज निर्धारित मानकों के अनुरूप खरीदी जा रही है और उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। अब तक जिले में कुल 3356.47 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हो चुकी है। इसमें से 2740.8 मीट्रिक टन सरसों की लिफ्टिंग पूरी हो चुकी है और शेष लिफ्टिंग का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरसों की खरीद निर्धारित एमएसपी मूल्य 5950 पर की जा रही है।
उन्होंने बताया कि हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन (एचडब्ल्यूसी) और खरखौदा व सोनीपत तथा हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति और विपणन संघ (हैफेड) की ओर से गन्नौर तथा गोहाना की मण्डियों में सरसों खरीदी गई। उन्होंने बताया कि मण्डियों में खरीद की गई 3356.47 मीट्रिक टन सरसों में से गन्नौर मण्डी में 920 मीट्रिक टन, गोहाना मण्डी में 560 मीट्रिक टन, खरखौदा में 1061.4 मीट्रिक टन तथा सोनीपत मण्डी में 815.07 मीर्ट्रिक टन सरसों की आवक हुई है, जिसकी एचडब्ल्यूसी व हैफेड द्वारा खरीद की जा चुकी है।
उपायुक्त ने खरीद एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसानों को समय पर भुगतान किया जाए ताकि उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े। लिफ्टिंग कार्य में तेजी लाई जाए ताकि मंडियों में जगह की कमी न हो और नई फसल की आवक बाधित न हो।
खरीद एजेंसियों द्वारा स्टोरेज व्यवस्था को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जाए, जिससे खरीदी गई सरसों का सुरक्षित भंडारण किया जा सके। किसानों की सुविधा के लिए अनाज मंडियों में जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

# कुरुक्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: भारतीय जनता** पार्टी (भा.ज.पा.) का 46वां स्थापना दिवस जिला कार्यालय में बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष तेजीन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपनी एकजुटता और समर्पण का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पार्टी ध्वज फहराकर स्थापना दिवस के कार्यक्रम की शुरूआत की गई और पार्टी के इतिहास, संघर्षों और उपलब्धियों को याद किया गया। मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया



कि कार्यक्रम की शुरूआत में जिलाध्यक्ष तेजीन्द्र सिंह ने पार्टी ध्वज फहराया और पार्टी के संस्थापक नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सफर हमेशा से राष्ट्रहित, समाजिक समरसता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति समर्पित रहा है। यह पार्टी हमेशा अपने सिद्धांतों पर अडिग रही है और देश की सेवा के लिए निरंतर कार्य करती रही है। तेजीन्द्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की 46 साल की यात्रा को 'संघर्ष से सफलता' के रूप में प्रस्तुत किया और पार्टी के कार्यकताओं से यह आह्वान किया कि वे आने वाले समय में पार्टी के उद्देश्यों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए कार्य करें। उन्होंने पार्टी की सरकारों द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने देश को विकास की नई दिशा दी है और समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कई योजनाओं की शुरूआत की है।शैलेश वत्स ने आगे बताया कि कार्यक्रम में एक विशेष प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के इतिहास, उसके संघर्ष और उसके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में पार्टी के प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और भारतीय जनता पार्टी के विकास की यात्रा को समझने का प्रयास किया। शैलेश वत्स ने बताया कि इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, जिला कार्यकर्ता और पार्टी के कई समर्थक मौजूद थे। सभी ने इस अवसर पर पार्टी की सफलता की कामना की और आगामी चुनावों में पार्टी की और अधिक मजबूती से सफलता की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के उद्देश्यों को पूरा करने का संकल्प लिया और पार्टी को और मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

# वात्सल्य वाटिका में मासिक यज्ञ और बाल विवाह मुक्ति हेतु संगोष्ठी आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : ब्रह्मा कॉलोनी** स्थित श्री शिव शक्ति आश्रम एवं वात्सल्य वाटिका में रविवार को राम नवमी के अवसर पर मासिक यज्ञ और बाल विवाह मुक्त समाज विषय पर संगोष्ठी हुई। सुबह यज्ञशाला में मासिक यज्ञ अनुष्ठान किया गया जिसमें मुख्य यजमान वरुण यादव,शालू यादव व समाजसेवी जसबीर पुंज सहित आश्रम से जुड़े श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों ने आहुतियां दी। इसके बाद बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर संगोष्ठी की गई। आश्रम संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने कहा कि आज बदलाव का दौर है। ऐसे समय में बालिकाओं को और अधिक समझने और समझाने की आवश्यकता है। बालिकाओं के भविष्य को संवारने



हेतु उन्हें शिक्षित करना होगा जिससे वे अपने जीवन के लक्ष्य प्राप्ति को अग्रसर हो सके। वात्सल्य वाटिका से जुड़े कृष्ण पांचाल ने बताया कि बाल विवाह की समस्या को समाप्त करना सभी नागरिकों का कर्तव्य बनता है। बाल विवाह जैसी प्रथा समाप्ति अभियान को गति प्रदान करते हुए शीघ्र ही धर्मनगरी में प्रचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आश्रम में नए शैक्षणिक सत्र के दौरान जरूरतमंद एवं निराश्रित बच्चों के शैक्षणिक एवं सवार्गीण विकास के लिए उचित शिक्षा का प्रबंध किया गया है। इस अवसर पर संत राजेंद्र सिंह, सुरेश जोशी,लाभ सिंह,ओमप्रकाश मित्तल, शिक्षाविद रमेश कुमार,प्रीति शर्मा,शिक्षिका अनु,सुनीता,पूजा,नितिन पांडे, सुल्तान सिंह,डॉक्टर माणिक, ओमप्रकाश गेरा,अरुण कुमार और सुमित कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा ने मनाया 45वां स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शहर के मॉडल** टाउन इलाके में आज भाजपा के 45वें स्थापना दिवस के मौके पर एक खास नजारा देखने को मिला। पूर्व कांग्रेसी नेता त्रिलोचन सिंह के घर की छत पर पहली बार भाजपा का झंडा लहराया गया। त्रिलोचन सिंह ने करीब 32 साल तक कांग्रेस की सेवा की, लेकिन कुछ समय पहले वे भाजपा में शामिल हो गए थे। हालांकि उन्होंने आज तक भाजपा का झंडा नहीं लगाया था। उन्होंने प्रण लिया था कि पार्टी का झंडा केवल स्थापना दिवस के दिन ही लगाऊंगा और आज उन्होंने उस वादे को निभाते हुए छत पर कमल का झंडा फहराया।

इस मौके पर करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेणुबाला गुप्ता, बृज गुप्ता समेत कई अन्य भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह के घर पहुंचे। सभी ने मिलकर झंडा लगवाया और त्रिलोचन सिंह को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। विधायक जगमोहन आनंद ने त्रिलोचन सिंह का मुंह मीठा करवाया और कहा कि इस दिन का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है। यह सिर्फ पार्टी का स्थापना दिवस नहीं, बल्कि उन सभी लोगों की तपस्या और राष्ट्र सेवा का प्रतीक है, जिन्होंने अंत्योदय की भावना से काम किया। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि पहले उनके घर पर कांग्रेस का झंडा लहराता था, लेकिन जब उन्होंने भाजपा जॉइन की तो कांग्रेस का झंडा उतार दिया था। तब से आज तक कोई पार्टी का झंडा नहीं लगाया गया। उन्होंने निर्णय लिया था कि केवल स्थापना दिवस के दिन ही भाजपा का झंडा लगाएंगे।

### सो रहे परिवार के घर चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। असंध थाना क्षेत्र** के खेड़ी शरीफ अली गांव में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने गांव के एक घर को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी समेत लाखों का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित विक्रमजीत सिंह ने बताया कि कल रात वह अपने घर में रोज की तरह खाना खाकर सो गए थे। सुबह जब उठे तो देखा कि गेट का कुंडा टूटा हुआ था और अंदर अलमारी का ताला टूटा पड़ा था। अलमारी की जांच की तो पता चला कि उसमें रखे 5 तोले सोना, 2 तोले चांदी और 30 हजार नकद गायब थे। विक्रमजीत सिंह की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। असंध थाना की जांच अधिकारी बाला ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### सडक दुर्घटना में मां-बेटी घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। रविवार दोपहर** को जिले के कुडक-सुल्तानपुर रोड पर दो कारों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि एक टाटा कार खेतों में बनी खदानों में जा गिरी और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टाटा कार में ड्राइवर अपनी मां और एक छोटी बच्ची के साथ सवार था। हादसे में दोनों घायल हो गए। उन्हें तुरंत करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। टाटा कार चालक ने बताया कि वह अपनी साइड में सामान्य स्पीड में गाड़ी चला रहा था। तभी सामने से एक क्रेटा कार तेज रफ्तार से आई। क्रेटा ड्राइवर नशे में था और गाड़ी को अनियंत्रित तरीके से चला रहा था। उसने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को बचाने की कोशिश में अचानक कट मारा और सामने से आ रही उनकी कार से सीधी टक्कर हो गई। हादसे के बाद टाटा कार सडक से नीचे खेतों की ओर पलटते हुए खदानों में जा गिरी। टाटा कार में ड्राइवर की मां और बेटी भी सवार थीं। टक्कर इतनी तेज थी कि मां के जबड़े में गंभीर चोट लगी, जबकि बच्ची को बाजू पर खरोंचें आई हैं। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और दोनों घायलों को बाहर निकाला गया। टाटा कार ड्राइवर ने आरोप लगाया कि क्रेटा का ड्राइवर नशे में था और बेहद लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। हादसे के बाद वह मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन लोग जमा हो गए। फिलहाल पुलिस ने दोनों कारों को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची।

# कटारिया ने प्रतिष्ठान सिटी एसोसिएट का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : धर्मनगरी कुरुक्षेत्र** के केडीबी मार्ग पर संत महात्माओं के आशीर्वाद से भाजपा नेता सूरजभान कटारिया ने अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान सिटी एसोसिएट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हरिद्वार से आए रविदासआचार्य श्री सुरेश जी राठौड़, महात्मा सतनाम दास बेगमपुरा, संत जैन दास हितकारी, संत गुरपाल दास जी लाडवा ने पहुंचक आशीर्वाद दिया और गुरु वाणी से सभी को निहाल किया। इस मौके पर सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सूरज भान कटारिया और उनके बेटे उमंग कटारिया को शुभकामनाएं भेंट की।



स्थानीय क्षेत्र में सक्रिय रूप से सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक रूप से कार्यरत भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरज भान कटारिया को व्यवसायिक प्रतिष्ठान के शुभारंभ पर प्रातः हवन पाठ के बाद अनेको शुभचिंतकों जिनमें पूर्व वाइस चांसलर और पूर्व मंत्री डॉ. मुनिलाल रंगा, भाजपा नेता अशोक शेरवाल, हरियाणा घुमंतू जाति बोर्ड के वाइस चेयरमैन जसवंत पठानिया,
रविन्द्र सांगवान ठोल, हरियाणा डेयरी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के पूर्व अध्यक्ष चौ. रणधीर सिंह, नायब तहसीलदार परमजीत सिंह, गुरु रविदास समाज कल्याण सभा एवं धर्मशाला के पूर्व प्रधान सूरजभान नरवाल, श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रदेश अध्यक्ष हितेंद्र चौधरी, महामंत्री कृष्ण भुक्कल, तिलकराज पूनिया, ब्लड डोनेशन फाउंडेशन के उपाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, मीडिया वेलफेयर क्लब के जिला अध्यक्ष बाबूराम तुषार, पूर्व पुलिस उपअधीक्षक सुभाष भुक्कल, कुरुक्षेत्र विश्विद्यालय के उप रजिस्ट्रार जीत सिंह शेर, पूर्व नायब तहसीलदार जयवीर रंगा, जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता सहित बंसी लाल कटारिया, जगमाल सिंह चंदेल, कृष्ण भानखुड, पूर्व सरपंच सुभाष पलवल, ईशम सिंह मथाना, महिपाल फूले अमीन, राहुल सुविधा, सूरजभान मेहरा, सुशील चित्रा, अभिमन्यु वर्मा आदी ने बधाई दी।

# दी अंबेडकर एजुकेशनल सोसाइटी ने लगाया रक्तदान शिविर



**टीम एक्शन ंडिया**

**सोनीपत: जनहित अभियान** फाउंडेशन के द्वारा दी अंबेडकर एजुकेशनल सोसाइटी ककरोई रोड पर लगाया रक्तदान शिविर। इस अवसर पर दी अंबेडकर एजुकेशनल सोसाइटी के प्रधान सत्यवान भाटिया व जिला कोर्ट सोनीपत के प्रधान अनिल दुल ने किया शिविर का उदघाटन। कार्यक्रम का आयोजन एडवोकेट कुलभूषण सिंह एंड एसोसिएट ने किया और कहा कि हम भविष्य में भी ऐसे ही सामाजिक कार्य करते रहेंगे। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया 40 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।एडवोकेट सुभाष पंचाल,एडवोकेट वरुण चावला,अनुज जैन ,एडवोकेट निखिल भनवाला एडवोकेट संदीप गहलावत,एडवोकेट नवीन सभरवाल,मनोज मेहरा सोफे वाला,क्लर्क कुलदीप सिहान,परमवीर भाटिया,रवि पिनान,आदि उपस्थित रहे।

# पार्षद बबिता त्रिभुवन कौशिक ने घर पर भाजपा का झंडा लगाकर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत । भारतीय जनता पार्टी** का 46वां स्थापना दिवस पर नगर निगम पार्षद बबीता त्रिभुज कौशिक ने अपने घर पर भाजपा का झंडा लगाकर धूमधाम से मनाया पार्षद बबिता त्रिभुवन कौशिक ने कहा की 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पहले अध्यक्ष बने। अटल जी के नेतृत्व में जनसंघ के बाद भाजपा की यात्रा दो सांसदों से शुरू होकर इतनी तेज गति से आगे बढ़ी कि पीएम मोदी के नेतृत्व में लगातार तीन बार जनता ने भाजपा को समर्थन दिया और आज नॉन स्टॉप भाजपा की सरकार देश में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने एनडीए का गठन किया जिसे आज प्रधानमंत्री मोदी भी साथ लेकर चल रहे हैं और देश को आगे बढ़ाने और विकसित करने का काम कर रहे हैं। पार्षद बबिता त्रिभुवन कौशिक ने कहा कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी डा. मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को गति देते हुए देश को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश गति से बदला है।

आष्युमान कार्ड से गरीबों को इलाज हो रहा है। देश में प्रधानमंत्री जन औषधालय खुले हैं जहां सस्ती दवाईयां लोगों को मिल रही है।

# नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला पुलिस कुरुक्षेत्र** ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में अवतार सिंह वासी वजीदपुर हाल वासी वशिष्ट कालोनी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर-के उसके कब्जा से 14.93 ग्राम हैरोईन बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी सौरभ उर्फ भैरों वासी वशिष्ट कालोनी कुरुक्षेत्र को भी गिरफ्तार कर लिया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 5



अप्रैल 25 को एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र पाल के मार्ग-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक धर्मबीर सिंह, मुख्य सिपाही बलदेव कुमार, नसीब सिंह, महिला सिपाही शिवानी, सिपाही प्रदीप कुमार, सुरेन्द्र कुमार व गाडी चालक मुख्य सिपाही प्रवीन कुमार की टीम मोहन नगर कुरुक्षेत्र पर मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि अवतार सिंह वासी वशिष्ट कालोनी कुरुक्षेत्र जो हैरोईन बेचने का काम करता है। आरोपी मोहन नगर व गांधी नगर वगैरा में भी चलतेझफिरते नशेडियों को हैरोईन बेचता है जो आज भी वह हैरोईन बेचने के लिये अपने घर वशिष्ट कालोनी से पैदल-पैदल होता हुआ मोहन नगर चौंक की तरफ आगेया। अगर मोहन नगर पुल के नीचे नाकाबन्दी करके अवतार सिंह को काबू करके उसकी तलाशी ली जाये तो भारी मात्रा में हैरोईन बरामद हो सकती है। सूचना पर पुलिस टीम ने मोहन नगर पुल के नीचे नाकाबन्दी करके निगरानी शुरू कर दी। थोड़ी देर बाद पुलिस टीम को एक व्यक्ति पैदल-पैदल आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम ने व्यक्ति को रोककर नामपता पूछने पर उसने अपना नाम अवतार सिंह वासी वजीदपुर हाल वासी वशिष्ट कालोनी कुरुक्षेत्र बताया। मौका पर राजपत्रित अधिकारी डीएसपी मुख्यालय सुनील कुमार को बुलाया गया। राजपत्रित अधिकारी के सामने पुलिस द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से 14.93 ग्राम हैरोईन बरामद हई। आरोपी के खिलाफ थाना शहर पेहवा में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके एंटी नारकोटिक सैल के उप निरीक्षक अशोक कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# श्रीराम लोक आस्था एवं विश्वास के रूप में व्याप्त: श्रीप्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:मयार्दा पुरुषोत्तम राम** का सामाजिक महत्व उनके चरित्र, आदर्शों और मूल्यों में निहित है, जो भारतीय समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत हैं। वे सत्य, न्याय, धर्म और मयार्दा के प्रतीक हैं, जो समाज को दिशा देते हैं। उन्होने दया, सत्य, सदाचार, मयार्दा, करुणा और धर्म का पालन किया। भगवान राम ने समाज के लोगों के सामने सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया था। इसी कारण से उनको मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा



आयोजित रामोत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किये। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने रामोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन से हुआ। विद्यार्थियों ने सुमधुर भजनों के गायन द्वारा भगवान श्री राम की स्तुति की। श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। रामोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा जीवन जीने की उच्चतम मयार्दा का पथ प्रदर्शक भगवान श्रीराम के जीवन पर दृष्टिपात करेंगे तो निश्चित ही हमें कई पाथेय दिखाई देंगे, लेकिन इन सब में सामाजिक समरसता का आदर्श उदाहरण कहीं और दिखाई नहीं देता। अयोध्या के राजा श्रीराम ने अपने जीवन में अनुशासन और विनम्रता का जो चरित्र प्रस्तुत किया, वह आज भी समाज के लिए एक दिशाबोध है।वर्तमान में हम स्पष्ट तौर पर देख रहे हैं कि समाज को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है, जिसके कारण जहां एक ओर समाज की शक्ति तो कमजोर हो रही है, वहीं देश भी कमजोर हो रहा है।

वर्तमान में राम राज्य की संकल्पना को साकार करने की बात तो कही जाती है, लेकिन उसके लिए सकारात्मक प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

# करनाल में बनेगी 19 करोड़ की नई अनाज मंडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के नीलोखेड़ी** क्षेत्र के गांव मानक माजरा में जीटी रोड पर स्थित पूजम व मनक माजरा गांवों की 25 एकड़ पंचायती जमीन पर नई अनाज मंडी का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना पर करीब 19 करोड़ रुपए खर्च होंगे और निर्माण कार्य सितंबर 2026 तक पूरा होने की संभावना है। नई मंडी के निर्माण से न केवल करनाल बल्कि कुरुक्षेत्र समेत अन्य जिलों के किसानों को भी समस्या से राहत मिलेगी और वे सीधे मनक माजरा की मंडी में अपनी फसल बेच सकेंगे। वर्तमान में नीलोखेड़ी की मंडी में जगह की कमी के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहां जगह कम होने के कारण किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए करनाल या फिर कुरुक्षेत्र की मंडियों तक जाना पड़ता है, जिससे उनके समय और धन दोनों की बर्बादी होती है।

परिवहन लागत

अधिक होने से किसानों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। मनक माजरा में नई मंडी बनने के बाद किसान आसानी से अपनी फसल बेच सकेंगे और उन्हें कहीं और जाने की जरूरत नहीं होगी। मंडी के निर्माण को लेकर मार्केटिंग बोर्ड ने पूरी तैयारी कर ली है। बोर्ड के एक्शन विजेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के लिए 19 करोड़ रुपए की एडमिनिस्ट्रेटिव अप्रूवल मिल चुकी है।

# विकसित भारत के सपने को साकार करने को संकल्पित है भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :-देश के गरीबों** की अनदेखी से विचलित होकर अन्तोदय के संकल्प को लेकर 6 अप्रैल 1980 को एक छोटे से पौधे के रूप में अंकुरित पार्टी अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ता और राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के अथक प्रयासों के परिणाम स्वरूप आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी का गौरव हासिल कर चुकी है और लगातार तीसरी बार केंद्रीय सरकार के रूप में समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास और राष्ट्र उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है। उक्त विचार भाजपा नेता और कला और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने



व्यक्त किए। अनिल वर्मा ने कहा कि त्याग, तपस्या से ही किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है और भाजपा संगठन के संस्कारों में ही कार्यकर्ताओं को निस्वार्थ रूप से जनता की सेवा और अखंड,अक्षुण्ण, गौरवशाली भारत के लिए जीवन समर्पित करने की प्रेरणा दी जाती है जिस कारण आज करोड़ों सदस्यों के साथ पार्टी दूसरे राजनीतिक दलों से कई गुणा आगे खड़ी है और बाकी दलों को भी संगठनात्मक मोर्चे पर विस्मित कर रही है। अनिल वर्मा ने कहा कि 6 अप्रैल के दिन पूरे राष्ट्र में बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर स्थापना दिवस मनाया है और कार्यकर्ताओं ने भविष्य में भी पार्टी के प्रति पूर्ण समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया है। इसी कड़ी में आयोजित कार्यक्रमों में उत्साही पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सुबह- सवेरे अपने अपने घरों पर पार्टी का ध्वजारोहण किया और पार्टी के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया। इसी श्रृंखला में पार्टी के जिला कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिले भर से पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उपस्थिति दर्ज. करवाई और पार्टी के स्थापना दिवस की शुभ कामनाएं दी।

अनिल वर्मा ने बताया कि यह गर्व का विषय है कि शून्य से शिखर तक के पार्टी के सफर में आज भारतीय जनता पार्टी अपने अंत्योदय के संकल्प को तो पूरा कर ही रही है अपितु 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को भी आत्मसात करते हुए उस दिशा में कार्यरत है। अनिल वर्मा ने कहा कि पार्टी ने प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा तक के युग में अनेकों पड़ावों को तय किया है। इसी प्रकार केंद्र में तेरह दिनों की पहली सरकार से लेकर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की उपलब्धि भी हासिल की है।

# विशाल कार्यक्रम में मिहा सिंह रंगा को सम्मानित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: डॉ भीमराव** अंबेडकर समाज कल्याण सभा द्वारा प्रीत पैलेस इस्माईलाबाद में डॉ भीमराव अंबेडकर जी के 134 वें जन्मदिन को विशाल स्तर पर मनाया गया।अवसर पर मिशनरी प्रचारक बाबा जगदीश मांडवी जी और मिशनरी गायक कलेर कंठ जी और महात्मा ज्ञानी सज्जन सिंह जी और सभा के सभी सदस्यों समाजसेवी मिहा सिंह रंगा चेयरमैन महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा विकास ट्रस्ट को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। मिहा



सिंह रंगा ने बताया कि इस विशाल कार्यक्रम में बाबा जगदीश मांडवी जी और सुप्रसिद्ध गायक कलेर कंठ ने श्री गुरुरविदास महाराज जी और बाबा साहब डा भीम राव अंबेडकर जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए मार्गदर्शन किया। मिहा सिंह रंगा ने कहा कि यह सम्मान उनको लगातार ट्रस्ट द्वारा बेटियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए दिया गया। इस अवसर पर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# महावीर जयंती पर दिल्ली विधानसभा में हुआ भव्य आयोजन

**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली विधान सभा** में भगवान महावीर स्वामी के 2624वें जन्म कल्याणक एवं 2550वें निर्वाण महोत्सव के पावन उपलक्ष्य पर एक भव्य आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम 'भगवान महावीर गाथा' का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भगवान महावीर का जीवन और उनकी शिक्षाएँ सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रकाशपुंज हैं। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को 'कर्मयोगी सम्मान' से विभूषित किया गया। विजेंद्र को तिलक, माला और प्रशस्ति चिन्ह भेंट किया गया। विजेंद्र के प्रशस्ति चिन्ह में लिखा गया कि 'वे सद्भाव, न्याय और अहिंसा के हैं आदर्शों को सशक्त करते हैं, राष्ट्र की सेवा में उनकी निष्ठा प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता







ने श्री मुनि महाराज को राजकीय अतिथि के दर्जा से सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट उपस्थित रहे। जैन समाज के अनेक विशिष्टजन तथा श्रद्धालु भारी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रसंत परमाचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर जी मुनिराज का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। जिन्होंने भगवान महावीर के सिद्धांतों, अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अनेकोंतवाद पर गूढ़ व प्रेरणादायक प्रवचन दिए। उन्होंने बताया कि भगवान महावीर का संदेश आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक है, जब समाज को शांति, सहिष्णुता और करुणा की अत्यधिक आवश्यकता है। अपने उद्बोधन में अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि महावीर गाथा जैसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम मिलता है।

उन्होंने कहा कि महावीर स्वामी का संदेश केवल धार्मिक नहीं बल्कि मानवीय और सामाजिक विकास का आधार है। हमें उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाकर एक शांतिपूर्ण और समरस समाज की ओर बढ़ना चाहिए।

उन्होंने आयोजन समिति भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव समिति एवं सकल जैन समाज दिल्ली को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और यह आश्वासन भी दिया कि दिल्ली विधान सभा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को पूर्ण समर्थन देती रहेगी। कार्यक्रम के उपरांत विशेष वात्सल्य भोज की भी व्यवस्था की गई थी।

## 'भाजपा सरकार महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराधों को रोकने में विफल'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी** के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि यह बहुत चिंता की बात है कि दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन सरकार महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बढ़ते अपराधों, जिनमें बलात्कार और हत्याएं शामिल हैं, को रोकने में बुरी तरह विफल रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपराध के ग्राफ को रोकने के लिए मजबूत कदम उठाए बिना बड़ी-बड़ी बातें कर रही हैं, जिसके कारण लोग अब दिन में भी अपने घरों से बाहर निकलने से डरते हैं। देवेन्द्र यादव ने कहा



कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के तुरन्त बाद केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण करने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता पर मुख्यमंत्री, पुलिस आयुक्त व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की थी, लेकिन बैठक के लगभग दो महीने बाद भी अपराध में वृद्धि ही हुई है, न तो सरकार और न ही पुलिस अपराधियों की बेलगाम गतिविधियों पर नियंत्रण करने में सफल रही है, जिससे दिल्ली न केवल दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है, बल्कि सबसे अधिक अपराधग्रस्त शहर भी बन गया है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि राजधानी में महिलाएं किस तरह असुरक्षित महसूस करती हैं, इसका प्रमाण आंकड़ों से मिलता है कि जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों का राष्ट्रीय औसत 66.4 प्रतिशत है।

## ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय प्रभारी बने राजेश बैनिवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: ऑल इंडिया** वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने राजेश बेनीवाल के सामाजिक कार्यों को देखते हुए इनको ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के अंदर राष्ट्रीय प्रभारी की जिम्मेदारी दी है।

इस मौके पर जानकारी देते हुए खन्ना ढिकोलिया ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि राजेश बेनीवाल पूरे देश में संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे और संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और समाज को जो दिक्कतें आ रही है उसका समाधान करने के लिए हमेशा




ही आगे रहेंगे। मैं राजेश बेनीवाल को राष्ट्रीय प्रभारी बनने पर बधाई देता हूं। इस मौके पर नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रभारी राजेश बैनीवाल ने कहा कि मुझे पर जो संगठन ने विश्वास जताया है, मैं संगठन को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है मैं उसे कर्तव्य और निष्ठा के साथ निभाते हुए संगठन को पूरे देश में मजबूत करूंगा और ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट की नीतियों को जन-जन पहुंचने का कार्य करूंगा। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रभारी राजेश बैनीवाल का भव्य रूप में स्वागत किया और अपने-अपने विचार भी रखें।

इस मौके पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय महासचिव ओमदत चंडालिया अनिल कुमार, नरेश कीर, दीपक बग्गा, जगदीश, दिनेश, विजय पार्चा, बग्गा, दीपक जिंगाला, संजय, राजू, राजेंद्र, सुनील, विक्रम जीत, सागर, राम रतन, सीमा मारोठिया सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा ही आगे रहती है युवा एक नई सोच संस्थाः सारिका गुप्ता







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: युवा एक नई** सोच संस्था द्वारा रामनवमी के दिन मां दुर्गा की पूजा और कन्या पूजन कर वृद्ध आश्रम में जाकर बुजुर्गों को अपने हाथों से बनाकर भोजन कराया गया और उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष सारिका गुप्ता ने बताया कि हम सभी को सदैव बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि कोई भी बुजुर्ग कभी भी, किसी वृद्ध आश्रम में न जाए, यह हमारी धरोहर है जिन्हें हमें संभाल कर रखना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि हम सभी युवा साथियों ने माना है हर हाल में बुजुर्गों का सम्मान करना है और कराना है और ऐसी ही कोशिश हम सबको मिलकर करनी चाहिए। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष सारिका गुप्ता, सलाहकार उमेश तिवारी, उपाध्यक्ष त्रिभुवन मिश्रा, युवा अध्यक्ष नमन गुप्ता, सदस्य पवन भट्ट, हर्ष कुमार, प्रीत, अर्पित और कार्यक्रम संयोजक नमन गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली सरकार लाई अत्याधुनिक रीसाइक्लर मशीन, अब सफाई के लिए सीवर में नहीं उतरेंगे श्रमिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मानसून से पहले** दिल्ली में जलभराव की पुरानी समस्या से निपटने और सीवर सफाई को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, दिल्ली सरकार ने मुंबई से अत्याधुनिक 'रीसाइक्लर मशीन' मंगवाई है। इसका ग्रेटर कैलाश क्षेत्र में सफल ट्रायल किया गया। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने स्वयं इस मशीन का निरीक्षण किया और कहा कि हम हर मानसून में देखते हैं कि कैसे दिल्ली की सड़कें पानी में डूब जाती हैं और कई बार यह पानी घरों तक भी घुस



जाता है। इसका बड़ा कारण है कि सीवर और नालों की डीसिल्टिंग पिछले 10-20 वर्षों से नहीं हुई। हमने इसके समाधान के लिए बड़ी मशीनें मंगवाने की शुरूआत की है। हमारी कोशिश है कि हर विधानसभा में एक ऐसी मशीन हो जिससे सीवर की संपूर्ण सफाई हो सके। सफाई के बाद हम सीसीटीवी कैमरे से जांच कर 100% क्लीनिंग सुनिश्चित करेंगे। हमारा उद्देश्य है कि मानसून के समय दिल्ली को जलभराव से पूरी तरह मुक्ति मिले। हमारी सरकार का प्रयास है कि किसी भी श्रमिक को सीवर में न उतरना पड़े। इसके लिए देश या दुनिया से जो भी अत्याधुनिक तकनीक की जरूरत हो, हम उसे लाएँगे। मुंबई में ऐसी 100 मशीनें काम कर रही हैं और गुजरात में भी 30 मशीनें उपयोग में हैं। हमने डेमोंस्ट्रेशन किया है, लेकिन पिछले सप्ताह ही हमने 32 सुपर सकर मशीनों (वैक्यूम ट्रक) की खरीद के आदेश दे दिए हैं।

यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत मिशन' और आधुनिक शहरी भारत के विजन को साकार करने की दिशा में हमारा ठोस प्रयास है।

## सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएंगे संघठन पर्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भारतीय जनता** पार्टी उत्तर पूर्वी जिला दिल्ली प्रदेश द्वारा प्रेस वार्ता कर संगठन पर्व और भाजपा के स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में मीडिया को संबोधित किया गया। मीडिया प्रभारी दीपक चौहान ने सभी मीडिया बन्धुओं का अभिनंदन करते हुए जिला महामंत्री गुलाब सिंह राठौर, संगठन पर्व एवं स्थापना दिवस जिला संयोजक सूर्यकांत तिवारी, सहसंयोजक नवनीता गुड़िया एवं प्रचार मंत्री जसवीर डयाला की उपस्थिति में मीडिया के समक्ष सम्बोधन रखा। सभी ने बारी-बारी आने वाले सेवा पखवाड़े के बारे में अवगत कराया। जिला महामंत्री गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि भारतीय जनता



पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और इस पार्टी का हर कार्यकर्ता निरंतर परिश्रम में लगा रहता है अभी हाल में ही दिल्ली चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बदौलत भाजपा ने सरकार बनाई है अभी भी संगठन द्वारा दिए हुए कार्यों में कार्यकर्ता पूरी तरह अपना योगदान दे रहा है इस कार्यक्रम के संयोजक सूर्यकांत तिवारी ने बताया कि आगामी दिनों में संगठन सेवा पखवाड़े के रूप में बड़े-बड़े आयोजन करने जा रहा है जिसमें बुद्धिजीवी सम्मेलन चलो गांव की ओर जैसे कार्यक्रम संलग्न रहेंगे। 6 अप्रैल जिला कार्यालय पर भव्य तरीके से भारतीय जनता पार्टी उत्तर पूर्वी जिला स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाएगा गया, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम फूल मिठाइयां बांटकर 6 अप्रैल 2025 यादगार बनाया गया। मीडिया प्रभारी दीपक चौहान ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़ समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया व प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेई निर्वाचित हुए थे। भाजपा पार्टी का गठन 6 अप्रैल 1980 को हुआ परंतु इसका इतिहास भारतीय जन संघ से जुड़ा है। आज दिल्ली में भी 27 वर्षों के लंबे अंतराल के भाजपा ने पूर्ण बहुमत से सरकार बनाई है।

## रामलीला ग्राउंड में आयोजित हुआ 23वां विशाल भव्य दुर्गा पूजा एवं भगवती जागरण समारोह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: किराड़ी क्षेत्र** में हिन्द स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित 23वाँ विशाल भव्य दुर्गा पूजा (चैत्री नवरात्र) एवं भगवती जागरण का आयोजन 30 मार्च से 7 अप्रैल 2025 तक अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ हुआ। 5 अप्रैल की रात्रि को आयोजित भगवती जागरण इस समारोह का विशेष आकर्षण रहा, जिसमें हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस पूरे आयोजन की रूपरेखा और सफल संचालन हिन्द स्पोर्टिंग क्लब के प्रबंधक मंडल के कुशल नेतृत्व में हुआ। क्लब के संस्थापक अध्यक्ष एवं सामाजिक क्षेत्र की जानी-मानी शख्सियत राम दयाल महतो ने मार्गदर्शन प्रदान








किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय सिंह और उपाध्यक्ष विजेन्द्र साह तथा डॉ. आर. एन. मजूमदार ने प्रमुख भूमिका निभाई। कोषाध्यक्ष विजय सिंह के सहयोग से वित्तीय प्रबंधन सुदृढ़ रहा, वहीं सत्यदेव गुप्ता, भारत भूषण राय, नवेंद्र किशोर ठाकुर और शशि अनुपम राय ने आयोजन को हर स्तर पर मजबूत किया। कार्यक्रम के संचालन और समन्वय में प्रदीप सिंह, सुरेश पासवान, अरविंद शर्मा और शंभू सिंह ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस भव्य जागरण में भोजपुरी, मैथिली और हिंदी के प्रसिद्ध भजन गायिका सोनी साहनी और प्रीति प्रकाश ने भक्तिमय प्रस्तुति दी, जिसने पंडाल को भक्ति से सराबोर कर दिया।

जागरण में क्षेत्रीय विधायक अनिल झा, निगम पार्षदगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं दूर-दराज से आए श्रद्धालु सम्मिलित हुए। इस क्रम में, 6 अप्रैल को राम नवमी के शुभ अवसर पर कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन भी सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कंजकाओं को आदरपूर्वक भोजन कराया गया।

कार्यक्रम के अंत में हिन्द स्पोर्टिंग क्लब ने सभी सहयोगियों, दानदाताओं और भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी श्रद्धा और भक्ति के साथ कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प लिया।

## न्यूज फ्लैश

# राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल सुन्नी के आधुनिकीकरण पर खर्च होंगे 5 करोड - विक्रमादित्य सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**

रोटरी क्लब शिमला द्वारा नगर परिषद सुन्नी के सहयोग से पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में आज मल्टी स्पेशलिटी मेगा मेडिकल चेकअप एवं मुफ्त रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। स्वास्थ्य शिविर में सुन्नी शहर के लोगों के साथ-साथ आसपास की पंचायत क्षेत्र के 575 से अधिक लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई।

इस अवसर पर विक्रमादित्य सिंह ने चिकित्सा शिविर में उपस्थित सभी लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नया हिंदू वर्ष सभी के जीवन में सुख समृद्धि लाए। सभी स्वस्थ रहें, हर क्षेत्र में तीव्रता से विकास हो, यही कामना करते हुए उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब बहुत पुरानी सामाजिक संस्था है, जो शिमला शहर में समय-समय पर ऐसे चिकित्सा शिविरो एवं रक्त परीक्षण शिविरों का आयोजन करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब ग्रामीण क्षेत्रों में भी चिकित्सा एवं रक्त परीक्षण शिविरों का आयोजन करने के लिए कदम बढ़ा रहा है जोकि अच्छी पहल है। उन्होंने स्थानीय लोगों से आह्वान किया कि इस चिकित्सा शिविर में आकर अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों को स्वास्थ्य लाभ देने के लिए कृत संकल्प है। इसी उद्देश्य से आईजीएमसी शिमला तथा टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी मशीनें उपलब्ध कराई जा रही है ताकि स्वास्थ्य की दृष्टि से आधुनिक तकनीक का लाभ लोगों को मिल सके।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 5 फरवरी से 9 अप्रैल 2025 तक स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर एवं स्वस्थ नागरिक अभियान चलाया गया है जिसमें सबसे अच्छा कार्य करने वाली पंचायतों एवं नगर परिषदों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने आशा जताई कि नगर परिषद सुन्नी स्वच्छता के क्षेत्र में चलाए गए अभियान में रैंकिंग के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए अग्रसर हो रहा है।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्णय अनुसार शिक्षा पद्धति सुधारीकरण के तहत राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल बनाए जा रहे हैं जिसमें शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से सुन्नी स्कूल का चयन किया गया है जिसके राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के मापदंडों के अनुरूप आधुनिकीकरण के लिए 5 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। प्रथम किस्त के रूप में 01 करोड़ की राशि स्वीकृत कर दी गई है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ-साथ प्रदेश सरकार द्वारा स्कूलों का पुनर्गठन किया जा रहा है जिससे शिक्षा में और अधिक सुधार होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने यह निर्णय लिया है कि भविष्य में क्लस्टर स्कूल के ऊपर फोकस किया जाएगा जिसमें 8 से 10 स्कूलों का एक क्लस्टर स्कूल बनाकर विभिन्न विषयों के अध्यापक उपलब्ध करवा कर बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा तथा बेहतर खेल सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन सुन्नी के नजदीक 1.5 करोड़ रुपए की लागत से एक बड़ी लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा जिससे स्थानीय बच्चों को नौकरी की तैयारी करने एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए एकांत स्थल उपलब्ध होगा।

सुन्नी शहर को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए व्यय व्यय किये जा रहे 25 करोड़

उन्होंने कहा कि सुन्नी शहर को पर्याप्त पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 25 करोड़ रुपए की लागत से एक बड़ी पेयजल योजना निर्मित की जा रही है जिसका 75 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और आने वाले 3 महीनो के भीतर इस योजना का निर्माण कार्य पूर्ण कर शहर के लोगों को पर्याप्त पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

रोटरी क्लब शिमला के अध्यक्ष इंजीनियर सौरभ राज सूद ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि यह सामाजिक संस्था वर्ष 1959 में लोक कल्याण के लिए स्थापित की गई थी। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब शिमला पिछले 66 सालों से लोगों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुविधाएं देने के लिए भरपूर प्रयास कर रहा है।

# मिल्कफेड के अध्यक्ष की नियुक्ति पर प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री सुक्खू का जताया आभार

**भेंट**

▶▶राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए दृढ़ प्रयास कर रही है: मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला:** कुल्लू जिला के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज ओक ओवर में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने बुद्धि सिंह ठाकुर को हिमाचल प्रदेश मिल्कफेड का अध्यक्ष नियुक्त करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए दृढ़ प्रयास कर रही है, जिसमें मिल्कफेड महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य की 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और सरकार उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्ष के दौरान दूध के खरीद मूल्य में 21 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। इसके अलावा, हिमाचल सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती से पैदा गेहूं और मक्की की खरीद का सबसे अधिक समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। प्रदेश में गेहूं के लिए 60 रुपये प्रति किलोग्राम और मक्की के लिए 40 रुपये प्रति किलोग्राम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। राज्य में हल्दी भी 90 रुपये प्रति किलोग्राम के समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजनाइ के तहत विधवाओं के 27 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क उच्च शिक्षा प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, विधवाओं और एकल महिलाओं को घर बनाने के लिए 3 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बुद्धि सिंह ठाकुर की कार्य के प्रति समर्पण भाव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई से उनकी और बुद्धि सिंह ठाकुर की राजनैतिक यात्रा एक साथ शुरू हुई थी। उन्होंने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। उनकी नियुक्ति से कुल्लू जिला को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से आनी विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने का वायदा किया।

विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री की पहल की सराहना की। उन्होंने वर्ष 2023 में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान उनके नेतृत्व क्षमता को याद किया।

# दलित महिलाओं ने श्रीराम ध्वजा के साथ श्रीराम संस्कृति कलश यात्रा निकाली



**वाराणसी**

चैत्र नवरात्र के रामनवमी पर रविवार को उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद के गांव लमही में दलित महिलाओं ने श्रीराम ध्वजा के साथ श्रीराम संस्कृति कलश यात्रा निकाली। महिलाओं ने सिर पर राम और जानकी की प्रतिमा, कलश, हाथों में गदा और राम ध्वजा के साथ लमही स्थित श्रीराम आश्रम से श्रीराम संस्कृति कलश यात्रा में शामिल हुई तो पूरा वातावरण राममय हो गया। कलश यात्रा का नेतृत्व रामभक्त हनुमान चालीसा फेम नाजनीन अंसारी ने किया। रामध्वजा के साथ जय श्रीराम के जयकारे गूंज रहे थे। मुंशी प्रेमचन्द के गांव को गोठ (परिक्रमा) कर दलित महिलाओं ने गांव के चारों ओर राम नाम की लकीर खींची, ताकि गांव को बुरी नजर से बचाया जा सके। घर-घर राम की पूजा को अनिवार्य बनाने की पहल की गई।

# राम नवमी पर नाहन के श्री रघुनाथ मंदिर में धार्मिक उत्सव,

**टीम एक्शन इंडिया**
**नाहन**

राम नवमी के पावन अवसर पर शनिवार को सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन स्थित प्राचीन श्री रघुनाथ मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला।

सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना में जुटे रहे। इस विशेष अवसर पर महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और भक्ति भाव से सुंदरकांड का पाठ किया।

मंदिर पुजारी पंडित प्रकाश दत्त ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राम नवमी पर मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# पूर्ण हो चुकी योजनाओं के लोकार्पण तक का नहीं सरकार के पास समय: सत्ती

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**



**ऊना:** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विधायक सतपाल सिंह सत्ती रविवार को प्रदेश कांग्रेस सरकार पर जमकर बरसे। विधायक ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार आई है तब से हालात यह हो चुके हैं कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश में जो भी विकास कार्य शुरू किए गए थे या तो उन्हें रोक दिया गया है या फिर उनके लिए बजट ही नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि जो काम पूर्व सरकार ने अपने कार्यकाल में पूर्ण कर दिए थे उन कार्यों के लोकार्पण तक करने का समय प्रदेश की मौजूदा सरकार के पास नहीं है। भाजपा कार्यालय ऊना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सत्ती ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री के साथ-साथ संबंधित विभागों के मंत्रियों और अधिकारियों से भी सभी विकास कार्यों को पूरा करने और जनता को समर्पित करने की मांग उठाई है। चाहे खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा से स्टेडियम का मामला उठाने की बात हो, कॉलेज और स्कूलों के भवनों की शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से और बीडीओ कार्यालय के नए भवन की मंत्री अनिरुद्ध सिंह से हो। उन्होंने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में प्रदेश की सरकार इन सभी कार्यों को पूर्ण करेंगी और जनता को समर्पित किए जाएंगे। विधायक ने चेतावनी दी है कि यदि एक महीने के भीतर संबंधित विकास कार्य जनता को समर्पित नहीं हुए, तो वह जनता को साथ लेकर सभी जगह पर धरना प्रदर्शन करेंगे

और प्रदेश की सरकार की पोल खोली जाएगी। विधायक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के स्थानीय नेताओं के पास भ्रष्टाचार के लिए समय है अवैध खनन के लिए समय है या दो नंबरियों को छुड़ाने के लिए समय है, अपने विधानसभा क्षेत्र या साथ लगते किसी भी विधानसभा क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य करवाने का समय उनके पास नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्होंने खुद विधानसभा में भी इस मामले को उठाया था और कहा था कि स्वयं मुख्यमंत्री को इन सभी विकास कार्यों को जानता के सुपुर्द करना चाहिए, यदि मुख्यमंत्री के पास समय नहीं है तो उपमुख्यमंत्री इसी जिला से संबंधित हैं, लेकिन उन्हें भी यहां के कांग्रेस नेता अपने विधानसभा क्षेत्र में देखना नहीं चाहते। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री को पूर्व सरकार के समय पूरी हो चुकी योजनाओं का लोकार्पण करने में तो कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश की सरकार ने इन कार्यों को लेकर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की, तो भाजपा को कोई आंदोलनात्मक कार्रवाई करने को मजबूत होना पड़ेगा।पार्टी की विचारधारा से जोड़े जाएंगे अधिक से अधिक लोग

इससे पहले भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने पार्टी कार्यालय में ध्वजारोहण किया जबकि कार्यकताओं ने पार्टी की स्थापना दिवस के अवसर पर मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। इसके बाद पार्टी के संस्थापक रहे श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर भी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। इस मौके पर विधायक ने पार्टी के इतिहास पर प्रकाश डाला। विधायक सत्ती ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है। लेकिन अभी भी पार्टी की विचारधारा के साथ अधिक से अधिक लोगों को जोड ? का अभियान लगातार जारी है। वहीं पार्टी के प्रदेश सचिव सुमित शर्मा ने भी भारतीय जनता पार्टी की वर्तमान गतिविधियों और रूपरेखा के बारे में चर्चा की।

# बस ऑपरेटर्स में लंबी दूरी का किराया 25 फीसदी बढ़ाने की उठाई मांग

**मांग**

▶▶पूर्व जयराम सरकार द्वारा महिलाओं को 50 प्रतिशत छूट बबार्दी का कारण: राजेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** निजी बस ऑपरेटर्स यूनियन की प्रदेशाअध्यक्ष और राष्ट्रीय बस कर कनफेडरेशन आफ इंडिया के उपाध्यक्ष राजेश पराशर ने प्रदेश सरकार द्वारा न्यूनतम बस किराए को 5 से बढकर 10 रुपये करने पर आभार व्यक्त किया है। इसके साथ ही उन्होंने निजी बस ऑपरेटरों की सुविधा के लिए लंबी दूरी का बस किराया 25 फीसदी बढ़ाने की भी मांग उठाई है।

रविवार को जिला मुख्यालय के एक होटल में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए राजेश पराशर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के निजी बस ऑपरेटर करीब 25 सालों से न्यूनतम बस किराए को बधाई जाने के साथ-साथ लंबी दूरी का किराया बढ़ाने की उम्मीद में बैठे थे।

हालांकि सरकार ने न्यूनतम किराए को दोगुना करके निजी बस ऑपरेटर को बड़ी राहत प्रदान की है। लेकिन इसके साथ-साथ लंबी दूरी का बस किराया 25 फीसदी बढ़ाने को लेकर भी तत्काल फैसला लिया जाए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में बसों का संचालन करना बेहद महंगा हो चुका है और उसके साथ डीजल के रेट भी आसमान छू रहे हैं, जिसके चलते इस कारोबार से जुड़े लोगों का सरवाइव करना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने पूर्व जयराम सरकार द्वारा महिलाओं को बस किराए में 50 फीसदी की छूट देने की अधिसूचना को भी विशेष रूप से इंगित करते हुए वर्तमान सरकार से उसे दी नोटिफाई करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि पूर्व जयराम सरकार की इस नोटिफिकेशन के कारण निजी बस ऑपरेटर लगभग बबार्दी के कगार पर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी की बसों में महिलाओं को 50 प्रतिशत किराया छूट दी जा रही है, जिससे निजी बसों में महिला यात्रियों की संख्या प्रभावित हो रही है। अधिकतर महिलाएं नौकरीपेशा हैं, जो पूर्ण किराया देने में सक्षम है। ऐसे में महिलाओं को किराया छूट की समीक्षा की जाए। राजेश पराशर ने कहा कि भारत के अन्य राज्यों की तर्ज पर हिमाचल में भी या तो स्पेशल रोड टैक्स लिया जाए या टोकन टैक्स। दोनों एक साथ लेना तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में जेएनएनयूआरएम की बसों का दुरूपयोग हो रहा है। हाईकोर्ट के निदेर्शानुसार की बसें केवल 10 क्लस्टर क्षेत्रों में चलाई जानी चाहिए, लेकिन एचआरटीसी इन्हें अंतरराज्यीय और लंबी दूरी के रूट्स पर चला रहा है, जिससे निजी ऑपटरों की आय प्रभावित हो रही है।

# प्रतापगढ़ के लाल शहीद रामकुमार का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**प्रतापगढ़/टीम एक्शन इंडिया**

प्रतापगढ़ के लाल शहीद रामकुमार का शव रविवार को लालगंज कोतवाली स्थित बेल्हा गांव पैतृक आवास पर पहुंचते ही लोगों की आंखें नाम हो गई और हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने वीर सपूत को अंतिम श्रद्धा सुमन अर्पित किया और राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया ।

शहीद का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ मानिकपुर स्थित गंगा घाट पर किया गया, जहां वायु सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। साथ ही हजारों की संख्या में लोग शहीद के अंतिम संस्कार में मौजूद रहे।अभी एक सप्ताह पहले ही शहीद राम कुमार अपने पत्नी व दोनों बच्चों के साथ गांव आए थे और उसके एक सप्ताह बाद ही उनका शव गांव पहुंचा। यह देखकर सभी की आंखें नम हो गईं।

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी शहीद के आवास पर पहुंचे खौर अपनी उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

सोशल मीडिया पर रामकुमार की एक तस्वीर ने हर किसी की आंखें नम कर दीं। उनकी यह तस्वीर भारतीय क्रिकेट के सितारे महेंद्र सिंह धोनी के साथ है। जी हां, यह वही रामकुमार तिवारी थे, जिन्होंने धोनी को भी वायुसेना में पैराशूट प्रशिक्षण दिया था।

धोनी, जो खुद मानद लेफ्टिनेंट कर्नल हैं, के साथ उनकी यह तस्वीर अब लोगों के दिलों में बस गई है। सोशल मीडिया पर यह तस्वीर वायरल हो रही है, और लोग लिख रहे हैं एक सच्चा साहसी, जिसने न सिर्फ जवानों को, बल्कि धोनी जैसे नायकों को भी उड़ान भरने की कला सिखाई।

# चिट्टे संग लुधियाणा का युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना:** पुलिस थाना चिंतपूर्णी के तहत डूहल बंगवाला में पुलिस ने लुधियाणा के एक युवक को चिट्टे संग गिरफ्तार किया है। आरोपी से पुलिस ने 1.96 ग्राम चिट्टा बरामद किया है, जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक चिंतपूर्णी पुलिस शनिवार रात्रि को डूहल बंगवाला में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने प्रिंस निवासी लुधियाणा से शक के आधार पर तलाशी ली।

जांच पड़ताल के दौरान प्रिंस के पास से चिट्टा बरामद किया है। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस ने प्रिंस के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उपमुख्यमंत्री ने 1.14 करोड़ के सामुदायिक केंद्र का किया शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**



**ऊना:** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रविवार गोंदपुर जयचंद ग्राम पंचायत में लगभग 1.14 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पंचायत सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास किया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के प्रथम चरण के तहत 35 लाख रुपये की प्रथम किश्त प्राप्त हो चुकी है। यह भवन से गांव के लोगों के लिए पंचायत स्तरीय बैठकों, प्रशासनिक गतिविधियों तथा सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक सुव्यवस्थित एवं आधुनिक सुविधा उपलब्ध होगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायती राज संस्थानों को सशक्त बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण विकास, स्थानीय अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण और पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ठोस कदम उठा रही है।

पंचायतों में आधारभूत संरचना की मजबूती की दिशा में काम किया जा रहा है। अग्निहोत्री ने कहा गांव हमारा लक्ष्य है कि हर पंचायत आत्मनिर्भर हो और हर गांव विकास की मिसाल बने। शिलान्यास कार्यक्रम के उपरांत उपमुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत में स्थित प्राचीन तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस कार्य पर लगभग 1 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक जलस्रोतों के संरक्षण के साथ ही पर्यटन की दृष्टि से उनके पुनरुद्धार के कार्य प्राथमिकता पर किए जा रहे हैं। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री ने 75 लाख रुपये से किए जा रहे मोक्षधाम विस्तार कार्य का भी जायजा लिया।

# जिला कांगडा मे गर्मियों में आगजनी से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग तैयार

**चुस्त दुरूस्त**

▶▶जिला में सव स्टेशन फायर चौंकियां की 16 फायर यूनिट चुस्त दुरूस्त हो गई है।




**टीम एक्शन इंडिया**
**विजय समयाल**

**कांगड़ा:** फायर सीजन को लेकर कांगडा जिला में अग्निशमन विभाग भी पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। जिला में सव स्टेशन फायर चौंकियां की 16 फायर यूनिट चुस्त दुरूस्त हो गई है। क्षेत्र में पारा चढ ? लगा है अप्रैल,मई, जून में जिला में अत्यधिक व भीषण गर्मी पड़ती है और फायर सीजन में आगजनी की घटनाएं भी होती हैं। जानकारी देते हुए जिला फायर स्टेशन अधिकारी कर्म चंद कश्यप ने वताया की जिला मे आगजनी की घटना से बचने के लिए सव स्टेशन फायर चौंकियां की 16 फायर यूनिट स्थापित है उन सब मे तैयारियों सम्बंधित कार्य पूरा कर लिया गया है इन सब का मैंटीनैस कार्य भी पूरा कर लिया गया है ।

बारिश कम होने से ज्याद होगी गर्मियां, ज्यादा चलेगा ड्राई स्पेल

कश्यप ने वताया की इस वार वारिश कम हुई है। आगे वारिश होने की सम्भावना भी कम ही है जिससे गर्मियों का मौसम लम्बा चलेगा । ड्राई स्पेल भी लम्बा रहेगा ।एवं इस वार शुष्क मौसम की एक लम्बी अवधि होगी जिन लोगो के घर जंगल के आस पास है उन्हे ज्यादा ख्याल रखना पडेगा।

जिला कांगडा मे बीते वर्ष हुई थी 1482 आगजनी की घटनाएं ,करोड़ो का हुआ था नुकसान

कश्यप ने वताया की पिछले वर्ष जिला मे 1482 मामले आगजनी के हुए थे जिसमें लगभग 1200 मामले फोरेस्ट फायर के थे करोड़ो रुपयो का नुकसान हुआ था और सम्पत्ति को जलने से बचाया गया था । इन मामलो मे 30त्र मामले लापरवाही से हुए थे जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि कही आग जलती हुए मिले तो उसे बुझाए व जलते हुए सिगरेट व बीड़ी को जंगल व गांबो के आस पास न फैंके। अग्निशमन विभाग की जिला की अधिकतर चौंकियां किराए की दूकानों व भवनों मे ही चल रही है ।

इस से अन्दाजा लगाया जा सकता है की दूसरों को सुरक्षित रखने बाले इस विभाग के कर्मचारी कितनी सुरक्षित है । अगर हम सिर्फ उमण्डल देहरा के औद्योगिक क्षेत्र संसार पुर टैरस और विधानसभा फतेहपुर मे खुली अग्निशमन विभाग की चौंकियों की बात करे तो यह जब से खुली है तब से किराए के भवन में चल रही है । जिस से कर्मचारियों को भी समस्याओ से झुजना पड़ रहा है । पिछले पांच सालो मे इन चौंकियों को अपना भवन नहीं मिल पाया है ।

# श्री राम सेवा समिति ने राम नवमी पर निकाली शोभायात्रा, पूर्व मंत्री कंवर हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**



**ऊना:** श्री राम सेवा समिति बंगाणा द्वारा श्री राम नवमी के पावन अवसर पर बंगाणा में विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

शोभायात्रा लठियाणी से शुरू होकर बंगाणा, पीपलू होते हुए चमुक्खा तक पहुंची। इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु, भव्य झांकियों, डीजे की धुनों और भजनों के साथ श्री राम जी के आदर्शों को जीवन में उतारने का संदेश देते हुए शामिल हुए। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, भाजयुमो नेता अजय ठाकुर, प्रशांत ठाकुर उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि श्री राम जी के जीवन के आदर्शों को अपना कर हम अपने समाज और देश की सेवा कर सकते हैं। श्री राम सेवा समिति बंगाणा का यह कार्य सराहनीय है, जो श्री राम जी के पदचिन्हों पर चलने का संदेश दे रहा है। यह शोभायात्रा न केवल धार्मिक है, बल्कि यह हमें नैतिकता, त्याग और समर्पण का भी संदेश देती है। श्री राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 07 अप्रैल 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

## फास्ट न्यूज

### अवैध मजार पर चला प्रशासन का बुलडोजर

टीम एक्शन इंडिया

**हरिद्वार।** रविवार की सुबह ज्वालापुर के सराय क्षेत्र के पास स्थित हरिलोक कॉलोनी में सिंचाई विभाग की जमीन पर बनी अवैध मजार को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। जिला प्रशासन ने इस संबंध में कुछ दिन पहले नोटिस जारी किया था, जिसकी समय सीमा समाप्त होते ही बुलडोजर की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रही, ताकि किसी भी तनावपूर्ण स्थिति से निपटा जा सके। मौके पर एसडीएम अजय वीर समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने साफ किया कि अवैध धार्मिक संरचनाओं को हटाने का अभियान जारी रहेगा और अगले चरणों में अन्य अवैध निर्माणों पर भी कार्रवाई होगी। अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्रवाई किसी धर्म विशेष के खिलाफ नहीं बल्कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की नीति का हिस्सा है। इसी स्थानीय प्रशासन ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की है। हरिद्वार के एसडीएम अजय वीर सिंह ने बताया कि अब तक एक दर्जन से अधिक अवैध मजारों को हरिद्वार जिला प्रशासन द्वारा ध्वस्त किया गया है।

### 20 दिन तक नहीं दर्ज की एफआईआर, तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड

टीम एक्शन इंडिया

**गुरुग्राम।** पीड़ित की शिकायत को गंभीरता से नहीं लेने और उसे कल आना-परसों आना की बात कहकर परेशान करने के आरोपी में थाना के एसएचओ समेत तीन पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है। थाना में 20 दिन तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई। जानकारी के अनुसार पीड़ित राजीव द्वारा बाइक चोरी की शिकायत आईएमटी मानेसर थाना में दी थी। थाना में उसकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की गई। उसे परेशान किया जाता रहा। 20 दिन तक उसे थाने के चक्कर कटवाए गए। परेशान होकर पीड़ित व्यक्ति पुलिस आयुक्त तक पहुंचा और आपबीती बताई। शिकायतकर्ता बिहार के शाहबाजपुर गांव निवासी राजीव कुमार ने पुलिस आयुक्त को शिकायत देकर कहा कि उसने आईएमटी मानेसर थाना पहुंच कर शिकायत दी थी। वह गांव बसई थाना सेक्टर 96 में किराए पर रहता है। वह सेक्टर-4 स्थित एक कंपनी में काम करता है। वह आठ फरवरी को सुबह साढ़े 9 बजे अपनी बाइक पर ड्यूटी गया था। रात को ड्यूटी खत्म करके रात 11 बजे कंपनी से बाहर आकर देखा तो उसकी बाइक गायब थी। उसे खूब तलाश की लेकिन बाइक नहीं मिली।

# रामनवमी: धरा पर उतरे भास्कर, श्रीरामलला का किया सूर्य तिलक

## दोपहर ठीक 12 बजे राम मंदिर में दिखा आलौकिक और आध्यात्मिक नजारा

टीम एक्शन इंडिया

**अयोध्या।** अयोध्या में रविवार की दोपहर ठीक 12 बजे एक अलौकिक और आध्यात्मिक क्षण का साक्षात्कार हुआ। रामलला के जन्म के साथ ही चारों ओर "भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला" की गूंज सुनाई देने लगी। यह पवित्र ध्वनि मानो समस्त सृष्टि को भक्ति के रंग में सराबोर कर रही थी। राम नाम का यह संनाद केवल कानों को ही नहीं, बल्कि हर भक्त के हृदय को स्पंदित कर रहा था। इसी बीच भगवान भास्कर स्वयं धरा पर अवतरित हुए और अपने आराध्य रामलला का सूर्य तिलक करने का दैवीय संयोग रचा। सूर्य की किरणें चार मिनट तक रामलला के मस्तक को चूमती रहीं। यह दृश्य इतना मनोरम था कि सूर्य और श्रीराम का यह मिलन प्रकृति और पुरुषोत्तम के बीच एक अनुपम संवाद सा प्रतीत हो रहा था। अयोध्या की पावन भूमि पर यह क्षण केवल एक घटना नहीं, बल्कि आस्था का महापर्व बन गया। देश-दुनिया में बैठे करोड़ों रामभक्तों ने हाथ जोड़े, श्रद्धा से भरी आंखों से इस चमत्कार को निहारा। टीवी स्क्रीन और आंखों के सामने यह दृश्य मानो त्रेता युग की झांकी प्रस्तुत कर रहा था। यह सूर्य तिलक रामलला के प्रति ईश्वरीय कृपा का प्रतीक बना। भक्तों का मानना है कि यह दृश्य आने वाली पीढ़ियों को भी प्रभु राम के प्रति अटूट विश्वास का संदेश देगा। रामनगरी में राम जन्मोत्सव की धूम पिछले आठ दिनों से थी। रामनवमी पर तो उल्लास चरम पर दिखा। भव्य मंदिर के दरवाजे भक्तों के लिए सुबह 6 बजे ही खोल दिये गए थे।



सुबह 9:30 से 10:30 बजे तक श्री राम का अभिषेक चला। दूध, दही, घी, अष्टगंध व सरयू के जल से प्रभु का घंटों अभिषेक हुआ। इसके बाद श्रृंगार शुरू हो गया। भगवान को नवीन वस्त्र धारण कराए गए। रत्न जड़ित आभूषण व स्वर्ण मुकुट धारण कराया गया। इसके बाद 56 व्यंजनों का भोग लगा। तभी घड़ी की दोनों सुइयों एक ही जगह मिलन हुआ और घंटे-घड़ियालों की ध्वनि के बीच रामलला की आरती उतारी गई। उधर, सूर्य देव के तिलक करने का अभियान जारी रहा। आयोजन को हर घर व राम भक्त तक पहुंचाने के लिए लाइव टेलिकास्ट की व्यवस्था की गई थी।

**पांच हजार से भी अधिक मंदिरों में रही धूम:** रामनवमी पर दोपहर ठीक 12 बजे ही कनक भवन, दशरथ महल समेत पांच हजार अन्य मंदिरों में धूम रही। 12 बजे ही आरती हुई। कनक भवन में तो जन्म की बधाइयां गाई जा रही थीं। इस दौरान भक्त नाचते-झूमते दिखे। इसी तरह अन्य मंन्दिरों में दर्शन को पहुंचे श्रद्धालुओ के बीच उत्सव का नजारा दिखा।

**रामपथ पर श्रद्धालुओं पर सरयू जल की वर्षा**

दर्शन के लिए रामपथ और जन्मभूमि पथ पर जुटे श्रद्धालुओं पर ड्रोन की मदद से सरयू के जल का छिड़काव कराया गया। यह आध्यात्मिक रूप से भी काफी फलित माना जा रहा हैं। वहीं तेज धूप व लू को देखते हुए भी इसे उचित बताया गया।

**सूर्य तिलक होते मुख्यमंत्री ने लिखा...**

रामनवमी की बधाई देने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला से सूर्य तिलक की तस्वीर सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफॉर्म पर डालते हुए लिखा "सकल सौभाग्यप्रद सर्वतोभद्र-निधि, सर्व, सर्वेश, सर्वाभिरामं।" "शर्व-हृदि-कंज-मकरंद-मधुकर रुचिर-रूप, भूपालमणि नौमि रामं॥"सूर्यकुलभूषण प्रभु श्री रामलला के भव्य भाल पर अंकित यह स्वर्णिम 'सूर्य तिलक' सनातन राष्ट्र के हृदय में आस्था का अमर दीप प्रज्वलित कर रहा है।

**आलौकिक**

▸▸ आयोजन को हर घर व राम भक्त तक पहुंचाने के लिए लाइव टेलिकास्ट की व्यवस्था की गई थी

### गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री मनाया श्रीराम जन्मोत्सव

टीम एक्शन इंडिया

**गोरखपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दोपहर में श्रीरामनवमी के महापर्व पर विधि विधान से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर मंदिर परिसर प्रभु श्रीराम के भजनों से गुंजायमान रहा। चैत्र (वासंतिक) नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित रामदरबार पहुंचे। यहां प्रतिष्ठित विग्रहों का पूजन किया और आरती उतारी। इसके बाद वह मंदिर परिसर के ओपन एयर थिएटर के मंच पहुंचे। यहां दोपहर के बारह बजते ही उन्होंने पालने में विराजमान प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप के विग्रह की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। प्रभु विग्रह को तिलक लगाने और माल्यार्पण करने के बाद आरती उतारी। पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के साथ सीएम योगी ने बाल स्वरूप भगवान को पालने में झुलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम से लोकमंगल की प्रार्थना की। रामोत्सव के कार्यक्रम में काशी से पधारे जगद्गुरु स्वामी संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा व अनेक भक्त उपस्थित रहे।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदापुरम के दादा कुटी में की प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना।

### रामनवमी पर मुख्यमंत्री धामी ने की कन्या पूजन

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राम नवमी और दुर्गा नवमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में सपरिवार पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने नौ दुगाओं की प्रतीक नौ कन्याओं का विधिवत पूजन भी किया।मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को राम नवमी की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश की खुशहाली और नागरिकों के सुख-समृद्धि की कामना की।मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्री राम ने स्वयं ब्रह्मस्वरुप होते हुए भी मानव रूप में हम सभी के कल्याण के लिए अवतार लिया तथा आदर्श व सद्चरित मनुष्य का जीवन कैसा होना चाहिए इस का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने जीवन में आई तमाम कठिनाईओं का सामना जिस आदर्शता के साथ किया वह मानव समाज के लिए सदैव प्रेरणा देने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें मयार्दा पुरूषोतम भगवान श्री राम के व्यक्तित्व को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिये।

### सेवा, सुशासन व जन कल्याण को समर्पित है भाजपा: सीएम



टीम एक्शन इंडिया

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थापना दिवस पर गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित हिंदू सेवाश्रम भवन की छत पर पार्टी का झंडा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने झंडे के सम्मुख पार्टी पदाधिकारियों के साथ सेल्फी ली और सभी को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भाजपा की स्थापना दिवस पर सभी कार्यकताओं को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया संदेश में कहा कि भाजपा ह्यराष्ट्र प्रथमह्न के भाव के साथ सेवा, सुशासन और जन कल्याण को समर्पित है। सांसद रविकिशन, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव, पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अच्युतानंद शाही, अजय श्रीवास्तव, ऋषि मोहन वर्मा, बृजेश सिंह छोटू समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**स्थापना दिवस**

▸▸ झंडे के सम्मुख पार्टी पदाधिकारियों के साथ सेल्फी ली और सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी

# हरियाणा विस को मिली विदेशी शिष्टमंडल के अध्ययन दौरे की जिम्मेदारी

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के खाते में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ने जा रही है। लोकसभा ने एक विदेशी शिष्टमंडल के अध्ययन दौरे की जिम्मेदारी हरियाणा विधानसभा सचिवालय को सौंपी है। यह अध्ययन दौरा 16 अप्रैल को चंडीगढ़ से शुरू होगा, जबकि इसका समापन 21 अप्रैल को गुरुग्राम में होगा। जानकारी के अनुसार इस शिष्टमंडल में 14 देशों के संसदीय व न्यायिक प्रणाली से जुड़े 28 उच्च अधिकारी शामिल होंगे। जिन देशों के अधिकारी इस दौरे पर आएंगे, उनमें कोट, डी-आइवर, इक्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरस, मालदीव, मंगोलिया, म्यांमार, नाइजर, नाइजीरिया, श्रीलंका, तंजानिया, जाम्बिया, जिम्बाब्वे शामिल हैं। यह शिष्टमंडल 16 अप्रैल को नई दिल्ली से सड़कमार्ग से लोकसभा सचिवालय के उच्च अधिकारियों के साथ चंडीगढ़ पहुंचेगा। हरियाणा विधानसभा सचिवालय की ओर से इनके ठहरने का प्रबंध चंडीगढ़ यूटी गेस्ट हाउस और पंचकूला स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में किया है। दौरे की शुरूआत 16 अप्रैल को विधानसभा सचिवालय की सभी शाखाओं के अधिकारियों के साथ मीटिंग से होगी।

**जिम्मेदारी**

▸▸ लोकसभा ने एक विदेशी शिष्टमंडल के अध्ययन दौरे की जिम्मेदारी विधानसभा सचिवालय को सौंपी

# हरित चारधाम यात्रा की तैयारी

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून। मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने इस वर्ष हरित चारधाम यात्रा थीम पर विशेष अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोकना और यात्रियों को शुद्ध व संतुलित भोजन उपलब्ध कराना है। यात्रा मार्ग के होटलों और खाद्य कारोबारियों को इस दिशा में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस बार हम हरित चारधाम यात्रा का संकल्प लेकर



तैयारी कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि ना सिर्फ तीर्थ यात्रियों को शुद्ध भोजन और स्वच्छ वातावरण मिले, बल्कि यात्रा के चलते हमारे पवित्र तीर्थस्थलों पर सिंगल यूज प्लास्टिक की समस्या भी पैदा न हो, हम सिंगल यूज प्लास्टिक का रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल के सिद्धांत पर काम कर रहे हैं। ना सिर्फ स्वच्छ और शुद्ध भोजन मिलेगा, बल्कि होटल कारोबारी प्रधानमंत्री मोदी की अपील के अनुसार भोजन में तेल, नमक और चीनी का प्रयोग भी कम करने का प्रयास करेंगे।

**अभियान**

▸▸ धामी के निर्देश पर औषधि प्रशासन विभाग ने इस वर्ष हरित चारधाम यात्रा थीम पर विशेष अभियान शुरू किया

### उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन कार्य पूरा

टीम एक्शन इंडिया

**देहरादून:** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर द्वारा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया गया है। परिषद अप्रैल माह के अंत तक परीक्षा परिणाम घोषित करने की तैयारी में है। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के सचिव विनोद सेमल्टी ने बताया कि हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच 21 मार्च से शुरू हुई थी। उत्तर पुस्तिकाओं की जांच का कार्य 4 अप्रैल को पूरा हो चुका है।

**भक्ति** मंदिरों में विशेष सजावट की गई और शोभायात्राओं के साथ पूरा प्रदेश राममय हो गया

# रामनवमी पर राजस्थान में भक्ति और उल्लास का माहौल

टीम एक्शन इंडिया

**जयपुर। राम**नवमी के पावन अवसर पर रविवार को पूरे राजस्थान में भक्ति, उल्लास और संस्कृति की अद्भुत झलक देखने को मिल रही है। जयपुर से लेकर डूंगरपुर तक और जोधपुर से उदयपुर तक, हर जिले में भगवान राम के जन्मोत्सव को भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। मंदिरों में विशेष सजावट की गई और शोभायात्राओं के साथ पूरा प्रदेश राममय हो गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चैत्र नवरात्रि के नवें दिन मुख्यमंत्री निवास स्थित राजराजेश्वरी मंदिर में मां सिद्धिदात्री की पूजा कर कन्या



पूजन किया और कन्याओं को भोजन कराया। राजधानी जयपुर में रामनवमी पर पारंपरिक शोभायात्रा सूरजपोल अनाज मंडी से शुरू होकर चांदपोल बाजार स्थित प्राचीन श्रीरामचंद्रजी मंदिर तक निकाली गई। शोभायात्रा में रंग-बिरंगी झांकियां, भजन-कीर्तन और बैंड-बाजों की धुन पर झूमते श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह ठाकुरजी महाराज का पंचामृत अभिषेक हुआ, दोपहर में राजभोग आरती के बाद शाम को 101 तोपों की सलामी के साथ महाआरती आयोजित हुई, जिसमें राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाग लिया। रामनवमी के मौके पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जयपुर कमिश्नरेट में 13 एडिशनल डीसीपी और 1,000 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। नॉर्थ जिले में मुख्य शोभायात्रा के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए, जिसमें 11 एडिशनल डीसीपी, 5 एसीपी, 16 इंस्पेक्टर सहित सैकड़ों जवानों की तैनाती रही।

www.actionindialive.com

जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें




H.O: Action Balaji House, Majlis Park,
Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033

B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road,
Samaypur Industrial Area, Delhi -110042

9999889104, 8447314925